सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 19 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 312, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 278 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले छह दिन से जारी तेजी पर विराम लगा और सेंसेक्स 277.93 अंक की गिरावट के साथ 84,673.02 अंक पर बंद हुआ। } 14

जल को पवित्र, सीमित राष्ट्रीय संसाधन समझें : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करते हुए निजी व्यक्तियों और सार्वजनिक निकायों से जल को एक पवित्र और सीमित राष्ट्रीय संसाधन मानने का आग्रह किया। } 16

अमेरिका से लाया जा रहा लॉरेंस का भाई अनमोल

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस ने प्रत्यर्पण की लगायी थी अर्जी

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मुख्य आरोपी गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बिश्नोई को बुधवार को दिल्ली लाए जाने की संभावना है। बिश्नोई अप्रैल 2024 में अभिनेता सलमान खान के आवास पर गोलीबारी से संबंधित मामले में वांछित आरोपी है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बिश्नोई के प्रत्यर्पण के बारे में दो प्रस्ताव भेजे थे। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर के खिलाफ देशभर में कई मामले दर्ज हैं और केंद्र सरकार यह तय करेगी कि उसे पहले किस एजेंसी की हिरासत में दिया जाए। इस महीने की शुरुआत में जांच एजेंसियों को सूचना मिली थी कि बिश्नोई को कनाडा में हिरासत में लिया गया है। पता चला था कि वह अक्सर अमेरिका से कनाडा आता जाता रहता था। अधिकारी ने बताया कि उसके पास कथित तौर पर एक रूसी पासपोर्ट था, जो उसने जाली दस्तावेज़ों के आधार पर हासिल किया था। राकांपा नेता और बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने बताया कि उन्हें एक ईमेल मिला है जिसमें बताया गया है कि अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से निकाल दिया गया है। पूर्व विधायक ने कहा इसका मतलब है कि वह अमेरिका में नहीं है और उसे भारत लाकर उसके अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 की रात उनके बेटे जीशान के बांद्रा स्थित कार्यालय के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अनमोल के बड़े भाई लॉरेंस बिश्नोई (जो जेल में है) के गिरोह से जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

ईडी ने अल फलाह यूनिवर्सिटी व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर मारे छापे

एनआईए और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गयी प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन कानून के तहत की गयी कार्रवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लाल किला विस्फोट मामले के संबंध में अपनी जांच के तहत मंगलवार को फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय और उसके प्रवर्तकों तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ छापेमारी शुरू की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के दल सुबह से ही दिल्ली-राष्ट्रीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

हमलावर उमर नबी के फोन में मिले आत्मघाती हमले के चौंकाने वाले वीडियो

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लाल किले पर आत्मघाती हमला करने वाले डॉ. उमर-उन-नबी का मोबाइल फोन बरामद किया है, और उससे प्राप्त आंकड़ों से यह चौंकाने वाला सबूत मिला है कि उसने आत्मघाती हमले को शहादत अभियान बताते हुए एक वीडियो तैयार ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

रेबीज़ से पीड़ित गाय का दूध पीने के बाद 160 को लगा टीका

गोरखपुर (उप्र)। गोरखपुर के एक गांव में रेबीज़ से पीड़ित एक गाय के कच्चे दूध से बने पंचामृत के सेवन के बाद प्रशासन ने एहतियाती तौर पर टीकाकरण शुरू किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, ग्राम के 150 से ज्यादा लोगों ने पंचामृत का सेवन किया था और गाय की मौत के बाद गांव में रेबीज़ का खौफ फैल गया। यह मामला जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर उरुवा ब्लॉक के रामडीह गांव का है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) उरुवा के प्रभारी डॉ. जे पी तिवारी ने कहा कि अब तक लगभग 160 ग्रामीणों को रेबीज़ रोधी टीके की दो खुराकें दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा ऐसा कोई स्थापित शोध नहीं है जो दर्शाता हो कि संक्रमित गाय के दूध से मनुष्यों में रेबीज़ फैल सकता है। हालांकि, एहतियात के तौर पर, हमने टीकाकरण की सलाह दी है। इस गाय के दूध का इस्तेमाल राजीव गौड़ और सोनू विश्वकर्मा द्वारा आयोजित एक धार्मिक समारोह में किया गया था।

आगरा एक्सप्रेसवे पर पलटी बस, तीन की मौत

कानपुर। कानपुर जिले के बिल्हौर इलाके में मंगलवार भोर में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दिल्ली से बिहार जा रही एक डबल डेकर बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से सात साल के एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा 15 अन्य घायल हो गये। सहायक पुलिस आयुक्त (बिल्हौर) मंजय सिंह ने बताया कि भोर में करीब तीन बजे बिल्हौर तहसील के अरौल के पास आगरा-लखनऊएक्सप्रेसवे पर दिल्ली से बिहार के सीवान जा रही एक डबल डेकर बस पलट गयी। इस घटना में बस में सवार अनुराग (सात), शशि गिरि और नसीम नामक लोगों की मौत हो गयी। इस घटना में बस में सवार 15 अन्य लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यूपी में अपराध के लिए कोई जगह नहीं : योगी

साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स के माध्यम से हो रही जांच के चलते अपराधियों का बचना मुश्किल

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद के नये उत्तर प्रदेश में अपराध की कोई जगह नहीं है और अगर कोई अपराध करने की जुर्रत करता है तो उसे हर हाल में उसकी कीमत चुकानी होगी। योगी ने कहा कि वह दौर समाप्त हो चुका है जब पीड़ित भटकता था और अपराधी मौज-मस्ती करते थे।

उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार ने अपराध के खिलाफ नरमी नहीं बरतने की नीति के तहत साक्ष्य संकलन और फॉरेंसिक साइंस लैब्स के माध्यम से ऐसी व्यवस्था लागू की है, जिससे कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गोरखपुर में उच्चीकृत क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल) के नए भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, छह मंजिला हाईटेक भवन के निर्माण पर 72.78 करोड़ रुपये की लागत आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में केवल चार विधि विज्ञान प्रयोगशाला थीं जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है और छह लैब निर्माणाधीन हैं। जल्द ही प्रत्येक कमिश्नरेट में आधुनिक फॉरेंसिक लैब उपलब्ध होंगी। हर जिले में फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन के लिए दो-दो मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे कुछ ही घंटों में पुख्ता साक्ष्य इकट्ठा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के लागू होने के बाद फॉरेंसिक जांच की अहमियत और बढ़ गई है। सात वर्ष से अधिक सजा वाले अपराधों में अब फॉरेंसिक जांच अनिवार्य है। विधि विज्ञान प्रयोगशालाएं युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में स्थापित यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में लैब टेक्नीशियन, साक्ष्य मिलान और विशेषज्ञता के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं तथा यहां एआई, ड्रोन, रोबोटिक्स और एडवांस डीएनए डायग्नोस्टिक्स जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रदेश में 13 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे अपराधियों की तेजी से पहचान संभव हो रही है। पारदर्शी, जवाबदेह और सुरक्षित समाज की दिशा में प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कानून के शासन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इसे लागू करने प्रयासों के तहत आठ साल में प्रदेश में 2.19 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई, जिसमें 60,244 कार्मिकों की भर्ती हाल ही में संपन्न हुई है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीएम योगी ने अयोध्या में ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

जिला संवाददाता

अयोध्या। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरूआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन से की, जहां उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। हनुमानगढ़ी में प्रभु हनुमान के समक्ष शीश नवाने तथा पूजन-दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे श्रीरामलला विराजमान के दरबार पहुंचे। यहां आरती के बाद उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश झुकाया और परिक्रमा करते हुए मंदिर निर्माण की प्रगति का बारीकी से निरीक्षण किया। दर्शन-पूजन के उपरांत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

केन्द्र, सीबीआई, ईडी व अनिल अंबानी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



नयी दिल्ली। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, उच्चतम न्यायालय ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इसके समूह की कंपनियों की संलिप्तता वाली कथित व्यापक बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को केंद्र, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), अनिल अंबानी और अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले और पूर्व केंद्रीय सचिव ई एएस शर्मा की ओर से पेश हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

आंध्र में शीर्ष कमांडर समेत छह नक्सली ढेर

कई हमलों में वांछित हिड़मा की मौत को पुलिस ने उग्रवाद के ताबूत में बताया आखिरी कील

एजेंसी

मेरेदुमिल्ली (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली कमांडर माडवी हिडमा और उसकी पत्नी समेत छह माओवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कई हमलों के कथित सूत्रधार हिडमा की मौत को छत्तीसगढ़ पुलिस ने उग्रवाद के ताबूत में आखिरी कील करार दिया। अल्लूरी सीतारामराजू जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित बरदार ने बताया कि मुठभेड़ सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच मेरेदुमिल्ली मंडल के जंगली इलाके में हुई। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया आज सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच मेरेदुमिल्ली मंडल इलाके में माओवादियों और पुलिस दल के बीच गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के दौरान छह माओवादी मारे गए। इस गोलीबारी में दो महिलाएं और चार पुरुष मारे गए। विश्वसनीय सूत्रों और जांच के आधार पर पुलिस ने पुष्टि की कि हिडमा, उसकी पत्नी मदकम राजे, देवे, लकमल (चैतू), मल्ला (मल्लालु) और कमलू (कमलेश) मारे गए। पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में मिली खुफिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

संभल में मंदिर पदयात्रा पर जल्द होगा फैसला

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में जिला प्रशासन विवादित हरिहर मंदिर-शाही जामा मस्जिद स्थल की परिधि में बुधवार को होने वाली पदयात्रा के संबंध में फैसला लेगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हालांकि इस घोषणा पर मस्जिद समिति ने आपत्ति जताई है। केला देवी मंदिर के महंत और अंतरराष्ट्रीय हरिहर सेना के संस्थापक ऋषि राज गिरि ने 19 नवंबर को एक दिवसीय हरिहर मंदिर पदयात्रा की घोषणा की और इस दौरान श्रद्धालु विवादित परिसर के चारों ओर 2.5 किलोमीटर की परिक्रमा करेंगे। ऋषि राज गिरि मौजूदा अदालती मामले में भी याचिकाकर्ता हैं, जिसमें दावा किया गया कि यह ढांचा हरिहर मंदिर है। गिरि ने पत्रकारों से कहा कि यह यात्रा पूर्वाह्न 10 बजे शुरू होगी और सागरपुर, सकरपुर, ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तराखण्ड में जल्द शुरू होगा स्वच्छता अभियान : धामी

मुख्यमंत्री का आईएसबीटी देहरादून में औचक निरीक्षण, गंदगी देखकर खुद उठायी झाड़ू

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार की दोपहर को अचानक सचिवालय से सीधे आईएसबीटी देहरादून पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के अचानक पहुंचने से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। उन्होंने परिसर में स्वच्छता, यात्रियों की सुविधा, संचालन व्यवस्था और परिवहन प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कई स्थानों पर फैली गंदगी को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई भी की और अधिकारियों को संदेश दिया कि स्वच्छता अभियान केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग और एमडीडीए के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आईएसबीटी परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, हर स्थान पर स्वच्छता संबंधी सूचना-पट लगाए जाएं, यात्रियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 26.06 डिसे.
न्यूनतम : 12.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- सहकारिता विभाग के चार अधिकारी निलंबित (पृष्ठ-02)
- बिहार में विधायक दल का नेता चुनेंगे केशव प्रसाद (पृष्ठ-02)
- रुपया तीन पैसे बढ़कर 88.61 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़ी (पृष्ठ-14)
- आर्थिक वृद्धि 7.5% से अधिक रहने का अनुमान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

टोरंटो विश्वविद्यालय दूसरे व ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन को मिला तीसरा स्थान

सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में शीर्ष पर आईआईटी दिल्ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग मंगलवार को जारी की गई जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली को भारत का सर्वश्रेष्ठ संस्थान माना गया है और इसके बाद आईआईटी बंबई और आईआईटी खड़गपुर को जगह दी गई है। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी ने 2023 में रैंकिंग की शुरुआत होने के बाद पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया है।

टोरंटो विश्वविद्यालय को 2024 और 2025 की विश्व रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ चुना गया था जो इस साल दूसरे स्थान पर फिसल गया है। तीसरा स्थान ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन को मिला जो पिछले साल पांचवे स्थान पर था। इस वर्ष 26 नई प्रविष्टियों के साथ, भारत उन चार उच्च शिक्षा प्रणालियों में से एक है, जिनके 100 से अधिक विश्वविद्यालय इस रैंकिंग में शामिल हैं। लंदन में कार्यरत क्यूएस ने एक बयान में कहा भारत के 103 विश्वविद्यालयों में से 32 ने इस साल अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, 15 ने पिछले साल वाली ही रैंकिंग बरकरार रखी है और 30 की रैंकिंग में गिरावट आई है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली एक बार फिर भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला संस्थान है, जो इस साल 205वें स्थान पर है। हालांकि, संस्थान का समग्र स्कोर पिछले संस्करण की तुलना में अधिक है। इसमें कहा गया, इस वर्ष रैंकिंग में शामिल 15 आईआईटी में से छह ने 2025 की तुलना में 2026 में अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।

आईआईटी दिल्ली उन छह आईआईटी में से एक है, जिसने तीन साल पहले प्रारंभिक रैंकिंग के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है। बयान के मुताबिक इस रैंकिंग के 2026 संस्करण में कई भारतीय विश्वविद्यालयों ने अपना सर्वोच्च स्कोर हासिल किया और नौ ने शीर्ष 700 स्थानों में जगह बनाई है। इनमें वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आईआईटी रुड़की, शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब विश्वविद्यालय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, राउकेला स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), आईआईटी-बीएचयू और यूपीईएस शामिल हैं। क्यूएस की सीईओ जेसिका टर्नर ने कहा, कुल मिलाकर, भारतीय विश्वविद्यालय ज्ञान के आदान-प्रदान और पर्यावरणीय स्थिरता के मामले में उत्कृष्ट हैं।

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करें सभी देश : जयशंकर

एजेंसी

मॉस्को। भारत ने मंगलवार को कहा कि विश्व को आतंकवाद के सभी प्रकारों एवं स्वरूपों के प्रति शून्य सहनशीलता प्रदर्शित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता तथा इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता एवं इस पर लीपापोती नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, जैसा कि भारत ने प्रदर्शित किया है, हमें आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार है और हम इसका प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए, एक विस्तारित एजेंडा विकसित करना चाहिए और अपनी कार्य पद्धति में सुधार करना चाहिए।

विदेशमंत्री ने कहा हम इन उद्देश्यों की प्राप्ति में सकारात्मक एवं पूर्ण योगदान देंगे। एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा की गई थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने। जुलाई 2023 में, भारत द्वारा आयोजित ऑनलाइन ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीएम योगी ने भरा एसआईआर प्रक्रिया का फॉर्म

मतदाता सूची अद्यतन अभियान बना जागरूकता और सहभागिता का माध्यम

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागरिक जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक चेतना का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में मतदाता सूची के एसआईआर यानी

- जागरूक और जिम्मेदार नागरिक होने की दी प्रेरणा
- एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होकर 7 फरवरी तक चलेगा

विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया का फॉर्म भरकर इसे पूर्ण किया। मुख्यमंत्री गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र के झूलेलाल मंदिर के पास स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र के बूथ संख्या 223 में पंजीकृत मतदाता हैं।

बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से, एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू होकर 7 फरवरी तक चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश सहित देश के 12 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश इस प्रक्रिया में शामिल हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गोरखपुर में बीएलओ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे और मुख्यमंत्री को एसआईआर फॉर्म उपलब्ध कराया, जिसे मुख्यमंत्री ने भरकर उन्हें सौंप दिया।

एसआईआर मतदाता सूची को शुद्ध और सटीक बनाने और साथ ही संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मतदाता अधिकारों के सही से इस्तेमाल के लिए कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं इस प्रक्रिया में शामिल होना यह संदेश देता है कि मतदाता सूची को सही और अद्यतन रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। ऐसी पहल मतदाता जागरूकता को मजबूती देती है और लोकतंत्र को और अधिक सहभागी बनाती है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह, भाजपा महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, नगर निगम बोर्ड के उपसभापति एवं पार्षद पवन त्रिपाठी तथा जीडीए बोर्ड सदस्य दुर्गेश बजाज उपस्थित रहे।

6 वें राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में यूपी ने मारी बाजी

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध डबल इंजन सरकार की नीतियां पूरे देश में विशिष्ट पहचान बना रही है। प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल क्रियान्वयन में जल संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है, जिसे अब राष्ट्रीय पटल पर भी मान्यता मिल गई है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को को छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार (2024) समारोह में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों का सम्मान किया। उत्तरी क्षेत्र में पहला स्थान मीरजापुर, दूसरा वाराणसी तो तीसरा स्थान जालौन को मिला इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले ने उत्तरी क्षेत्र में 'सर्वश्रेष्ठ जिला' के रूप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि के लिए जिले को 2 करोड़ का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। वहीं, जल संचय जन भागीदारी केटेगरी में देश के टॉप-10 नगर निगम में गोरखपुर को तीसरा पुरस्कार मिला है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों को मिला यह राष्ट्रीय

- जल संक्षरण और जल संचय के लिए मुख्यमंत्री की नीति रंग लायी उत्तरी क्षेत्र में पहला दूसरा और तीसरा तीनो स्थान उत्तर प्रदेश को मिला
- पहला स्थान मीरजापुर, दूसरा वाराणसी तो जालौन को तीसरा स्थान मिला
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया पुरस्कार
- जल संचय जन भागीदारी केटेगरी में गोरखपुर नगर निगम को मिला तीसरा पुरस्कार

सम्मान यह स्पष्ट करता है कि योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियां और स्थानीय प्रशासन की कुशल पहलें जल संरक्षण व सतत विकास के क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन ला रही हैं।

वाराणसी जिले में जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रमुख पहलें विशेष रूप से सराहनीय रही हैं। जनपद में 25,000 से अधिक जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया, जिससे भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसके साथ ही नदी कायाकल्प परियोजनाओं और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में जन जागरूकता बढ़ाई गई। इन पहलों ने जिले को उत्तर भारत में जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया।

यह पुरस्कार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सशक्त और प्रभावी जल नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिन्होंने जिले में जल संरक्षण और जल उपयोग की श्रेष्ठ प्रथाओं को बढ़ावा दिया। इसी श्रेणी में मीरजापुर को प्रथम स्थान और जालौन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। यह सम्मान न केवल जल संरक्षण की दिशा में प्रदेश के विभिन्न जिलों की प्रतिबद्धता को मान्यता देता है, बल्कि प्रदेश समेत देश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा का माध्यम बन रहा।

बिहार में विधायक दल का नेता चुनेंगे केशव प्रसाद मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार सबसे बड़ा दल बनी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के 89 विधायक बुधवार को पार्टी के विधायक दल का नेता चुनेंगे। केंद्रीय नेतृत्व इस चुनाव के लिए तीन नेताओं की पर्यवेक्षक टीम बनाकर उन्हें पटना भेज रही है, जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश के मौजूदा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। पार्टी ने केशव प्रसाद मौर्य को पर्यवेक्षक बनाया है, जबकि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक की जवाबदेही मिली है।

- केंद्रीय नेतृत्व इस चुनाव के लिए तीन नेताओं की पर्यवेक्षक टीम बनाकर भेजा

ऑब्जर्वर टीम में एक-एक ओबीसी, ईबीसी और दलित नेता को भेजना अगर एक रणनीति है तो विधायक दल के नेता के चुनाव में इसका असर दिख सकता है। केशव प्रसाद मौर्य यूपी में मौर्य जाति (बिहार में कोइरी) के ओबीसी हैं और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्हें यूपी में बीजेपी का सबसे बड़ा पिछड़ा चेहरा माना जाता है। साध्वी निरंजन ज्योति यूपी में निषाद जाति की ओबीसी हैं, लेकिन निषाद बिहार में ईबीसी हैं। केंद्रीय मंत्री रहीं निरंजन ज्योति 2024 का चुनाव सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से हार गई थीं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल राजस्थान की दलित रिजर्व बीकानेर सीट से सांसद हैं। यूपी में 2027 में चुनाव है और वहां सपा के तीन कोइरी सांसद जीत गए हैं। केशव और निरंजन को यूपी चुनाव से पहले बिहार में पर्यवेक्षक बनाकर भेजना, उत्तर प्रदेश के ओबीसी वोटर्स के लिए भी एक संदेश है। बिहार की राजनीति में देखें तो कोइरी जाति के सारे बड़े नेता एनडीए के ही साथ हैं। चाहे सम्राट चौधरी हों या उपेंद्र कुशवाहा। निषाद जाति के भी एनडीए में कई नेता हैं, लेकिन मुकेश सहनी ने महागठबंधन का मोर्चा थाम रखा है। सहनी एनडीए में रहते 2022 में यूपी की कई सीटों पर चुनाव लड़ गए थे, जिसके बाद उनको हटाया गया था। बिहार में निषाद अति पिछड़े में गिने जाते हैं, जिसे सीएम नीतीश कुमार का कोर वोटर माना जाता है। बिहार में दलितों के बड़े नेता चिराग पासवान और जीतनराम मांझी एनडीए के साथ हैं।

9 मार्गों के चालू कार्यों के लिए धनराशि अवमुक्त

लखनऊ। उप्र सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत आगरा मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 09 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 01 करोड़ 78 लाख 60 हजार की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कार्यों की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

टाइम इज लाइफ के सिद्धान्त को सच साबित कर रही योगी सरकार

जीपीएस ट्रैकिंग और संचार उपकरणों से लैस एम्बुलेंस सेवा से 4 गुना कम हुआ रिसपांस टाइम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस दिशा में सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 108 इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा व 102 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एम्बुलेंस सेवाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि कर, स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ बुंदेलखंड और पूर्वांचल के दूरदराज व पिछड़े इलाकों तक भी सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही एम्बुलेंस सेवा में एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंसों को जोड़ कर स्वास्थ्य सेवा की दक्षता और गुणवत्ता में भी जरूरी सुधार किया गया है।

साथ ही प्रदेश की एम्बुलेंस सेवा को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से जोड़ कर रिसपांस टाइम में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, जिसका परिणाम है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में अब तक 13.26 करोड़ से अधिक मरीजों को 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा से तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाचुकी है। जिसकी सरहाना वर्ल्ड बैंक ने भी अपनी 2018-19 की रिपोर्ट में की है।

सीएम योगी का वर्ष 2017 में अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही विशेष ध्यान राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को ऊच्चीकृत व मानकीकृत करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की जन-जन तक पहुंच को त्वरित और प्रभावी बनाने पर रहा है। जिसके तहत उन्होंने 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा का विस्तार न केवल शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी किया। साथ ही उन्होंने बुंदेलखंड व पूवार्चल के दूरदराज व पिछड़े क्षेत्रों में जहां पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं मौजूद नहीं थी, पर भी विशेष ध्यान दिया। इसके लिए उनके कार्यकाल में अबतक लगभग 2249 नई एम्बुलेंसों का संचालन किया गया है। इसके साथ ही गंभीर रोगीयों के लिए लगभग 250 एएलएस एम्बुलेंस भी संचालित की जा रही हैं। ये एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंसें वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर और अन्य आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस हैं, जो ऑन स्पॉट जीवन रक्षा का कार्य करती हैं।

'टाइम इज लाइफ' के सिद्धांत को सच साबित करने के उद्देश्य से सीएम

- योगी सरकार में 2249 नई एम्बुलेंस के साथ प्रदेश की एम्बुलेंस सेवा हुई और सशक्त
- गंभीर रोगीयों के लिए 250 से अधिक एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस का किया जा रहा है संचालन
- यूपी में 7.14 लाख से अधिक गंभीर रोगीयों को मिली एएलएस एम्बुलेंस सुविधा

योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सभी एम्बुलेंस सेवाओं को जीपीएस ट्रैकिंग व संचार उपकरणों से लैस किया है। जिससे न केवल एम्बुलेंस सेवा को त्वरित और प्रभावी बनाया गया है बल्कि गंभीर रोगीयों और विशेष कर प्रसव के दौरान गंभीर स्थितियों में विशेषज्ञ चिकित्सकों से ऑनलाइन संपर्क कर ऑन स्पॉट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इसका लाभ प्रदेश में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही कॉल सेंटर ऑपरेटर अब जीआईएस मैपिंग के जरिए सबसे निकटतम एम्बुलेंस को रूट ऑप्टिमाइजेशन के साथ भेजा जाता हैं, जिससे ट्रैफिक जाम या खराब सड़कों की बाधाएं कम हो जाती हैं और रिसपांस टाइम में विशेष रूप से कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2014-15 में जहां 108 एम्बुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम 28.12 मिनट था वो वर्तमान में लगभग चार गुना कमी के साथ 7.25 मिनट रह गया है। वहीं 102 एम्बुलेंस सेवा का भी रिस्पांस टाइम 19.10 मिनट से घटकर केवल 6.58 मिनट रह गया है।

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की एम्बुलेंस सेवा से सफल संचालन ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। वर्ष 2017 से अब तक 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं ने संयुक्त रूप से 13.26 करोड़ से अधिक मरीजों को सहायता प्रदान की है। इसमें 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से लगभग 3.57 करोड़ लोगों को आपात स्थिति में स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हुई है। दिया, जबकि 102 एम्बुलेंस सेवा ने लगभग 9.62 करोड़ गर्भवती महिलाओं सुरक्षित प्रसव की सुविधा उपलब्ध करवायी है। वहीं दूसरी ओर एएलएस एम्बुलेंसों ने अब तक 7.14 लाख से अधिक गंभीर मरीजों को उच्च स्तरीय देखभाल उपलब्ध कराई, जहां सेकंड्स की देरी घातक भी साबित हो सकती थी। भविष्य में ड्रोन एम्बुलेंस और एआई एकीकरण जैसे नवाचारों से प्रदेश की एम्बुलेंस सेवा और भी सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। योगी सरकार का यह प्रयास उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रदेश में एम्बुलेंस सेवा के विस्तार से न केवल मृत्यु दर घटी है, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है।

भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाओं को किया बर्बाद : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही चरम पर है। यूपी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, जनता लाचार हैं। औरैया में 420 बेड के मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का भी स्टॉफ नहीं। अमेठी में प्रतिबंध के बावजूद डॉक्टर मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहे हैं।

पीलीभीत जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच के लिए एक महीने तक करना पड़ रहा इंतजार। भाजपा सरकार ने बजट की लूट और भ्रष्टाचार चरम पर लेकिन सरकार किराए पर चल रहे तमाम स्वास्थ्य केन्द्रों का महीनों से किराया नहीं दे पा रही है। बजट के पैसे का बंदर बांट हो रहा है। सामानों के खरीद में कमीशन खोरी हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के बजट का बुरा हाल है। राजधानी लखनऊ के बड़े अस्पतालों में भी गंभीर मरीजों को बेड और वेन्टीलेटर के लिए भटकना पड़ता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार झूठे दावे करती है। उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में हजारों की संख्या में डॉक्टर, नर्स और अन्य तकनीकी

स्टाफ के पद खाली हैं। 9 साल से प्रदेश में भाजपा सरकार है लेकिन वह डॉक्टरों की कमी पूरी नहीं कर पाई। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में संसाधनों का अभाव है। मरीज और उनके तीमारदार अस्पतालों में भटकते रहते हैं, उन्हें जांचों के लिए सप्ताह और महीने का इंतजार करना पड़ता है। भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेज को पर्याप्त बजट नहीं देती है।

इस सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ एंबुलेंस व्यवस्था को भी चौपट कर दिया। अब उत्तर प्रदेश में मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस भी नहीं मिलती है। मुडेरवा में एंबुलेंस का इंतजार करते करते एक मासूम ने अंततः दम तोड़ दिया। भाजपा सरकार भी अपना दम इस जनता के बीच में तोड़ चुकी है, बस बेईमानी करके चुनाव जबरन जीत रही है और सत्ता हथियाई जा रही हैं।

लेकिन भाजपा सरकार में भाजपा के भ्रष्टाचार और कुशासन के परिणामस्वरूप हुई मौतों का कोई हिसाब नहीं है क्योंकि भाजपा जानती है कि जनता मरे या जिए प्रशासन की मदद से बेईमानी करके चुनाव जीत या हथिया लेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि पूरी सरकार भ्रष्टाचार में संलिप्त है। इसीलिए जनता के हित में कोई काम नहीं हो रहा है। आम जनता परेशान और बेहाल है।

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के पृथक से गठन की अधिसूचना जारी

लखनऊ। खाद्य प्रसंस्करण कार्यों के सम्पूर्ण क्षमता के साथ योगदान हेतु उद्यान निदेशालय से पृथक खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन किये जाने की अधिसूचना उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी कर दी गयी है। इस सम्बन्ध मे आवश्यक पत्र अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग श्री बी एल मीणा द्वारा जारी कर दिया गया है और समस्त सम्बन्धित को अधिसूचना का पत्र भेज दिया गया है। जारी अधिसूचना मे कहा गया है कि इस सम्बन्ध मे पृथक से विस्तृत शासनादेश भी जारी किया जायेगा। खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन की 14 नवम्बर को हुयी मंत्री परिषद की बैठक मे सहमति मिल चुकी है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर पृथक खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय के गठन किये जाने की मंत्री परिषद की सहमति मिली है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियो को इस सम्बन्ध मे नियमानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

भाजपा की यूनिटी मार्च पदयात्राओं से जुड़ रहा जनमानस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरदार पटेल 150वीं जयंती समारोह अभियान के तहत भाजपा की युनिटी मार्च पदयात्राएं सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ जनमानस से जुड़ रही है। हाथों में राष्ट्र ध्वज, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तथा मां भारती के जयगान के साथ पदयात्राओं से जन-जन अपने मन को जोड़ रहा है। राष्ट्र की एकता और अखंडता का संकल्प, राष्ट्र प्रथम की प्रतिज्ञा और राष्ट्र की जय के उद्घोष के साथ भाजपा की विधानसभा स्तर पर यूनिटी मार्च पदयात्राएं निकल रही है।

10 नवम्बर से प्रारम्भ हुई पदयात्राएं सभी विधानसभाओं में 20 नवम्बर तक गांव, गली, शहर में पहुंचेगी। युनिटी मार्च पदयात्राओं में मंगलवार 18 नवम्बर को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कौशाम्बी जिले की सिराथू विधानसभा, ब्रजेश पाठक लखनऊ कैंट विधानसभा तथा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह गाजियाबाद जिले की लोनी विधानसभा में सम्मिलित हुए।

प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने बताया कि बुधवार 19 नवम्बर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी वाराणसी जिले की शिवपुर विधानसभा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बरेली शहर विधानसभा व शाहजहांपुर जिले की जलालाबाद विधानसभा, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आगरा दक्षिण विधानसभा व लखनऊ मध्य विधानसभा, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा, बीएल वर्मा बुलंदशहर की अनूप शहर विधानसभा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही बहराइच जिले की कैसरगंज विधानसभा व कुशीनगर जिले की तमकुहीराज विधानसभा, स्वतंत्र देव सिंह वाराणसी जिले की पिण्डरा विधानसभा तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय वाराणसी दक्षिणी विधानसभा में आयोजित यूनिटी मार्च पदयात्राओं में सम्मिलित रहेंगे। संजय राय ने बताया कि प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर सिंह कुशीनगर जिले की फाजिलनगर विधानसभा, धर्मवीर प्रजापति संभल जिले की असमौली विधानसभा, रामकेश निषाद हमीरपुर विधानसभा, रवीन्द्र जायसवाल वाराणसी उत्तरी विधानसभा, विजय लक्ष्मी गौतम बस्ती जिले की रूधौली विधानसभा, अनिल राजभर सिद्धार्थनगर जिले की कपिलवस्तु विधानसभा, जसवंत सैनी मेरठ जिले की सरधना विधानसभा में आयोजित यूनिटी मार्च पदयात्राओं में सम्मिलित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी हमीरपुर विधानसभा, धर्मेन्द्र सिंह गोरखपुर की खजनी विधानसभा, मानवेन्द्र सिंह कानपुर देहात की सिकन्दरा विधानसभा, संतोष सिंह मैनपुरी जिले की भोगांव विधानसभा, प्रदेश महामंत्री प्रिंयका रावत रायबरेली सदर विधानसभा, राम प्रताप सिंह चौहान आगरा जिले की बाह विधानसभा, प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी चंदौली की मुगलसराय विधानसभा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय देवरिया जिले की भाटपाररानी विधानसभा में आयोजित यूनिटी मार्च पदयात्राओं में सम्मिलित रहेंगे।

सहकारिता विभाग के चार अधिकारी निलंबित

लखनऊ। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर द्वारा दिये गये निर्देश के परिप्रेक्ष्य मे विभिन्न जनपदों के कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों की जांच किये जाने के उपरांत सहकारिता विभाग एवं उप्र कोऑपरेटिव फेडरेशन लि. जनपद महोबा व जनपद देवरिया के अधिकारियों विनय कुमार तिवारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जनपद महोबा रज्जन लाल, जिला प्रबंधक, उप्र कोऑपरेटिव फेडरेशन लि. जनपद महोबा, रमेश त्रिपाठी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जनपद देवरिया, एवं वीरेन्द्र यादव, जिला प्रबंधक उप्र कोऑपरेटिव फेडरेशन लि. जनपद देवरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गई है।

- कार्यों में अनियमितता व लापरवाही बरतने के कारण किया गया निलम्बित

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि उपर्युक्त अधिकारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही से यह स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार जनता एवं कृषकों के हितों के प्रतिकूल कार्य करने वाले अधिकारियो के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करेगी तथा जीरो टॉलरेन्स की नीति का अनुपालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त कृषकों को उचित मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से सुगमतापूर्वक उर्वरक उपलब्ध कराये जाने की मंशा के अनुरूप सहकारिता विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है।

दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचेगा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 का आयोजन 1 नवंबर से 30 नवंबर तक किया जा रहा है। यह अभियान सरकार के पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण और ईज ऑफ लिविंग को आगे बढ़ाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है, जो डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण से भी सीधे जुड़ी है।

अभियान का उद्देश्य देश के 2,000 से अधिक शहरों एवं कस्बों में निवासरत दो करोड़ से अधिक पेंशनभोगियों तक संतृप्ति-आधारित पहुंच सुनिश्चित करना है। डीएलसी अभियान 4.0 में इस वर्ष विशेष रूप से आधार-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर जोर दिया जा रहा है, जिससे पेंशनभोगी बिना किसी बायोमेट्रिक उपकरण के, केवल अपने स्मार्टफोन के माध्यम से घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकेंगे। अति-वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की डोरस्टेप सेवा को और सुदृढ़ किया गया है, ताकि वे घर पर ही जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम (24 नवंबर, 2024) तथा संविधान दिवस संबोधन (26 नवंबर, 2024) में उल्लेख किया था कि डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जैसी पहलें देश के वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन प्रक्रिया को अधिक सरल, सुगम और सुलभ बना रही हैं। अभियान के दौरान पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निदेशक अमित शर्मा 19 और 20 नवंबर, 2025 को मुरादाबाद एवं बरेली का दौरा करेंगे। अपने दौरे में वे फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर रहे पेंशनभोगियों से संवाद करेंगे तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की डोरस्टेप सेवा और विभिन्न शिविरों का निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त वे अभियान के प्रभावी संचालन के लिए बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूआईडीएआई, एनआईसी तथा स्थानीय पेंशनभोगी कल्याण संगठनों के साथ समन्वय की समीक्षा भी करेंगे। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों को सरल, सुविधाजनक और डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा तकनीक-संचालित पहलों के माध्यम से उनके जीवन में सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है।

अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान में हुई कार्यकारिणी की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात की अध्यक्षता में कल 17 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान की बैठक पर्यटन भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में संस्थान की पहलों, अधोसंरचना विस्तार एवं शोध गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण को लेकर गंभीर विचार मंथन किया गया।

- अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग कार्यक्रमों की स्थापना पर विस्तार से चर्चा हुई

बैठक में नवीन कार्यालय हेतु उपयुक्त भूमि के चयन के लिए प्रस्तुत संभावित स्थलों का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया, जिनमें परिवहन, सुरक्षा, तकनीकी सुविधाओं और दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस बैठक में रामायण, वेद, उपनिषद एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित शोध कार्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से गति देने के लिए डिजिटल लाइब्रेरी, पाण्डुलिपि संरक्षण प्रयोगशाला, ऑडियो-विजुअल शोध स्टूडियो तथा अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग कार्यक्रमों की स्थापना पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक उन्नयन में माननीय संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का विशेष प्रोत्साहन एवं ध्यान रहता है विभाग इसी संकल्पना को साकार कर रहा है। इस दौरान संस्थान में आवश्यक स्टाफ की नियुक्तियों के लिए अधियाचन भेजने का निर्देश भी दिया गया।

55 करोड़ से गढ्ढा मुक्त होंगी शहर की सड़कें, 2 करोड़ में सुधरेंगे शौचालय

विशेष संवाददाता (vol)

● नगर निगम कार्यकारिणी ने पास किया 47 अरब का पुनरीक्षित बजट

लखनऊ। नगर निगम कार्यकारिणी ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2025-2026 के पुनरीक्षित बजट में आय-व्यय के 47.91 अरब रुपये का बजट पास कर दिया। चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम प्रशासन ने करीब 43.04 अरब का मूल बजट पास किया था। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में प्रस्तावित बजट में आंशिक संशोधन के बाद सर्वसम्मति से बजट को मंजूरी मिल गई। कोई नया कर नहीं लगाया गया है। बजट में सड़कों के गढ्ढे भरने, नई सड़क बनाने के लिए 55 करोड़ रुपये पास किए गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी दो महीने में शहर की सड़कें गढ्ढा मुक्त हो जाएंगी। बैठक में उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी, नगर आयुक्त गौरव कुमार समेत अन्य सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में पास हुए पुनरीक्षित बजट की जानकारी देते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि नाला, पुलिया और क्रासिंग के लिए मूल बजट में सिर्फ 20 लाख का प्राविधान किया गया था। इससे कई काम रूके हुए थे इस मद को पुनरीक्षित बजट में बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह बेसहारा गायों, कुत्तों के रखरखाव के लिए भी 8 करोड़ रुपये बजट बढ़ाया गया है। खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने के लिए भी 2 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने और पार्कों के रखरखाव के लिए भी बजट बढ़ाया गया है। डीजल-पेट्रोल, सफाई अधिष्ठान, शौचालय, संपत्ति, पशु चिकित्सा संबंधी, नए निर्माण कार्य, पार्क अधिष्ठान, कल्याण मंडप, संपत्तियों की चहरादीवारी व मरम्मत तथा निर्माण कार्यों सहित कई मदों में बजट बढ़ाया गया है। यह मूल बजट की तुलना में पुनरीक्षित बजट में करीब 48 करोड़ का अतिरिक्त बजट बढ़ाया गया है। इस प्रकार पुनरीक्षित बजट में प्रस्तावित राजस्व, पूर्जी एवं उच्चन्त लेखों की कुल आय 339224 लाख रुपये, जिसमें प्रारम्भिक अवशेष को सम्मिलित करते हुए सकल आय 479160.23 लाख रुपये एवं सकल व्यय 339141.05 लाख रुपये के समायोजन के बाद 140019.18 लाख के अंतिम अवशेष के साथ 479160.23 लाख रुपये पास किए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्त होने में करीब साढ़े चार महीने का समय बचा है। सड़कों की मरम्मत, नाले निर्माण, पार्कों की देखरेख, गोशालाओं के संचालन आदि के लिए 2,265.41 करोड़, सरकारी अनुदानों से चलने वाली योजनाओं में स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, सीएम ग्रिड योजना, आधारभूत ढांचा विकास, शूटिंग रेंज निर्माण, गौशाला निर्माण आदि के कार्यों पर 1,092 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

जलकल खुद करायेगा कठौता व अन्य झीलों की सफाई : नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि, कार्यकारिणी की बैठक में जलकल से सम्बंधित अहम फैसला लिया गया है। अब तृतीय जलकल यानी कठौता झील के साथ ही अन्य वाटर वर्क्स के लिए नगर निगम कोई रकम नहीं देगा। इसके लिए जलकल अपने बजट से 12 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगा। जलकल अपने बजट से अब झीलों की साफ-सफाई की व्यवस्था करेगा।

हाउस टैक्स वसूली का लक्ष्य अब 750 करोड़ रुपये : पुनरीक्षित बजट में गृहकर की वसूली के लिए 750 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है। अभी तक यह लक्ष्य 683 करोड़ रुपये था जिसमें से नगर निगम प्रशासन ने अभी तक करीब 350 करोड़ रुपये ही वसूले हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नए लक्ष्य को हासिल करने के लिए जोनल अधिकारियों व कर अधीक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं। अनुज्ञप्ति लाइसेंस से 680 लाख रुपये की आय का लक्ष्य रखा गया है।

इस तरह से बढ़ाया गया खर्च

मद	मूल बजट	पुनरीक्षित बजट
शासन	05 करोड़	12 करोड़
संपत्ति	02 करोड	04 करोड़
ट्रैफिक सुधार	50 लाख	03 करोड़
सड़कों मरम्मत	271 करोड़	362 करोड़
भवन निर्माण	10 लाख	2.10 करोड़
पार्कों के रखरखाव	35 करोड	42 करोड़
नई सड़क निर्माण	05 करोड	07 करोड़
डीजल पेट्रोल	20 करोड़	32 करोड़
शौचालय मरम्मत	10 लाख	1.50 करोड़
स्ट्रीट लाइट	05 करोड	07 करोड़
कल्याण मंडप	01 करोड़	1.50 करोड़

जलकल के 146 लाख रुपये का पुनरीक्षित बजट पास

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि जलकल विभाग के 44,593.30 लाख के आय व 45,939.57 लाख रुपये के व्यय का पुनरीक्षित बजट पास किया गया। इस तरह से जलकल विभाग के 145.83 लाख लाख रुपये के लाभ का पुनरीक्षित बजट को पास किया गया है। महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह ने बताया कि बजट में राजस्व लेखा से 34893.40 लाख रुपये व पूंजी लेखा 11192.00 लाख रुपये शामिल है। इस तरह से कुल चार सौ साठ करोड़ पचासी लाख चालीस हजार रुपये की आय हुई जिसमें प्रारंभिक अवशेष शामिल है। वहीं अधिष्ठान, विद्युत एवं ऊर्जा, पूर्तियां एवं रसायन, सामान्य मरम्मत, अन्य, उपकर व पूंजीगत आदि पर खर्च किए जाने के लिए बजट की व्यवस्था की गई है। सबमर्सिबल मरम्मत व रिबोर मे अतिरिक्त खर्च होने के चलते पुनरीक्षित बजट में 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी तरह गऊघाट, बालागंज, व तृतीय जलकल कठौता जलकल के लिए बजट में चार करोड़ रुपये व नलकूपों के लिए मोटर पंप व स्टार्टर मरम्मत आदि के लिए 3.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं अभी तक कठौता झील की सफाई के लिए जल निगम से सफाई नहीं कराई जाएगी। अब खुद जलकल विभाग सफाई करेगा। इसके लिए बजट में 12 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा विद्युत सामग्री के लिए 3.20 करोड़, स्टोर सामग्री के लिए 4 करोड़, पाइप व फिटिंग के लिए 3.50 करोड़, ब्लीचिंग पाउडर व हाइपरक्लोराइड के लिए 3.52 करोड़ तथा तरल क्लोरीन व आपरेशन के लिए 94 लाख रुपये पास किए गए हैं।

बांग्लादेशी व रोहिंग्या की पहचान शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

● मेयर ने जांचे दस्तावेज

लखनऊ। राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या व्यक्तियों की पहचान को लेकर नगर निगम ने अभियान तेज कर दिया है। महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देशन में विभिन्न जोनों में जांच और सत्यापन की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-4 अंतर्गत गोमतीनगर के विनीत खंड 6 स्थित पोर्टेबल कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने वहां तैनात सफाई कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच कराई। उन्होंने विशेष रूप से असम राज्य के कर्मचारियों के पहचान पत्र व संबंधित प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराया। महापौर ने यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत पूछताछ भी की कि कहीं कोई बांग्लादेशी अथवा रोहिंग्या नागरिक अवैध रूप से कूड़ा प्रबंधन या सफाई कार्यों में तो नियुक्त नहीं है।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाएं किसी भी कर्मचारी की नियुक्ति बिना पहचान पत्र और पूर्ण दस्तावेजों की जांच किए न करें। महापौर ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों, हेल्परों और अन्य स्टाफ का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध नियुक्ति न हो और नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। महापौर ने निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देशित किया कि एमआरएफ सेंटर पर तैनात कर्मचारियों का समय-समय पर पुनः सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी कर्मचारी वैध दस्तावेजों के साथ नियुक्त हों।

नगर निगम जोन-4 के अधिकारियों ने महापौर को अवगत कराया कि क्षेत्र में कर्मचारियों की पहचान और सत्यापन प्रक्रिया को मजबूत किया जा रहा है। कार्यदायी संस्थाओं को भी यह निर्देश जारी किया जा चुका है कि वे किसी भी नए कर्मचारी को बिना दस्तावेजों की जांच के काम पर न लगाएं। महापौर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाना है, और इसके लिए आवश्यक है कि हर स्तर पर नियमों का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान एक सतत प्रक्रिया है, जिसे पूरी सावधानी और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। महापौर ने सभी को निर्देश दिया कि सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

साइबर क्राइम रोकने के लिए व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को बनायें प्रभावी

लखनऊ। राजधानी में बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस महानिदेशक के स्तर पर गठित व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को अत्यंत प्रभावी बनाया जाए। यह मांग मंगलवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से की। संदीप बंसल ने वित्त मंत्री को बताया की हजारों मामलों में करोड़ों रुपए की साइबर ठगी उद्यमियों व्यापारियों से हो रही है यदि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक नियमित बैठकर आयोजित की जाए और उसमें साइबर अपराध के बारे में विशेष जानकारी दी जाए तो उसे सतर्कता बढ़ेगी और अपराधों में गिरावट आएगी। वर्तमान परिस्थितियों में प्रतिदिन व्यापारियों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी हो रही है बहुत से मामलों में अज्ञानता इसका कारण है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा इस पर सहमति व्यक्त करते हुए साइबर क्राइम से संबंधित अधिकारी से तत्काल वार्ता करके इस विषय को निस्तारित करने का शासन दिया गया।

रिवर फ्रंट पर 54 करोड़ में बनेगा पेडेस्ट्रियन ब्रिज, क्रूज चलेगी

● 100 मीटर लंबा व 10 मीटर ऊंचा होगा ब्रिज, देख सकेंगे गोमती में चलती क्रूज का नजारा

लखनऊ। गोमती रिवर फ्रंट पर गुजरात की साबरमती नदी के तर्ज पर पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनाया जाएगा। इसको बनाने में लखनऊ विकास प्राधिकरण करीब 54 करोड़ रुपए खर्च करेगा। प्राधिकरण ने इसको लेकर टेंडर जारी कर दिया है। अफसरों के मुताबिक 2 महीने में टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। 100 मीटर लंबा, 15 मीटर चौड़ा और 10 मीटर ऊंचा ब्रिज बनाया जाएगा। ब्रिज पर लोगों को पैदल टहलने और साइकिलिंग करने की सुविधा मिलेगी। यहां से गोमती नदी और उस पर चलते क्रूज का नजारा भी लोग देख सकेंगे।

पेडिस्ट्रियन ब्रिज लगभग 100 मीटर लंबा व 10 मीटर ऊंचा होगा। यह ब्रिज नदी के एक छोर को दूसरे से जोड़ेगा। ब्रिज की डिजाइन बेहद आकर्षक व अनूठी हो, इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आर्किटेक्चर डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की थी। जिसमें दिल्ली, गोवा व बंगलुरू समेत देश भर से 24 प्रविष्टियां आयी थीं। इसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनी जाने वाली डिजाइन के आधार पर पेडिस्ट्रियन ब्रिज को आकार दिया गया है। गोमती रिवर फ्रंट पर पेडिस्ट्रियन ब्रिज के लिए एडीसीपी ऑफिस के पास जगह चिन्हित की गयी है। जहां से नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक लगभग 100 मीटर लंबा, 15 मीटर चौड़ा व 10 मीटर ऊंचे ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। यह ब्रिज लखनऊ में पर्यटन का नया केन्द्र बनेगा। जहां पर लोग चहलकदमी करते हुए गोमती नदी व उस पर चलते क्रूज का नजारा देख सकेंगे। पेडिस्ट्रियन ब्रिज के लिए अलग-अलग तरह के आकर्षक थीम पर डिजाइन तैयार की गई है। जिसमें से गोमती गेट-वे, कथक ब्रिज, देव सेतु, द नॉट कनेक्टिंग, स्माइलिंग ब्रिज, तरंत सेतु, जश्न-ए-पुल व हेरिटेज वॉक आदि थीम की डिजाइन ने आकर्षित करेगी। पेडिस्ट्रियन ब्रिज पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

पार्षद कोटा बढ़ाने पर नहीं बनी बात

लखनऊ। कार्यकारिणी सदस्यों ने वार्ड विकास निधि बढ़ाने का प्रस्ताव लाने को कहा। इस पर नगर आयुक्त ने अगले वित्त वर्ष में विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यकारिणी सदस्यों का कहना था कि, मौजूदा वक्त में वार्ड विकास निधि जीएसटी जोड़कर 2.10 करोड़ रुपये मिल रही है। जीएसटी हटाने पर कोटा 1 करोड़ 88 लाख ही होता है। पार्षदों की मांग है कि, बजट में वार्ड विकास निधि में जीएसटी के लिए अलग से शामिल किया जाए। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों ने महापौर और नगर आयुक्त निधि बढ़ाने का भी प्रस्ताव रखा था, जिसे नगर आयुक्त गौरव कुमार और मेयर सुषमा खर्कवाल ने साफ इंकार कर दिया।

ट्रैक्टर ट्राली से होने वाले कार्य का देना होगा ब्यौरा

लखनऊ। किसानो के लिए जारी होने वाले ट्रैक्टर और ट्राली इन दिनो सवारी ढोने का कार्य कर रहे है जिससे बीते दिनो कई घटनायें हो चुकी है। जिसको देखते हुए डीएम विशाख जी ने निर्देश जारी करते हुए आरटीओं और पुलिस विभाग को सर्तक किया है। गाड़ी मालिको नोटिस देने के लिए कहा है। इसके साथ ही ट्राली का पंजीयन करने से पहले शपथ पत्र पर लिखवाना होगा कि किसी भी प्रकार की सवारी को गाड़ी में बैठालने पर पंजीयन रद्द कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर सवारी लेकर जा रहा है तो उसे तत्काल रोका जाना चाहिए। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना न हो। इसके साथ ही गाड़ी चलाने वाले के पास डीएल है कि नही बीमा की भी जांच होनी चाहिए।

पीजीआई में एक्सरे मशीन खराब, लगी लाइन

लखनऊ। प्रदेश भर के मरीज पीजीआई में अपना ईलाज कराना चाहते है लेकिन मरीजो की लम्बी लाईन के वजह से कई दिन बाद ईलाज शुरु हो रहा है। ऐसे में अब न्यू ओपीडी के अन्दर लगी मशीन भी जबाब देने लगी है। सोमवार को 100 से अधिक मरीजो का एक्सरे कराना था लेकिन एक एक्सरे कराने में एक घण्टा से अधिक का समय लग रहा था। जिससे दूर से आये मरीज डाक्टर को सही समय पर नही दिखा पा रहे थे। एक्सरे करने वाले से जब इस बारे में बात किया गया तो उसने बताया कि मशीन ऊपर नीचे नही हो रही है मशीन आटोमैटीक होने के कारण कई बार कोई बटन काम नही करता है। ऐसे में मरीज बार-बार एक्सरे मशीन के पास आते है और पुछते है कि रिपोर्ट बना की नही। पीजीआई की पीआरओ किरन यादव ने बताया कि आपने बताया है जल्द ही मशीन को सुधार लिया जायेगा।

चिनहट में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

लखनऊ। मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरा की प्रवर्तन जोन-1 ने चिनहट क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे 01 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि नन्हा उर्फ ननकऊ व अन्य की ओर से चिनहट के ग्राम-कटरा बक्कास में किसान पथ के पास लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। इसके अनुपालन में प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने मंगलवार को स्थल पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

कैप्टन आदित्य मिश्रा पार्क में हुआ पौधरोपण

लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत मंगलवार को जोन-7 स्थित लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के कैप्टन आदित्य मिश्रा पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी पार्क में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पार्क में कुल 100 पौधे लगाए गए। इनमें चांदनी, गुड़हल, मौलसरी जैसे पौधे शामिल थे। माननीय मंत्री श्री सुरेश खन्ना ने गुड़हल का पौधा रोपा, जबकि महापौर सुषमा खर्कवाल ने चांदनी का पौधा लगाया। इसी तरह पार्षदों और अधिकारियों ने भी पौधे लगाकर अभियान में सहयोग दिया।

18 को एनईआर में लगेगी अनुकम्पा अदालत

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में 18 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे अनुकम्पा अदालत का आयोजन मंडल कार्यालय लखनऊ के सभागार में किया जाएगा। अनुकंपा अदालत में मृतक/चिकित्सकीय रूप से अक्षम/लापता रेल कर्मचारियों के विधवा/वारिस/आश्रित अपने प्रतिवेदन में निम्नलिखित विवरण अनिवार्य रूप से भरें, जो इस प्रकार है में कर्मचारी का विवरण में मृतक/अक्षम/लापता कर्मचारी का नाम,पदनाम/ग्रेड/स्टेशन, अंतिम कार्यरत मंडल, जन्म तिथि, नियुक्ति तिथि, मृत्यु/चिकित्सकीय अक्षमता/लापता होने की तिथि देना होगा। अनुकंपा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी का विवरण में नाम, कर्मचारी से संबंध, जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, पूर्व में दिया गया आवेदन (यदि कोई), पत्राचार का पता, संपर्क नंबर/ईमेल आदि का ब्यौरा देना होगा। जबकि संलग्न दस्तावेजों की सूची में मृत्यु/चिकित्सकीय अक्षमता/लापता प्रमाण पत्र, वैध उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, पूर्व आवेदन की प्रति (यदि हो), अन्य प्रासंगिक दस्तावेज देना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान (लखनऊ मंडल के लिए) 10 दिसंबर से पूर्व जमा करना अनिवार्य है।

आईजीआरएस के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर जिला कमांडेंट को नोटिस

लखनऊ। मंडलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने मंगलवार को आईजीआरएस से संबंधित लंबित प्रकरणों, निस्तारण की गुणवत्ता तथा समयबद्धता की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन राधेश्याम, अपर आयुक्त न्यायिक राकेश पटेल सहित मंडल के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जिलों में समयसीमा से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों को तत्काल प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में विलंब या उपेक्षा पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। बैठक के दौरान संज्ञान में आया कि जनपद हरदोई के जिला कमांडेंट की ओर से आईजीआरएस प्रकरण के निस्तारण में रुचि नहीं ली जा रही है।

नगर निगम ने अवैध कब्जे से खाली करायी जमीन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम ने सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। ग्राम सोनई कंजेहरा, तहसील मोहनलालगंज, में सरकारी भूमि को कब्जे से मुक्त कराया। जांच में पाया गया कि ग्राम सोनई कंजेहरा की गाटा संख्या 555, क्षेत्रफल 0.9670 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेखों में पशुचर भूमि यानी चरागाह के रूप में दर्ज है। यह भूमि किसान पथ से सटी हुई है, जिसके कारण इसका महत्व और भी अधिक है।

भूमि के लगभग 0.500 हेक्टेयर हिस्से पर मिट्टी डालकर रास्ता बना लिया गया था, अस्थायी कब्जे कर लिए गए थे और अन्य निर्माण कार्य चल रहे थे। नगर निगम की संपत्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी सहित अन्य उपकरणों की मदद से सभी अवैध कब्जों को हटवाकर भूमि को मूल स्थिति में बहाल कर दिया। कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। नगर निगम के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि की बाजार कीमत करोड़ों रुपये आकी गई है। प्रशासन के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि यह जमीन सार्वजनिक उपयोग और संरक्षण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूमि पर दो बोर्ड स्थापित कर दिए गए हैं, जिनमें स्पष्ट लिखा है कि यह शासकीय संपत्ति है और किसी भी प्रकार का निर्माण या कब्जा सख्त वर्जित है। साथ ही, नगर निगम ने नियमित निगरानी की भी व्यवस्था की है ताकि भविष्य में कब्जा न हो सके।

लोकबन्धु में जमीन पर बैठ रहे अल्ट्रासाउंड के मरीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पेट के रोग से ज्यादातर मरीज परेशान है, इसलिए लोकबन्धु अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के मरीजो की संख्या 100 के पार हो गयी है। ऐसे में जहां पर अल्ट्रासाउंड हो रहा है वहां पर मरीजो के बैठने की जगह नही होने के कारण मरीज और तीमारदार जमीन पर बैठ रहे है। मरीज को देखने आये जवाहर ने बताया कि कम से कम मरीजो के बैठने के लिए भी व्यवस्था होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अल्ट्रासाउंड कराने आये मरीजो से बार-बार पानी पीने के लिए कहा जाता है लेकिन साफ पानी की कोई व्यवस्था नही होने के कारण अस्पताल के बाहर जाकर पानी खरीदना पड़ता है। जबकी अस्पताल में बने प्यायू मे इतना ठंडा पानी आ रहा है कि मरीज पानी को समय पर नही पी पा रहा है। इसके बारे में सीएमएस को सूचित किया गया तो उन्होंने कहा कि इस जगह पर कुर्सियों की संख्या और बढ़ा दिया जायेगा।

आयुष्मान ओटीपी लेने के लिए जाना पड़ता है बाहर

लोकबंन्धु अस्पताल मे आधार से आयुष्मान कार्ड को अपडेट करने है तो आपको लोकबन्धु अस्पताल के बाहर दो बार जाना पड़े गा। जाने के बाद इतना जल्दी आना पड़े गा कि ओटीपी का समय समाप्त न हो जाये। ऐसे में 70 वर्ष से ज्यादा उम्र होने के कारण बार-बार बाहर नही जा सकते है।

नगर आयुक्त ने कूड़े के ढेर देख जतायी नाराजगी, संस्था पर जुर्माना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंगलवार को जोन-3 क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को कड़े निर्देश दिए। सबसे पहले पुरनिया क्रॉसिंग पहुंचे, जहां क्रॉसिंग के पास अवैध रूप से फेंके गए कूड़े का ढेर मिला। इस पर नगर आयुक्त ने जोनल सेनेटरी अधिकारी को तत्काल कूड़ा हटवाने, आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा स्थल पर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कूड़ा फैलाने वालों पर चालान की प्रभावी कार्रवाई करने को कहा।

इसके बाद नगर आयुक्त गल्ला मंडी के सामने स्थित पड़ाव पर पहुंचे, जहां कूड़े का अत्यधिक फैलाव मिला। उन्होंने कार्यदायी संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) को निर्देशित किया कि कूड़ा एक ही स्थान पर एकत्रित किया जाए तथा पड़ाव का उचित घेराव किया जाए, ताकि फैलाव की समस्या दोबारा न हो। निरीक्षण का अगला पड़ाव फैजुल्लागंज-3 वार्ड स्थित इंदलगंज, भरत नगर और महाराजा अग्रसेन नगर रहा। यहां उन्होंने डोर-टू-डोर, कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियों की उपस्थिति का सत्यापन किया। स्थानीय नागरिकों से बातचीत के दौरान लोगों ने बताया कि एलएसए की गाड़ियां नियमित रूप से नहीं आती हैं, जिसके कारण उन्हें मजबूरी में कूड़ा बाहर फेंकना पड़ता है। इस पर नगर आयुक्त ने जेएडएसओ को निर्देश दिया कि पूरे वार्ड का सर्वे कराया जाए और कूड़ा देने वाले एवं न देने वाले घरों की विस्तृत सूची तैयार की जाए। अग्रसेन नगर में निरीक्षण के दौरान एक निजी ट्रॉली लोगों के घरों से कूड़ा उठाते हुए मिली। नगर आयुक्त ने इसे कड़ा उल्लंघन बताते हुए संबंधित को चेतावनी दी और निर्देशित किया कि उसे एलएसए संस्था के साथ समाहित किया जाए ताकि कार्य प्रणाली सुव्यवस्थित रहे। भरत नगर में कई स्थानों पर कूड़ा सड़क पर बिखरा मिला और सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई। इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित कार्यदायी संस्था पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश दिए। वहीं, सेंट जोसफ स्कूल के पास नाले पर अस्थायी अतिक्रमण पाया गया, जिसके लिए जोनल अधिकारी को तत्काल हटाने की कार्रवाई करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जानकीपुरम स्थित एमआरएफ सेंटर भी पहुंचे। यहां उन्होंने संचालित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संचालन में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी ब्लॉकों पर साफ-साफ साइनेज लगाने तथा लॉग बुक को नियमित रूप से मेंटेन करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे। इस निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रदीप शुक्ला, जोनल अधिकारी आकाश कुमार, जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

आवारा कुत्तों के प्रबंधन के लिए बनेगी कार्ययोजना

विशेष संवाददाता (vol)

● निकायों से मांगा अनुमानित खर्च का ब्यौरा

लखनऊ। आवारा कुत्तों को सड़क, स्कूलों, अस्पतालों के परिसर से हटाने के सुप्रीम कोर्ट के अनुपालन को लेकर निकाय निदेशालय ने कार्ययोजना बनाना शुरू कर दिया है। इसमें आने वाले अनुमानित खर्च का ब्यौरा निकायों से मांगा गया है। इसमें आपरेशन थिएटर व्हीकल से लेकर अन्य जरूरी व्यवस्थाएं शामिल करने के लिए कहा गया है।

प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या लगभग 20 लाख है। इसी गणना के आधार पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर काम शुरू कर दिया गया है। नगर निकायों के पास आवारा कुत्तों के नसबंदी, टीकाकरण और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी है। लखनऊ को छोड़कर अन्य 16 नगर निगम में बजट की अलग से व्यवस्था नहीं की गई है।

प्रदेश में 191 केंद्र ऐसे हैं, जहां आवारा कुत्तों को रखा (डाग केनल) जाता है। इसके अलावा, 101 केंद्रों पर सामान्य आवारा कुत्तों को रखा जाता है। नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण के बाद इन्हें सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार उनके ही क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है।

इस प्रक्रिया में स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद ली जा रही है। इसके अलावा, आवारा कुत्तों को खाना देने के लिए 810 केंद्रों की व्यवस्था की गई है। जरूरत के अनुसार केंद्रों को और बढ़ाया जाएगा। इसमें भी स्वयं सेवी संस्थाओं की मदद लेने की तैयारी है। निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा के अनुसार, राज्य स्तरीय समिति की बैठक में सभी निकायों से उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की जरूरत के हिसाब से अनुमानित खर्च का ब्यौरा मांगा गया है। इससे व्यवस्था को सुधारा जाएगा।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

डॉ. शाहीन व परवेज के करीबियों की सीडीआर खंगाल रही एटीएस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। दिल्ली में आतंकी हमले की जांच कर रही एनआईए और आईबी के इनपुट पर लखनऊ के कई इलाकों में छापामारी जारी है। अब तक लालबाग के खंदारी बाजार, आईआईएम रोड, चारबाग के एक होटल, पारा और गोमतीनगर इलाके में एटीएस संदिग्धों की तलाश में दबिश दे चुकी है।

खुफिया एजेंसियों का कहना है कि गिरफ्तार की जा चुकी डॉ. शाहीन और उसके भाई डॉ. परवेज के करीबियों की कॉल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) को खंगाला जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि लखनऊ से 13 लोगों को एटीएस ने हिरासत में लिया है। ये सभी पिछले कुछ माह से लगातार डॉ. शाहीन और डॉ. परवेज के संपर्क में थे। एटीएस सभी संदिग्धों का कश्मीरी मूल के डॉक्टरों से कनेक्शन खंगाल रही है। सभी के सीडीआर निकलवाए गए हैं। यह पता लगाया जा रहा है कि इन लोगों ने किन-किन लोगों से बात की थी। सभी के संपर्क सूत्रों के बारे में भी जानकारी की जा रही है। फिलहाल हिरासत में लिए गए लोगों का जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कश्मीरी डॉक्टरों के मॉड्यूल से कोई लिंक सामने नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय एजेंसियों की ओर से साझा की जा रही सूचनाओं के आधार पर एटीएस संदिग्धों की तलाश कर रही है। पूरे प्रकरण की जांच एनआईए के साथ जम्मू-कश्मीर और दिल्ली की पुलिस कर रही है। जांच एजेंसियों ने डॉ. शाहीन के मोबाइल में मिले संपर्कों के बारे में जानकारी दी थी।

इसी के आधार पर लखनऊ में अलग-अलग जगहों पर छापे मारे गए। डॉ. शाहीन और परवेज से मुलाकात करने वाले कुल 13 लोगों के बारे में जानकारी मिली। इन लोगों से यह पूछा जा रहा है कि मुलाकात के दौरान उन लोगों ने किस बारे में बात की थी। सभी से उनकी यात्रा के बारे में भी पूछताछ की गई है। कौन व्यक्ति कब और कहां गया था, इसकी सूची तैयार की जा रही है।

चारबाग के होटल में ठहरे लोगों का मांगा ब्योरा: जांच एजेंसियों ने चारबाग के एक होटल में ठहरने वाले डॉ. शाहीन के करीबियों के बारे में भी पूछताछ की है। माना जा रहा है कि बिना स्थानीय लोगों के संपर्क के शाहीन अपने लोगों को होटल में नहीं ठहरा सकती थी। यही वजह है कि दूसरे दिन भी इन लोगों को एटीएस ने पूछताछ के बाद नहीं छोड़ा। अब तक की पूछताछ में होटल के कर्मचारियों ने भी कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। चर्चा है कि सोमवार को गोमतीनगर इलाके में भी एटीएस ने कुछ संदिग्धों की तलाश में दबिश दी है।

दीपावली पर करने वाले थे डॉक्टरों की बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ और कानपुर के होटलों को देख भी लिया गया था जम्मू कश्मीर के मोड्यूल में शामिल डॉक्टरों को होना था शामिल डॉ आदिल के शादी समारोह के बहाने हुई बैठक में रद्द कर दिया गया था ये निर्णय लखनऊ, विशेष संवाददाता जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एटीएस से एक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। अब ये सामने आया है कि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में तैनाती के समय डॉ. परवेज ने बहन डॉ. शाहीन के कहने पर दीपावली पर एक बैठक की तैयारी कर ली थी। इस बैठक में दिल्ली विस्फोट के बाद चर्चा में आए कश्मीरी माडयूल के डॉक्टरों को शामिल होना था। डॉ. आदिल के वैवाहिक समारोह में इन डॉक्टरों की मौजूदगी में इस बैठक को स्थगित कर दिया गया था। एटीएस सूत्रों के मुताबिक डॉ. शाहीन ने इस बैठक के लिए लखनऊ और कानपुर के किसी होटल में ही बैठक करने को कहा था। माना जा रहा है कि इन दोनों जिलों के कई डॉक्टर डॉ. शाहीन के सम्पर्क में थे। यही वजह थी कि यह बैठक इन स्थानों पर करने की कवायद शुरू हुई थी। इसी आधार पर यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि साजिश के किसी और चरण के लिए इन डॉक्टरों को एक साथ जुटाने की भूमिका बनाई गई थी। डॉ.परवेज सब मैनेज कर रहा था डॉ. शाहीन के कहने पर डॉ. परवेज यह सब मैनेज कर रहा था। बताया जाता है कि इसके लिए पोस्टर भी तैयार कर लिए गए थे। इनमें डॉक्टरों का सेमिनार होना दिखाया गया था लेकिन इसकी आंड़ में होनी कुछ और बैठक थी। इस बिन्दु को लेकर भी एटीएस पड़ताल कर रही है। हालांकि इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की ओर से इस तरह का कोई सेमिनार नहीं होना था। एटीएस इस बारे में अभी कुछ नहीं बोल रही है। उसकी एक टीम कानपुर में भी कुछ डॉक्टरों को रडार पर लेकर जांच कर रही है।

सर्दियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए यातायात जागरूकता बढ़ायें

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि सर्दियों के मौसम में धुंध के कारण बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाय। न्यायालय ने इस संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी शपथ पत्र दाखिल करते हुए, देने का भी निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 5 जनवरी 2026 को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने सृजन फाउंडेशन की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में सड़क सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया है। न्यायालय ने याचिका पर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का भी आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि याचिका के लंबित रहने के दौरान, केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 104 तथा समय-समय पर जारी सर्कुलर्स के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इन कदमों में इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सामाजिक मीडिया सहित सभी माध्यमों से राज्यव्यापी जागरूकता अभियान चलाना भी शामिल है।

दबंगों ने युवक को रॉड से पीटा, ईंट से मुंह कूंचा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मडियांव में रंगदारी मांग कर दबंगई करने वाले डाबर ने युवक की पिटाई कर उसका मुंह ईंट से कूंच दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का केजीएमयू में इलाज चल रहा है। मड़ियांव के दाउदनगर के साठ फिटा रोड निवासी कमलेश कुमार खरे ने बताया कि रविवार को उनका बेटा घर के बाहर गया था। छोटे बेटे तुषार खरे को पुरानी रंजिश को लेकर घर के सामने रहने वाले अभिषेक यादव व उसके भाई डाबर ने रॉड से हमला कर घायल कर दिया। फिर ईंट से उसका मुंह कूंच दिया, जिसमें वह लहूलुहान होकर बेसुध हो गया। आरोप है कि दबंग डाबर क्षेत्र में रंगदारी मांगता है। कमलेश ने घायल बेटे को केजीएमयू में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई: विभूतिखंड पुलिस ने धोखाधड़ी के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने जमीन दिलाने के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि गोमतीनगर विस्तार निवासी दीपक सिंह, संजय कुमार वर्मा और संदीप कुमार लोगों को प्लाट दिलाने के नाम पर झांसे में लेकर धोखाधड़ी व ठगी करते हैं। इनका गिरोह शहर में सक्रिय है। आरोप है कि गैंग लीडर संजय गिरोह के साथ मिलकर करोड़ों रुपये का फ्रॉड कर चुका है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

ट्रैक्टर की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

मलिहाबाद। मंगलवार शाम मलिहाबाद क्षेत्र में माधवपुर पुलिया और कीर्ति पेट्रोल पंप के बीच एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और हादसे की जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार, पॉवरट्रैक ट्रैक्टर ने टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दिनेश कुमार (30 वर्ष) पुत्र मटरू, निवासी हिम्मतखेड़ा, थाना मलिहाबाद व रामविलास (30 वर्ष) पुत्र रेवती, निवासी गोपुरामऊ, थाना माल गंभीर रूप से घायल हो गए।

सड़क हादसों में जख्मी छात्र समेत दो की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज में रोटावेटर से कटकर जख्मी हुए छात्र की ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई, वहीं बिजनौर क्षेत्र में ट्रक की टक्कर से घायल हुए पिकअप चालक की इलाज के दौरान जान चली गई।

मोहनलालगंज के कूडा गांव निवासी 14 वर्षीय हर्षित यादव सात नवंबर को खेत में रोटावेटर पर बैठकर खेत की मड़ाई कर रहा था। ट्रैक्टर उनके पिता सुभाष चला रहे थे। सुभाष के मुताबिक इस बीच हर्षित रोटावेटर से गिरकर घायल हो गया था। उसे पीजीआई ट्रामा-2 में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। हर्षित कक्षा आठ का छात्र था। वहीं, बिजनौर इलाके में उन्नाव के लउवा निवासी 31 वर्षीय मो. रईस पिकअप चलाते थे। उनके मामा इमरान के मुताबिक रईस 15 नवंबर की सुबह बंथरा स्थित रमगढ़ा से एक ऑनलाइन कंपनी के वेयरहाउस से डिलीवरी लेकर कमता जा रहा था। बिजनौर स्थित हाईवे नंबर-2 के पास एक ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी थी। जिससे रईस गंभीर रूप से घायल हो गया था। सोमवार रात उसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। सड़क हादसे में जख्मी मजदूर की मौत लखनऊ। अलीगंज में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जख्मी मजदूर की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सीतापुर निवासी गोपाल (45) अलीगंज स्थित अहिबरनपुर गल्ला मंडी में रहकर मजदूरी करता था। उसके भाई मदन ने बताया कि गोपाल सोमवार रात किसी काम से घर से बाहर पैदल जा रहा था। तभी रास्ते में वह सीतापुर रोड गल्ला मंडी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां मौत हो गई।

शटरिंग कारीगर ने फंदे से लटक कर दी जान

लखनऊ। अयोध्या रोड के अनौरा कला में शटरिंग कारीगर ने कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मलिहाबाद के ढेड़ेमऊ गांव निवासी 22 वर्षीय अर्जुन विश्वकर्मा शटरिंग कारीगर थे। वह अनौरा कला गांव में परिवार के साथ रहते थे। उनके पिता इंद्रकुमार के मुताबिक सोमवार दोपहर अर्जुन ने दोस्तों को फोन कर घूमने के लिए बुलाया था। इसके बाद अर्जुन कमरे में गया और फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। शाम को जब परिवार के लोग पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद था। पुकार लगाने पर भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा खोलकर अंदर पहुंची तो अर्जुन का शव फंदे से लटकता मिला।

अधिकारियों के असहयोग की प्रवृत्ति पर हाईकोर्ट ने जतायी नाराजगी

- राज्य और केंद्र पर लगाया 15-15 हजार रुपये का हर्जाना
- कहा, शपथ पत्र दाखिल करने वाले अधिकारी को विषय का ही नहीं पता

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार के अधिकारियोंकी लापरवाही व असहयोग पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। न्यायालय ने कहा है कि अधिकारीअसहयोग की प्रवृत्ति अपना रहे हैं, जिससेकोर्ट का कीमती समय नष्ट होता है और वर्षों से लंबित प्रकरणों में अनावश्यक देरीहोती है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने राज्य सरकार पर 15 हजार रुपये का हजार्नालगाया है, वहीं केंद्र सरकार के अधिवक्ता के उपस्थित न होने व जवाब न दाखिल करने पर, उस पर भी 15 हजार रुपये का हजार्ना लगाया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्तिराजीव भारती की खंडपीठ ने नैतिक पार्टी की ओर से वर्ष 2014 में दाखिल एक जनहित याचिकापर पारित किया। याचिका में किशोरावस्थाशिक्षा कार्यक्रम कामुद्दा उठाया गया है। न्यायालय ने कहा कि 2 अगस्त 2024 को पारित आदेश के बाद दायर किएगए अनुपूरक शपथ पत्र में भीउन बिंदुओं को संबोधित नहीं किया गया जिन पर विशेष रूप से निर्देश दिए गए थे। न्यायालयने टिप्पणी की कि यह कोई पहला मामला नहीं है जिसमें केवल औपचारिकता निभाने के लिए ऐसा अधूरा और निरर्थक हलफनामा दायर कर दिया गया हो। न्यायालय ने यह भी कहा कि न केवल विभाग, बल्कि राज्य के अधिवक्ताओं को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारातैयार शपथ पत्र वास्तव में अदालत के प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं या नहीं। न्यायालयने आगे कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित अधिकारी ने किशोरावस्था शिक्षाकार्यक्रम तक को नहीं पढ़ा, यदि पढ़ा होता, तोउनके हलफनामे में केवल औपचारिक वाक्यों के बजाय वास्तविक जागरूकता उपायों काउल्लेख होता। न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसी स्थिति लगभग असहयोग के बराबर है, जो न्यायिक कार्यवाही को बाधित करती है। मामले की अगलीसुनवायी 15 दिसम्बर के सप्ताह में होगी।

जनजातीय कला, नृत्य और संगीत के साथ भागीदारी उत्सव का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव का मंगलवार 18 नवम्बर को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड ने उपस्थित सभी कलाकारों और आगंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार जनजातीय समाज के उत्थान और उनकी सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के उत्सव विविधता में एकता का संदेश देते हैं और विभिन्न जनजातीय समुदायों को एक साझा मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न जनजातीयों के 13 हस्तशिल्पी कलाकारों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही आयोजन से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियो का सम्मान भी किया गया। आयोजन में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व जनजाति भागीदारी उत्सव मंत्री संजीव गोंड ने प्रदर्शनी और सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाए और मुखौटा भी धारण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में अरुणाचल प्रदेश से आए सांस्कृतिक दल ने खादा और टांगों पहनाकर पारंपरिक पूर्वोत्तर सम्मान परंपरा का प्रदर्शन किया। उत्सव के दौरान इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जनजातीय कला, नृत्य और संगीत की ऊर्जा से एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र में परिवर्तित हो गया। समापन दिवस पर चित्रकूट से आए कलाकारों ने बूटी बाई के निर्देशन में जवारा, राई और बलमा की प्रस्तुतियाँ कीं। जवारा में नवरात्र में जौ बोने और काली स्वरूप की पूजा का चित्रण किया गया, जबकि राई और बलमा में शादी-ब्याह के अवसर पर गाए जाने वाले गीत, परंपरागत रस्में और विवाह से एक दिन पूर्व होने वाले जागरण को प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों में कुल 11 कलाकार शामिल रहे। बहराइच की टीम ने राजकुमारी के नेतृत्व में हुरडुंगवा नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे दशहरे से मकर संक्रांति तक मनाया जाता है। इस नृत्य में महिलाओं ने सजी हुई डलिया लेकर मनमोहक प्रस्तुति दी और राम-सीता विवाह का दृश्य आकर्षक रूप से मंचित किया।

मनरेगा सोशल मीडिया प्रशिक्षण सत्र संपन्न

लखनऊ। ग्राम्य विकास विभाग उत्तरप्रदेश और मनरेगा का मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में सोशल मीडिया प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग श्री जीएस प्रियदर्शी के निदेर्शानुसार मनरेगा के लोकपालों के लिए सोशल मीडिया संबंधित वर्चुअली किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के मनरेगा लोकपाल शामिल हुए। सत्र में अधिकारियों को एक्स के संचालन, कंटेंट प्रबंधन और डिजिटल संचार के आधुनिक तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त, ग्राम्य विकास विभाग चंद्रशेखर ने बताया कि यह पहल स्टेट सोशल मीडिया की एक अभिनव पहल है, जिसके तहत सभी जनपदों को पब्लिक डोमेन में सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जनता और लाभार्थियों के बीच संवाद सुदृढ़ होता है और विभागीय योजनाओं व गतिविधियों को तेजी से साझा किया जा सकता है।

शॉर्ट सर्किट से बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में लगी आग

मलिहाबाद। रहीमाबाद कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में मंगलवार शाम करीब 4 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। अचानक उठे धुएँ और बजते सायरन से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और बैंक कर्मचारियों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान बैंक के बाहर लगे बिजली मीटर से धुआँ उठना शुरू हुआ। शॉर्ट सर्किट का अंदेशा होने पर बैंक कर्मियों ने तुरंत मुख्य बिजली सप्लाई बंद कर दी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने भी बिजली के तार खींचकर आग पर काबू पाने में मदद की। शाखा प्रबंधक स्वाती के अनुसार, आग बुझने तक बैंक का बिजली मीटर, कुछ कंप्यूटर, मॉनिटर और कैश काउंटिंग मशीन जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। राहत की बात यह रही कि बैंक का लॉकर, महत्वपूर्ण दस्तावेज और रजिस्टर पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्रबंधक ने बताया कि केवल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ही नुकसान पहुँचा है, अन्य कोई बड़ी हानि नहीं हुई। दुकानदारों और आसपास के लोगों की त्वरित सक्रियता से आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया।

किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

लखनऊ। पारा इलाके में किशोरी को प्रेमजाल में फंसा कर गैर समुदाय के युवक ने एक साल में कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता दो बार गर्भवती हुई तो आरोपी ने जबरन गर्भपात करा दिया। शिकायत करने पर आरोपी व उसके परिजनों ने पीड़िता की मां को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पारा क्षेत्र की एक महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि क्षेत्र का ही निवासी ई-रिक्शा चालक इमरान ने उसकी नाबालिग बेटी को प्रेमजाल में फंसा लिया और उसके साथ एक साल में कई बार दुष्कर्म किया। इस बीच किशोरी दो बार गर्भवती हुई तो आरोपी ने उसका जबरन गर्भपात करा दिया। पता चलने पर जब पीड़िता की मां आरोपी के घर शिकायत करने गई तो आरोपी व उसके परिजनों ने गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता की मां ने थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, मुकदमा दर्ज

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे बीते चार दिन पूर्व बस की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। वही पीडित कार स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित बजरंगनगर निवासी अमित सिंह पुत्र स्व0 राजबहादुर कनौजिया के अनुसार बीते 14 नवम्बर की रात्रि करीब साढे दस बजे वह अपने परिवार के साथ कार संख्या यूपी 32 जे ई 3262 से आशियाना जा रहे थे। आरोप है कि उस दौरान कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित पिकाडिली तिराहे पर वह लालबत्ती पर खड़े हुए उस दौरान अवध चौराहे की तरफ से आ रही बस संख्या बी आर 28 पी 3892 पिकाडली तिराहे से गाड़ी मोड़कर अवध चौराहे जा रही थी।

चोरो ने उड़ाई बाइक व स्कूटी

आलमबाग। कृष्णा नगर व आशियाना मे सक्रिय चोरों ने दस दिन मे एक बाइक सहित एक स्कूटी पार कर दिया है और मौके से फरार हो गए।

कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित भोलाखेड़ा निवासी आदर्श सिंह पुत्र निर्मल सिंह के अनुसार बीते 13 नवम्बर की देर शाम चोरो ने उसके घर के बाहर खडी बाइक संख्या यूपी 32 क्यू ए 5557 पार कर दिया। जिसकी जानकारी देर रात्रि होने पर उसने खोजबीन करने के साथ स्थानीय कृष्णा नगर थाने मे पुलिस से शिकायत की है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम संतोष कुमार धानुक से बदलकर संतोष कुमार रख लिया है। संतोष कुमार धानुक व संतोष कुमार दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य मे मुझे संतोष कुमार के नाम से ही समझा व पढ़ा जाये। **संतोष कुमार पुत्र स्व. गंगा प्रसाद, निवासी 268/651, गुलजार नगर ऐशबाग, लखनऊ।**

डेकोरेटर की मौत में युवती के पिता, भाई पर हत्या का केस, हंगामा

परिजनों ने लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शव रखकर किया प्रदर्शन, एक घंटे लगा जाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीते सोमवार को मलिहाबाद क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। मृतक के परिजनों ने इसे आत्महत्या न मानते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर नाराज परिजनों ने लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस के समझाने-बुझाने के बाद ही जाम हट सका।

मलिहाबाद क्षेत्र के पाठकगंज महमूदनगर निवासी रामगोपाल के अनुसार उनका बेटा विकास कुमार का माल थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से प्रेम-प्रसंग था। रविवार को वह किशोरी को घर से भगा ले गया था। आरोप है कि इससे नाराज हुए किशोरी के परिजन सोमवार सुबह विकास के घर पहुंचे और मामला निपटाने अथवा पुलिस में शिकायत करने और जान से मार देने की धमकी दी। इसी बीच परिजन विकास की तलाश में जुटे हुए थे। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे परिवार को सूचना मिली कि विकास का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मुजासा रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शव पहुंचते ही भड़का गुस्सा, हाईवे जाम: मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव घर पहुंचा, परिजन आक्रोशित हो गए और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। इसके बाद परिजनों ने महमूदनगर ढाल पर लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शव रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सूचना पाकर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक के पिता रामगोपाल की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया था। वही पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

कलाकार को संवेदनशीलता के साथ समाज में अपनी जगह बनानी चाहिए : जस्पिंदर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें होती हैं जो सिर्फ कानों तक नहीं, आत्मा तक पहुंचती हैं। ऐसी ही एक सुरों की साधिका हैं जस्पिंदर नरूला! भजन हो, सूफी हो या फिल्मी गीत उनकी आवाज हर बार दिल को छू जाती है। कुछ दिनों पहले भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा है। हाल ही में वॉयस ऑफ लखनऊ ने उनसे बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने न सिर्फ संगीत, सामाजिक मुद्दों और महिला सशक्तिकरण पर बेबाक राय रखी, बल्कि आज के युवाओं और कलाकारों को भी सच्चे मार्ग पर चलने का संदेश दिया। पेश है उनसे हुई खास बातचीत के कुछ अंश।

जस्पिंदर जी, आपको पद्मश्री सम्मान मिला है। आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या रही?

देखिए, ये सम्मान मेरा नहीं है। मैं इसे उन पहलगाम के बेटों को समर्पित करती हूँ जिन्होंने हाल ही के समय में संघर्ष किया है। ये मेरे दिल से निकली श्रद्धांजलि है। मैं उनके साहस को सलाम करती हूं।

सोशल मीडिया पर हर कोई कलाकार बनने की कोशिश कर रहा है। क्या ये टैलेंट को बढ़ावा दे रहा है या सिर्फ ट्रेंड बन गया है?

आज के समय में जो सच बोलता है, वो लोगों को पसंद नहीं आता। मुझे कोई डर नहीं है, मैं हमेशा सच बोलती हूं। आज सोशल मीडिया पर मसाला चाहिए, तमाशा चाहिए, लेकिन अगर कोई बच्चा ठीक से नहीं गा रहा है, तो मैं साफ-साफ कहूंगी कि ये गलत है और जो अच्छा गा रहा है, उसे मैं सिर आंखों पर बिठाऊंगी।

आजकल ऑटोट्यून और अक का बहुत इस्तेमाल हो रहा है। क्या इससे संगीत की आत्मा पर असर पड़ा है?

असर नहीं पड़ा, मैं कहूंगी कि आत्मा नष्ट हो गई है। अब कोई भी गा सकता है, मशीन सब ठीक कर देती है। असली गायकी कहां गई? वो जो आत्मा से निकलती थी, जो तपस्या से आती थी, वो गायब होती जा रही है।

आज की पीढ़ी जल्दी सफलता चाहती है। आपके अनुसार, सफलता और संतोष में क्या फर्क है?

सफलता किस्मत से मिलती है, लेकिन संतोष आत्मा से आता है। जब लगता है कि मेरा गाना ऊपरवाला सुन रहा है, तो वही असली तृप्ति होती है। पैसा, शोहरत—सब कुछ उसके आगे छोटा है।

एक कलाकार का समाज में क्या रोल होता है?

एक कलाकार को संतुलन और संवेदनशीलता के साथ समाज में अपनी जगह बनानी चाहिए। कलाकार को लोगों के दुख सुख में साथ देने वाला होना चाहिए। हम इसी के लिए एक कलाकार बने हैं।

महिला कलाकारों के लिए इंडस्ट्री में क्या बदलाव आए हैं?

ये बहुत कुछ इस पर निर्भर करता है कि आप खुद को कैसे प्रस्तुत करती हैं। अगर महिला में संयम, मेहनत और आत्मविश्वास है, तो वो किसी भी ऊँचाई को छू सकती है, लेकिन अपनी सीमाओं में रहकर ही उसे आगे बढ़ना चाहिए।

आप पहलगाम आतंकी हमले के बारे में क्या कहना चाहेंगी?

सबसे पहले मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती हूँ जो इस आतंकी हमले से पीड़ित रहे। मैं रोज अपने पति से उनके बारे में बात करती हूँ, पूछती हूँ—यह सब क्यों हुआ? यह बहुत बुरा हुआ। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं बहुत संवेदनशील हूँ और इन बातों को दिल पर ले लेती हूं। जब मैं पुरस्कार (पद्मश्री) ले रही थी, तो मैं अपने ही ख्यालों में थी।

आखिर में, आप अपने चाहनेवालों को क्या संदेश देना चाहेंगी?

बस आप सबका प्यार बना रहे। जब ऊपरवाले की आज्ञा होगी, फिर मेरे सुर भी गूंजेंगे। मेरी कोशिश यही रहेगी कि मैं अपने संगीत से आपके दिलों तक पहुँचूं।

श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी पर्व 25 को

- 25 नवंबर को डी ए वी कॉलेज में होगा मुख्य आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शहीदी पर्व के अवसर पर लखनऊ में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि 20 नवंबर की शाम को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में डॉक्टर अमरजोत सिंह के संयोजन में विशेष कवि दरबार का आयोजन किया गया है इस अवसर पर सिख पंथ के विश्व विख्यात कवि भाग ले रहे हैं। 23 नवंबर शाम 7:00 से 11:00 तक गुरुद्वारा मानसरोवर एलडीए कॉलोनी में संपूर्ण सिंह बग्गा के संयोजन में विशेष कीर्तन समागम होगा। 24 नवंबर की प्रातः से दोपहर तक गुरुद्वारा चंदरनगर में मनमोहन सिंह सेठी के संयोजन में विशेष दीवान सजाए जाएंगे। 24 नवंबर की शाम 7:00 से देर रात तक एवं 25 नवंबर प्रातः से देर शाम तक डी ए वी कालेज मे एवं शाम 7:00 बजे से देर रात तक गुरुद्वारा यहियागंज में डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में विशेष आयोजन किया।

जाएगा। इस अवसर पर विशेष रूप से भाई दविंदर सिंह सोढ़ी लुधियाना से, पटियाला से भाई जसकरन सिंह, श्री दरबार साहब अमृतसर से भाई गुरजिंदर सिंह विशेष रूप से पधार रहे हैं।

झोड़ा, डांस उत्तराखंड डांस, नाचेगा भारत प्रतियोगिताओं ने मचाई धूम

दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव का रंगारंग समापन, विविध संस्कृतियों से रूबरू हुए लखनऊवासी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, बीरबल साहनी मार्ग, गोमती तट पर परम्परागत ढंग से उत्तराखंड महापरिषद द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव का आज रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। महोत्सव के दौरान यहां अनेक प्रतियोगिताएं, कवि सम्मेलन, अनेक प्रदेशों की संस्कृतियों 150 से ज्यादा विभिन्न स्टालों में सामग्री के साथ स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था।

आज के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन संबोधित कर महोत्सव के समापन की विधिवत घोषणा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड महापरिषद को 10 दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव लखनऊ में आयोजित करने हेतु बधाई देते हुए कहा कि ऐसे उत्सव संस्कृतियों का संगम है और उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा अपनी सस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। आज मंच पर अतिथि ओपी श्रीवास्त विधायक लखनऊ पूर्वी ने उत्तराखंड महापरिषद के पदाधिकारियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सायं कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। महापरिषद द्वारा अतिथियों को बैच, अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह तथा उत्तराखंड की मशहूर टोपी भेंट कर सम्मानित किया। आज तीन महानुभावों प्रो दीवान सिंह रावत कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय, डॉ चन्द्र मोहन नौटियाल वैज्ञानिक तथा डॉ सुरेश चन्द्र फुलारा को उनके द्वारा समाज हित में किये जा रहे शोध आदि हेतु उत्तराखण्ड गौरव से सम्मानित किया गया।

महोत्सव की खास बात यह रही कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा शुरू की गई डांस उत्तराखंड डांस, नाचेगा भारत, तथा झोड़ा प्रतियोगिताएं प्रसिद्ध हो रही हैं तथा कलाकार भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इन प्रतियोगिताओं इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु हर एक टीम को कुछ राशि दी जा रही है। पूरन सिंह जीना एवं महेंद्र गैलाकोटी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं को दर्शकों ने भी खूब सराहा।

मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह कनवाल ने प्रशंसा करते हुए कहा कि हमेशा की तरह इस महोत्सव में भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आदि सभी ने विगत 12 दिनों से लगातार सुंदर कवरेज की। जिसके लिए उत्तराखंड महापरिषद उनका हृदय से आभार प्रकट करती है एवं धन्यवाद ज्ञापित करती है। महोत्सव के दौरान उत्तराखंड दर्पण (वसुधैव कुटुंबकम्) का भी विमोचन किया गया, इसके प्रबंधमण्डल में दीवान सिंह अधिकारी, हरीश चन्द्र पंत, मंगल सिंह रावत, भरत सिंह बिष्ट, राजेश बिष्ट, सलाहकारमंडल डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल, जीबी जोशी, संजय कला, संपादकमंडल मुख्य संपादक पूरन सिंह जीना, संपादक भुवन चंद्र पाठक, सदस्य के एस चुफाल, सुनील कुमार उप्रेती, पीएस बिष्ट, डॉ करुणा पांडे, जगत सिंह राणा, गिरीश चंद्र बहुगुणा, गोकुल उप्रेती, महेश पांडे, राजेंद्र सिंह कनवाल, कैलाश सिंह की इसके सुंदर संपादन एवं प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका रही। महोत्सव का मंच से संचालन सुरेंद्र राजेश्वरी, सुन्दर सिंह बिष्ट, राजेश भट्ट, महेंद्र सिंह गैलाकोटी एवं हरितिमा पंत आदि ने बड़े सुंदर प्रभावशाली ढंग से किया। अपरान्ह 02 बजे से कार्यक्रम- छोलिया नृत्य-उधांचल कला केन्द्र, अल्मोडा तथा विभिन्न क्षेत्र से आये बच्चो ने जूड़ो, कराटे, गायन और सुन्दर नृत्यों से दर्शकों का मनोरंजन किया। पहाड़ी एकल डांस कु. कनिष्का बिष्ट, शिव तांडव आन्या मडार, एकल नृत्य स्वरा त्रिपाठी, एकल गायन प्रियंका दीक्षित - की प्रस्तुतियो को दर्शको ने खूब सराहा और तालियाँ बजायी। झोड़ा प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड में 5 दल - सुगामऊ- नेतृत्व सविता बिष्ट, आदिल नगर - नेतृत्व शोभा पटवाल, संकल्प ग्रुप - नेतृत्व मंजू पाण्डेय, रामलीला समिति तेलीबाग नेतृत्व राजेन्द्र सिंह बिष्ट, उमंग ग्रुप- वसुन्धरापुरम - नेतृत्व सुशीला नेगी के दलों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया तथा खूब तालियाँ बटोरी। संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से वन्दना सनवाल के नेतृत्व में आये संस्कृति एवं सामाजिक संस्था, देहरादून के कलाकारों ने उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के अनेक नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर मंच सजाया। नाचेगा भारत के फाइनल राउण्ड की 5 दल - नृत्य डांस अकादमी- नेतृत्व रीना श्रीवास्तव, डा0 श्रेया संगीत संस्थान - नेतृत्व डा0 श्रेया, लीरिक एकेडमी ऑफ म्यूजिक - नेतृत्व अनीता सिंह एवं मनीष त्रिपाठी, यश म्यूजिक ग्रुप आयोध्या - नेतृत्व संगीता अहूजा, कुर्मांचल नगर - नेतृत्व रेनू काण्डपाल - इन पांचो ग्रुपो ने जबरदस्त नृत्य प्रस्तुतियों से मंच को गुंजायमन कर दर्शकों का मनोरंजन किया। डांस उत्तराखण्ड डांस - आर्ट एण्ड कल्चरल ग्रुप शिवानी विहार- नेतृत्व कामना बिष्ट, एहसास ग्रुप आलोक नगर - नेतृत्व राधा बोरा, उमंग ग्रुप वसुनधरापुरम - नेतृत्व सुशीला नेगी, नया सवेरा फाउण्डेशन नीलमथा नेतृत्व पिंकी नौटियाल, यूथ सांस्कृतिक समिति गोमतीनगर नेतृत्व-सार्थक रावत सृजनाकर ग्रुप गोमती नगर नेतृत्व प्रियंका बिष्ट सभी दलों ने डांस की सुन्दर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

2 हजार से अधिक कलाकार पेश करेंगे लोक संस्कृतियों की झलक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अयोध्या में राममंदिर परिसर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह को भव्य रूप देने के लिए संस्कृति विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर प्रदेशभर से 2000 से अधिक लोक कलाकारों का चयन किया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में ब्रज, बुंदेलखंड, अवध और पूर्वांचल की पारंपरिक वेशभूषा में अपनी-अपनी क्षेत्रीय लोक संस्कृतियों की झलक पेश करेंगे।

संस्कृति निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि विभाग में 10 हजार से अधिक कलाकार पंजीकृत हैं, जिनमें से 2000 कलाकारों का चयन विशेष प्रस्तुतियों के लिए किया जाएगा। अयोध्या के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक आयोजन होंगे, जिसकी विस्तृत सूची तैयार की जा रही है। इन तैयारियों की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय को भी भेजे जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से जारी पत्र के अनुसार, एयरपोर्ट से लेकर राममंदिर परिसर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। सुरक्षा कारणों से कलाकारों की अंतिम सूची एक सप्ताह पहले ही तय कर ली जाएगी। स्वागत समारोह के मुख्य मंच पर किन कलाकारों को स्थान मिलेगा, इस पर निदेशालय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया जारी है।

इन लोक कलाओं की होगी प्रस्तुति

- ब्रज क्षेत्र: चरकुला नृत्य, मयूर नृत्य, रास–लीला, झूला नृत्य
- बुंदेलखंड: नौटंकी, राई नृत्य, शौरा/सैरा नृत्य, दीवारी नृत्य
- पूर्वांचल: धोबिया नृत्य, कठघोड़वा नृत्य, कथक और अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियां

मनोवैज्ञानिक शॉर्ट फिल्म 'चित्रका' की हुई स्क्रीनिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट्स, फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स में दृश्यलोक प्रोडक्शन द्वारा आज रचनात्मकता और संवेदना से भरा एक अत्यंत विशेष आयोजन संपन्न हुआ, जहाँ युवा कलाकारों द्वारा निर्मित मनोवैज्ञानिक शॉर्ट फिल्म चित्रका की आधिकारिक स्क्रीनिंग आयोजित की गई। हॉल के बाहर से लेकर भीतर तक विद्यार्थियों और कला-प्रेमियों की उत्सुकता साफ झलक रही थी। फि ल्म के आरंभ होते ही वातावरण में एक ऐसी ऊर्जा फैल गई, जिसने यह महसूस करा दिया कि यह कोई साधारण छात्र-प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि कला की गहराइयों में उतरने वाला गंभीर और संवेदनात्मक प्रयोग है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रतन कुमार, डीन, कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट्स, लखनऊ ने स्क्रीनिंग के बाद फि ल्म की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट्स यह साबित करते हैं कि हमारे छात्र केवल तकनीक सीखने भर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कला की अंतरात्मा को समझते हुए उसे नए रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता भी रखते हैं। चित्रका में टीम ने जिस तरह मनोवैज्ञानिक पहलुओं को दृश्य भाषा में बदला है, वह प्रशंसनीय है। उनके इस वक्तव्य के बाद हॉल तालियों से गूंज उठा। चित्रका एक ऐसी कहानी है, जो मानव-मन की जटिल संरचनाओं को कला के माध्यम से समझने की कोशिश करती है। यह एक कलाकार की उस भीतरी यात्रा को सामने लाती है, जहाँ कल्पनाएँ और वास्तविकता एक-दूसरे के इतने करीब आ जाती हैं कि उनके बीच की सीमाएँ धीरे-धीरे मिटने लगती हैं। कहानी उस तनाव, उन दुविधाओं और उन अनकहे संघर्षों को उजागर करती है, जिनसे एक कलाकार बार-बार गुजरता है—कभी स्वयं से लड़ते हुए, कभी अपनी कला द्वारा निर्देशित होते हुए। अनेक दृश्य ऐसे हैं, जहाँ दर्शक अनायास सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या वे स्वयं भी कभी किसी कला, किसी भावना, किसी जुनून के वशीभूत हुए हैं। फि ल्म के भावनात्मक उतार-चढ़ाव दर्शकों को भीतर तक छूते हैं और अंत तक एक हल्की-सी बेचैनी और गहरी सोच छोड़ जाते हैं। फि ल्म की कहानी हेमंत बुंदेली द्वारा लिखी गई है, जिनकी लेखन शैली में मनोवैज्ञानिक सूक्ष्मता और कलात्मक दृष्टि का अनूठा मेल दिखाई देता है। निर्देशन की ज़िम्मेदारी प्रकृति शाक्या और श्रेष्ठा मिश्रा ने निभाई, जिन्होंने कहानी की नजाकत, पात्रों की मनःस्थिति और दृश्य-रचना को अत्यंत परिपक्वता से संभाला। दोनों निर्देशक इस स्क्रीनिंग के माध्यम से यह साबित करते हैं कि सीमित संसाधनों में भी गहरी, प्रभावशाली और विचारोत्तेजक फि ल्में बनाई जा सकती हैं।

फिल्म का छायांकन हर्षित सिंह द्वारा किया गया, जिनकी कैमरा भाषा ने फि ल्म के मनोवैज्ञानिक स्वरूप को और भी प्रखर बनाया। प्रकाश और छाया के खेल, क्लोज-अप्स, और धीमी गति से बने दृश्यों ने कलाकार की मानसिक स्थिति को समझने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपादन हर्षित कुमार मद्धेशिया द्वारा किया गया, जिसने पूरी फि ल्म को एक सधी हुई गति और ताल दी। दृश्यों के बीच का संतुलन, भावनात्मक समय-बंधन और दृश्य-परिवर्तन इतने सहज थे कि कहानी बिना किसी व्यवधान के दर्शकों को अपने साथ लिए चली। फिल्म के कलाकार—उत्कल, शिव, अर्चना, गगन, अभिजीत, शिवांस राव और शिवम—ने अपने किरदारों को इतनी संजीदगी से निभाया कि दर्शकों को हर पात्र की मनःस्थिति समझ में आने लगी। अभिनय में कहीं भी अति-नाटकीयता नहीं थी; बल्कि सरल, सधी और वास्तविक प्रस्तुति ने फि ल्म को और प्रामाणिक बनाया। विशेष रूप से कुछ दृश्यों में कलाकारों की मौन अभिव्यक्तियाँ कहानी का असली भार उठाती नजर आईं। स्क्रीनिंग हलदार हॉल में आयोजित की गई, जहाँ विद्यार्थियों, पूर्व-छात्रों, संकाय सदस्यों और कला-प्रेमियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। कई दर्शक फि ल्म समाप्त होने के बाद भी सीटों पर रुके रहे, जैसे किसी गहरे अनुभव से बाहर निकलने में समय लग रहा हो। इसके बाद हुई अनौपचारिक चर्चा में दर्शकों ने फि ल्म के विषय, प्रस्तुति और मनोवैज्ञानिक आयामों को लेकर एक-दूसरे से विचार साझा किए। कई छात्रों ने यह भी कहा कि चित्रका ने उन्हें मनुष्य और कला के बीच संबंध को नए दृष्टिकोण से समझने की प्रेरणा दी है।

'बाल उत्सव' दादी, मम्मी और हम में दिखा तीन पीढ़ियों का जोश

- राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने दिये सर्च फाउंडेशन बाल रक्षा सम्मान
- सर्वेश अस्थाना की परिकल्पना और रत्ना अस्थाना के निर्देशन में सजी यादगार शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सर्च फाउंडेशन का 25वां बाल उत्सव दादी, मम्मी और हम मंगलवार को स्थानीय गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के प्रधान, स्माइल मैन सर्वेश अस्थाना की परिकल्पना और रत्ना डांस अकादमी की प्रमुख रत्ना अस्थाना के निर्देशन में विभिन्न सतरंगी नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। इसके साथ ही दिव्यांग युवा कलाकारों की भी विशेष प्रस्तुतियां, दादी, मम्मी और बच्चों का फैशन शो और काव्य पाठ अन्य आकर्षण बने। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को आमंत्रित किया गया था। उनकी उपस्थिति में बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाले सुधि जनों को सर्च फाउंडेशन बाल रक्षा सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का आरंभ बाल उत्सव के थीम सांग छोटी आंखे बड़े बड़े सपने से हुआ। इस पर प्रभा रावत ने दर्शक दीर्घा से गुजरते हुए सभी को बाल उत्सव के लिए आमंत्रित किया। उत्सव की शुरूआत बाल प्रस्तुतियों से हुई। इसमें परंपरा के अनुसार सबसे पहले प्रथम देव गणेश जी की वंदना एक दंताय से हुआ इसमें अग्रिमा चौरसिया, रक्षा शर्मा, एंजल मौर्या, वीरा मौर्या, अनिका-अविका सिंह और अवंतिका श्रीवास्तव ने भाव नृत्य किया। जय हो पर स्वास्तिका त्रिपाठी और आयुषी गुप्ता के दल ने स्टंटिंग एक्शन कर खूब तालियां बटोरीं। नव्या वार्ष्णेय ने सकल बंद पर कथक शास्त्रीय नृत्य किया। माताओं ने देश के विभिन्न अंचलों में प्रचलित लोक नृत्यों पर मनभावन प्रस्तुतियां दी। इसमें रचना श्रीवास्तव ने प्रीत की लत मोहे ऐसी लागी पर उत्तर प्रदेश का रंग दशार्या तो शिप्रा, नीता चौधरी ने डोला रे पर बंगाली धुनुचि डांस और श्वेता, रीता मनराल ने गुलाबी शरारा पर उत्तराखंडी, नीता चौधरी, रक्षा शर्मा, श्वेता मनराल ने रंगीलो म्हारो ढोलना पर राजस्थानी, मीनू नागर ने चौगाड़ा तारा पर गुजराती गरबा पेश कर प्रशंसा हासिल की। ऊषा नगर दादी के साथ उनकी बेटी मीनू और मीनू की जुड़वा बेटियां जनिशा-जैष्नवी ने भी जोशीला नृत्य किया। दूसरी ओर बाल कलाकार आरवी श्रीवास्तव ने ढोल जगीरो द पर पंजाबी गिद्दा पेश किया। इसी क्रम में आरवी ने घर मोरे परदेसिया पर भी अपने नृत्य कला का प्रभावी प्रदर्शन किया।

60 साल से अधिक उम्र की पर मन से जवां दादी-नानियों ने जब नृत्य किया तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। इसमें बबीता साहू ने अपने पिया की मैं बनी रे जोगनिया, प्रीति गुप्ता ने भोर भए पनघट पे, बबीता साहू और रचना श्रीवास्तव ने रंगीला रे तेरे रंग में जैसे सुपरहिट गानों पर नृत्य कर साठ के दर्शकों के बॉलीवुड दौर को जीवंत कर दिया। इस क्रम में दादी-नीता चौधरी, नानी-प्रीति गुप्ता और मम्मी-श्वेता मनराल और शिप्रा चौधरी ने उनसे मिली नजर कि मेरे होश उड़ गए पर सुंदर नृत्य संयोजन पेश किया। इस क्रम में मम्मी-रचना श्रीवास्तव और शिप्रा चौधरी के साथ बेटी अग्रिमा चौरसिया ने राम आएंगे पर नृत्य कर माहौल को आध्यात्मिक रंग से सराबोर कर दिया। रश्मि गुप्ता और नीलम गुप्ता ने मेरे ढोलना सुन पर नृत्य किया। संध्या का केन्द्रीय आकर्षण बना दादी-नानी-मम्मी और बेटियों का फैशन शो। ओम शान्ति ओम टाइटल सांग पर हुए इस फैशन शो भारतीय पारंपरिक वेशभूषा के ट्रेंडस देखते ही बने। अनिका-अविका ने श्लोक और आरवी श्रीवास्तव ने शिव तांडव सुनाया। एंजल मौर्य ने मोबाइल की जेल से हो बच्चे आजाद पर प्रेरक संदेश दिया। दिव्यांग युवाओं की प्रतिभाओं ने इस बाल उत्सव को नई ऊंचाइयां दी। इसमें अनुराग शुक्ला के दल ने तुम्हारी शरण में कन्हैया, कीजो केसरी के लाल जैसे कई लोकप्रिय गीत और भजन सुनाए। इसमें हारमोनियम पर दिलीप कश्यप और ढोलक पर ब्रजेश निषाद ने प्रभावी संगत दी। काव्य श्रंख्ला में दिव्यांग युवा प्रतीक सैनी ने भारत की जन्मभूमि कविता सुनाकर तालियां बटोरी। बाल उत्सव में सीडीआरआई के दल की भी विशेष प्रस्तुतियां हुई। इसमें स्वरा, सुहाना, सत्यांशी, अनिका, इशिता, साईंश्री, अक्षरा और टिया की मनभावन वंदना के उपरांत दुर्गा स्तुति पेश की गई। उसमें टिया, साईंश्री, अक्षरा और इशिता ने प्रतिभाग किया। अनुश्री गायकवाड और समहिता कुमारवेलू की शिव स्तुति ने दर्शकों की प्रशंसा हासिल की।

जब कोई बात बिगड़ जाये...

लखनऊ। लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव 2025 प्रगति इवेंट का सफलतम महोत्सव में एक है। इस महोत्सव का इंतजार सभी लखनऊ वासियों को रहता है कई राज्यों के उत्पादन, स्वादिष्ट खान पान, झूला मस्ती के सॉन्ग टेराकोटा फर्नीचर क्रोकरी कॉरपोरेट उचित मूल पर महोत्सव में उपलब्ध रहता है। कश्मीर के ठंड के हिसाब से परिधान और ड्राई फ्रूट बीकानेर की नमकीन और राजस्थान के अचार खूब लोकप्रिय होते हैं और लोगों द्वारा खरीदे जाते हैं।

प्रगति इवेंट के संस्कृत मंच से प्रतिदिन प्रतिष्ठित संस्थाएं अपने कलाकारों के साथ शानदार प्रस्तुतियां का आयोजन करती हैं। इसी कड़ी में आज आरोही एंटरटेनमेंट के आयोजन संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में कुमार सानू के सदाबहार गीतों पर आधारित भाव संगीत भरी संध्या कुमार सानू नाइट का सफल आयोजन किया गया 90 के दशक के सुपरहिट गीतों से सजी इस शाम में संजय श्रीवास्तव कोमल शेखर यादव रिया राजवंशी ने अपनी मनमोहक स्थिति नजर के सामने, ये आइना जो, धीरे-धीरे मेरी जिंदगी में, सोचेंगे तुम्हें प्यार, सांसों की जरूरत, मिलने की तुम कोशिश, दिल है कि मानता नहीं, और सभी कलाकारों द्वारा मिलकर जब कोई बात बिगड़ जाए गाकर लखनऊ के संगीत प्रेमियों को एक यादगार अनुभव कर दिया संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह द्वारा सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बनारस से कन्याकुमारी और कोयम्बटूर के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा काशी तमिल संगमम के उपलक्ष्य पर श्रद्धालु यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 06009/06010 कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी विशेष गाड़ी का संचलन कन्याकुमारी से 07 दिसम्बर को तथा बनारस से 13 दिसम्बर को किया जायेगा।

06009 कन्याकुमारी-बनारस विशेष गाड़ी 07 दिसम्बर को कन्याकुमारी से 11.45 बजे प्रस्थान कर नागरकोविल से 12.10 बजे, वल्लियूर से 12.38 बजे, तिरुनेलवेली से 13.20 बजे, कोविलपट्टि से 14.10 बजे, सात्तूर से 14.30 बजे, विरुदुनगर से 14.55 बजे, मदुरै से 15.55 बजे, दिंडुक्कल से 17.02 बजे, तिरुच्चिराप्पल्लि से 19.30 बजे, श्रीरंगम से 20.30 बजे, वृद्धाचलम से 22.30 बजे, विल्लुपुरम से 23.50 बजे, दूसरे दिन मेलमरूवत्तूर से 00.50 बजे, चेंगलपट्टु से 01.20 बजे, ताम्बरम से 01.52 बजे, चेन्नै एषुंबूर (एग्मोर) से 03.10 बजे, गूडूर से 06.30 बजे, नेल्लूर से 07.02 बजे, ओंगोल से 08.32 बजे, विजयवाड़ा से 11.30 बजे, वरंगल से 15.50 बजे, मंचिर्याल से 17.15 बजे, सिरपुर कागजनगर से 18.05 बजे, बल्हारशाह से 20.10 बजे, चन्द्रपुर से 20.27 बजे, तीसरे दिन नागपुर से 01.00 बजे, आमला से 03.30 बजे, इटारसी से 07.10 बजे, जबलपुर से 10.50 बजे, कटनी से 12.10 बजे, सतना से 13.40 बजे, मानिकपुर से 16.02 बजे तथा प्रयागराज छिवकी से 17.50 बजे छूटकर बनारस 23.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 06010 बनारस-कन्याकुमारी विशेष गाड़ी 13 दिसम्बर को बनारस से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 02.55 बजे, मानिकपुर से 06.25 बजे, सतना से 07.50 बजे, कटनी से 09.35 बजे, जबलपुर से 11.10 बजे, इटारसी से 17.10 बजे, आमला से 19.30 बजे, नागपुर से 22.40 बजे, तीसरे दिन चन्द्रपुर से 02.42 बजे, बल्हारशाह से 04.10 बजे, सिगरपुर कागजनगर से 05.02 बजे, मंचिर्याल से 05.57 बजे, वरंगल से 08.12 बजे, विजयवाड़ा से 12.40 बजे, ओंगोल से 14.32 बजे, नेल्लूर से 16.12 बजे, गूडूर से 18.32 बजे, चेन्नै एषुंबूर (एग्मोर) से 22.00 बजे, ताम्बरम से 22.35 बजे, चेंगलपट्टु से 23.05 बजे, मेलमरूवतूर से 23.30 बजे, चौथे दिन विलुप्पुरम से 01.10 बजे, वृद्धाचलम से 01.57 बजे, श्रीरंगम से 03.22 बजे, तिरुच्चिराप्पल्लि से 04.00 बजे, दिंडुक्कल से 05.02 बजे, मदुरै से 06.10 बजे, विरुदुनगर से 06.42 बजे, सात्तूर से 07.05 बजे, कोविलपट्टि से 07.25 बजे, तिरुनेलवेली से 08.40 बजे, वल्लियूर से 09.22 बजे तथा नागरकोविल से 10.05 बजे छूटकर कन्याकुमारी 11.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 06, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। जबकि 06013/06014 कोयम्बत्तूर-बनारस-कोयम्बत्तूर विशेष गाड़ी का संचलन कोयम्बत्तूर से 09 दिसम्बर को तथा बनारस से 15 दिसम्बर को किया जायेगा। 06013 कोयम्बत्तूर-बनारस विशेष गाड़ी 09 दिसम्बर को कोयम्बत्तूर से 18.00 बजे प्रस्थान कर तिरुप्पूर से 18.45 बजे, ईरोड से 19.40 बजे, सेलम से 20.40 बजे, जोलारपेट्टै से 23.35 बजे, दूसरे दिन काटपाडी से 00.57 बजे, अरक्कोणम से 01.47 बजे, पेरम्बूर से 02.55 बजे, गूडूर से 06.30 बजे, नेल्लूर से 07.02 बजे, ओंगोल से 08.32 बजे, विजयवाड़ा से 11.30 बजे, वरंगल से 15.50 बजे, मंचिर्याल से 17.15 बजे, सिरपुर कागजनगर से 18.05 बजे, बल्हारशाह से 20.10 बजे, चन्द्रपुर से 20.27 बजे, तीसरे दिन नागपुर से 01.00 बजे, आमला से 03.30 बजे, इटारसी से 07.10 बजे, जबलपुर से 10.50 बजे, कटनी से 12.10 बजे, सतना से 13.40 बजे, मानिकपुर से 16.02 बजे तथा प्रयागराज छिवकी से 17.50 बजे छूटकर बनारस 23.15 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 06014 बनारस-कोयम्बत्तूर विशेष गाड़ी 15 दिसम्बर को बनारस से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 02.55 बजे, मानिकपुर से 06.25 बजे, सतना से 07.50 बजे, कटनी से 09.35 बजे, जबलपुर से 11.10 बजे, इटारसी से 17.10 बजे, आमला से 19.30 बजे, नागपुर से 22.40 बजे, तीसरे दिन चन्द्रपुर से 02.42 बजे, बल्हारशाह से 04.10 बजे, सिगरपुर कागजनगर से 05.02 बजे, मंचिर्याल से 05.57 बजे, वरंगल से 08.12 बजे, विजयवाड़ा से 12.40 बजे, ओंगोल से 14.32 बजे, नेल्लूर से 16.12 बजे, गूडूर से 18.32 बजे, पेरम्बूर से 22.50 बजे, अरक्कोणम से 23.42 बजे, चौथे दिन काटपाडी से 00.50 बजे, जोलारपेट्टै से 02.50 बजे, सेलम से 04.30 बजे, ईरोड से 05.25 बजे तथा तिरुप्पूर से 06.05 बजे छूटकर कन्याकुमारी 08.30 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 06, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। तो 06015/06016 पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल-बनारस-पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल विशेष गाड़ी का संचलन पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल से 12 दिसम्बर को तथा बनारस से 17 दिसम्बर को किया जायेगा। 06015 पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल-बनारस विशेष गाड़ी 12 दिसम्बर को पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल से 04.15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गूडूर से 06.30 बजे, नेल्लूर से 07.02 बजे, ओंगोल से 08.32 बजे, विजयवाड़ा से 11.30 बजे, वरंगल से 15.50 बजे, मंचिर्याल से 17.15 बजे, सिरपुर कागजनगर से 18.05 बजे, बल्हारशाह से 20.10 बजे, चन्द्रपुर से 20.27 बजे, तीसरे दिन नागपुर से 01.00 बजे, आमला से 03.30 बजे, इटारसी से 07.10 बजे, जबलपुर से 10.50 बजे, कटनी से 12.10 बजे, सतना से 13.40 बजे, मानिकपुर से 16.02 बजे तथा प्रयागराज छिवकी से 17.50 बजे छूटकर बनारस 23.15 बजे पहुँचेगी।

चार ट्रेनें निरस्त, कई ट्रेनें गन्तव्य से पहले यात्रा करेंगी समाप्त

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के भटनी-औड़िहार खण्ड के दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में मऊ-पिपरी डीह खण्ड के मध्य पुल संख्या-84 एवं पिपरी डीह-दुल्लहपुर खण्ड के मध्य पुल संख्या-91 पर कार्य किया जायेगा। इन कार्यों के पूरा हो जाने पर दूसरी लाइन की कमीशनिंग की जा सकेगी तथा लाइन क्षमता में वृद्धि होने के साथ ही जनआकांक्षाओं के अनुरूप अधिक गाड़ियां चलाई जा सकेंगी तथा गाड़ियों के समय-पालन में अपेक्षित सुधार होगा। इन कार्यों के पूर्ण करने हेतु गाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग निम्नवत किया जायेगा। गाड़ियों का निरस्तीकरण के तहत बनारस एवं भटनी 20 नवम्बर को चलने वाली 55138/55137 बनारस-भटनी-वाराणसी सिटी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। मऊ एवं दोहरीघाट 20 नवम्बर को चलने वाली 65134/65133 मऊ-दोहरीघाट-मऊ मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। आंशिक निरस्तीकरण के तहत छपरा से 20 नवम्बर को चलने वाली 15111 छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा मऊ-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 20 नवम्बर को चलने वाली 15112 वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ स्टेशन से चलाई जायेगी तथा वाराणसी सिटी-मऊ के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 20 नवम्बर को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ स्टेशन से चलाई जायेगी तथा वाराणसी सिटी-मऊ के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 20 नवम्बर को चलने वाली 15129 गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा मऊ-वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी।

नारी को अबला नहीं, लक्ष्मीबाई समझो : शालिनी वर्मा

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ महानगर के तत्वावधान में लखनऊ विश्वविद्यालय के जेके सभागार में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही।

संगोष्ठी में उपस्थित युवा तरुनाई को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री ने कहा 1857 की क्रांति यानी आज से लगभग 168 साल पहले महिलाओं का योगदान राष्ट्र निर्माण में हो इसे रानी लक्ष्मीबाई ने सुनिश्चित किया। झांसी के गणेश मंदिर में प्रतिवर्ष महिलाओं का एक उत्सव हल्दी कुंकू नाम से आयोजित होता था इस उत्सव में नगर के प्रमुख एवं आम घरानों की भी महिलाएं आती थीं। इसी उत्सव के माध्यम से सुंदर, मुंदर, जूही, झलकारी, काशीबाई आदि किशोरियां और तरूणियों लक्ष्मीबाई की सहेलियां बन गई। रानी ने सबको घुड़सवारी और शस्त्राभ्यास कराया। इस तरह उन्होंने एक स्त्री-सेना ही खड़ी कर दी जिसने आगे चलकर अंग्रेजों के साथ युद्ध में भाग लिया। झांसी की प्रत्येक महिला का योगदान इस समर में हो इसलिए उन्होंने झांसी की प्रत्येक महिला से आग्रह किया कि वे हल्दी कुंकू के उत्सव के समय अपने गहनों में से कुछ न कुछ दें और रानी इसके बदले उन्हें वह हल्दी कुंकू देंगीं। इस तरह प्रत्येक महिला का इस समर में मानसिक योगदान दिलवाया।

क्षेत्रीय निदेशक ने किया आईआरएस का निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अहिबरनपुर क्षेत्र में इनडोर रेसिड्यूल स्प्रे (आईआरएस) की गतिविधि की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने बताया कि उपरोक्त के क्रम में मंगलवार को गतिविधि का निरीक्षण डॉ. जुलफिकार क्षेत्रीय निदेशक भारत सरकार तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया व उनके द्वारा लोगों को बीमारी व उसके बचाव के बारे में जागरूक किया गया।

क्षेत्रीय निदेशक गतिविधियों से संतुष्ट थे` उन्होने कमर्चारियों तथा स्थानीय लोगों से बातचीत की` आईआरएस की गतिविधि 10 नवम्बर से शुरू हुयी है और 25 नवम्बर तक चलेगी। अब तक 120 घरों में आईआरएस किया जा चुका है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि यह बीमारी बालू मक्खी के काटने से होती है, जिसमें मरीज को दो हफ्तों से अधिक दिनों का बुखार, तेजी से वजन का घटना, भूख का ना लगना, अक्सर तिल्ली या कभी कभी यकृत के बढ़ जाने से पेट का फूल जाना जैसे लक्षण दिखाई देते है। कालाजार में चेहरे, पैर, हाथ, पेट का रंग गहरा काला पड़ जाता है इसलिए इसे काला बुखार भी कहा जाता है। इस रोग से बचाव के लिए साल में दो बार प्रभावित क्षेत्र में कीटनाशक का छिड़काव कराया जाता है व आशा बहू द्वारा घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों के बारे में पता लगाया जाता है जिससे उनका समय रहते इलाज कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान सहयोगी संस्था पाथ से जिला कोर्डिनेटर प्रज्ञा त्रिपाठी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शालिनी चौधरी व मलेरिया इंस्पेक्टर नवनीत राय उपस्थित रहे। आपको बताते चलें कि गत वर्ष अहिबरनपुर में कालाजार का एक रोगी मिला था।

आईआरएस के तहत बरते यह सावधानियां, छिड़काव से पहले सभी कमरों को खाली कर दें, रसोई में छिड़काव करने से पहले सभी खाद्य पदार्थों को रसोई से बाहर कर दें। घर के सारे कमरों की दीवारों पर छह फीट की ऊंचाई तक छिड़काव करवाएं। कीटनाशक का छिड़काव दस हफ्तों तक प्रभावशाली होता हे। इस अवधि के दौरान दीवारों पर पेंट, मिट्टी, चूना न कराएँ क्योंकि इससे कीटनाशक का प्रभाव कम हो जाएगा। कीटनाशक का छिड़काव कराने से कम से कम चार घंटे तक घर से बाहर रहें, घर के अंदर प्रवेश न करें।

डिप्टी सीएम ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली पदयात्रा

लखनऊ। सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार सुबह 11 बजे श्रृंगार नगर संत निरंकारी भवन पर लखनऊ कैंट विधायक व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में यूनिटी फॉर रन के तहत पदयात्रा निकाली गई। यह पद यात्रा श्रृंगार नगर होते हुए सरार्फा मार्केट, आलमबाग चौराहा, टेढ़ी पुलिया होते हुए मवैया चौराहे पर समापन हुआ। इस दौरान प्रत्येक चौराहे भाजपा कार्यकताओं ने उपमुख्यमंत्री को फूल माला पहना और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि उठो जवानों नशा छोड़ो कदम बढ़ाओ और स्वस्थ्य भारत की स्थापना करो। इस दौरान भारी संख्या में यात्रा में सम्मिलित भाजपा कार्यकर्तागण एवं एनसीसी कैडेट्स छात्रों में हाथों में तिरंगा झंडा ले भारत माता की जय और बंदे मातरम के नारे जमकर लगाए इस अवसर पर पदयात्रा में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र राजपुत, सचिन वैश्य समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

535 मतों से प्रो. मनोज पांडेय फिर बने लुआक्टा अध्यक्ष

- प्रो अंशु केडिया को कुल 489 मत पाकर फिर बनीं महामंत्री
- उपाध्यक्ष पद पर डा. नरेंद्र सिंह और डा. मोहम्मद हबीब को निर्वाचित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुमताज पीजी कॉलेज मे संपन्न हुए लुआक्टा के चुनाव में 968 शिक्षकों में से कुल 888 शिक्षकों ने मतदान किया, जिसमे 16 नवम्बर को संपन्न पोस्टल बैलेट के माध्यम से 50 शिक्षकों द्वारा मतदान किया गया और मतदान तिथि को 838 शिक्षकों द्वारा मतदान किया गया। देर रात चली मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी ने चुनाव परिणाम घोषित किया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में प्रो मनोज पांडेय को 711 मत प्राप्त हुए जबकि प्रो सिद्धार्थ सिंह को 176 मत प्राप्त हुए एक मत अवैध रहा डॉ मनोज पांडेय अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 535 मतो से विजयी रहे। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए 2 पदों के सापेक्ष कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान मे थे, मतगणना के बाद प्रो नरेंद्र सिंह को सर्वाधिक 261 मत, डॉ मो. हबीब को 253 मत प्राप्त हुए इस तीसरे नम्बर पर डॉ संजय कुमार सिंह 221 मत, चौथे नम्बर पर डॉ मोहसिन रजा को 220 मत, डॉ सौरभ कुमार मिश्र को 189 मत एवं डॉ इंद्र पाल को 182 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार डा नरेंद्र सिंह तथा डा मोहम्मद हबीब को निर्वाचित घोषित किया गया।

अन्य जिलों से डॉ प्रवीण सिंह मेजर को 438 मत, डा श्रीकांत उपाध्याय को 240 मत तथा डा अनिल कुमार यादव को 88 मत प्राप्त हुए सर्वाधिक मत डा प्रवीण सिंह मेजर को प्राप्त हुआ एवं उन्हे उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया जबकि महामंत्री पद के लिए भी प्रो अंशु केडिया को कुल 489 मत तथा डॉ अमित कुमार राय को 398 मत प्राप्त हुआ, प्रो अंशु केडिया 91 मत से निर्वाचित घोषित हुई एक मत अवैध मिला।

इसी प्रकार संयुक्त मंत्री के कुल तीन पद के लिए हुए चुनाव मे डॉ वाहीद आलम को सर्वाधिक 534 मत, दूसरे नम्बर पर डा पूजा दुबे को 380 मत प्राप्त हुए एवं तीसरे नम्बर पर डॉ अरविंद बहादुर सिंह जी को 310 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार मतों के आधार पर डॉ वाहीद आलम एवं डॉ पूजा दुबे को निर्वाचित घोषित किया गया। अन्य जिलों के लिए आरक्षित पद पर डॉ शिवाकांत को 390 मत एवं डॉ वीरेंद्र सिंह यादव को 379 मत प्राप्त हुए। डॉ शिवाकांत 11 मत से निर्वाचित घोषित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर डॉ कीर्ति प्रकाश तिवारी को 499 मत और डॉ श्रवण कुमार गुप्ता को 386 मत प्राप्त हुए 3 मत अमान्य घोषित हुए। इस प्रकार डॉ कीर्ति प्रकाश तिवारी 113 मत से विजयी घोषित हुए। वाणिज्य प्रतिनिधि तथा रायबरेली जिले के जिला अध्यक्ष और जिला महामंत्री के संपन्न चुनाव को कतिपय खामियों के कारण रद्द कर दिया गया और इन पदों पर पुनः चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधि निर्विरोध रूप निर्वाचित हुए, जिसमें कमलजीत मणि मिश्र, विधि प्रतिनिधि (निर्वाचित निर्विरोध), नूरबानो, पुस्तकालय प्रतिनिधि (निर्विरोध निर्वाचित), डॉ रमेश कुमार यादव शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि (निर्वाचित निर्विरोध), डॉ सुरेंद्र मणि त्रिपाठीकला प्रतिनिधि (निर्वाचित निर्विरोध), प्रो संजय भारती शिक्षा प्रतिनिधि (निर्वाचित निर्विरोध) हुए। वहीं, अन्य जिलों से पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिसमें लखीमपुर से जिला अध्यक्ष प्रो संजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ मानवेंद्र यादव, जिला महामंत्री डॉ अमित सिंह, जिला संयुक्त मंत्री विमलेश बनी।

लविवि की रिपोर्ट से हटे केकेसी प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा

उप प्राचार्य डॉ. केके शुक्ला ने दी थी चुनौती, मिला प्राचार्य का चार्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री जय नारायण मिश्र डिग्री कॉलेज (केकेसी कॉलेज) के प्राचार्य को उनके पद से हटा दिया गया है। प्रिंसिपल पद के लिए चल रही लड़ाई ढाई साल बाद रविवार को खत्म हुई जब कॉलेज मैनेजमेंट ने लखनऊ विश्वविद्यालय से आई चिट्ठी के बाद प्रो.विनोद चंद्रा को प्राचार्य पद से हटा दिया। इसके साथ ही उप प्राचार्य रहे केके शुक्ला को सोमवार को प्राचार्य पद का चार्ज दिलाया गया।

केकेसी डिग्री कॉलेज में 30 जून को डॉक्टर मीता शाह के रिटायर होने के बाद विनोद चंद्रा को कार्यवाहक प्राचार्य बनाया गया था। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री जय नारायण मिश्र डिग्री कॉलेज (केकेसी कॉलेज) के प्राचार्य को उनके पद से हटा दिया गया है। प्रिंसिपल पद के लिए चल रही लड़ाई ढाई साल बाद रविवार को खत्म हुई, जब कॉलेज मैनेजमेंट ने लखनऊ विश्वविद्यालय से आई चिट्ठी के बाद प्रो. विनोद चंद्रा को उनके पद से हटाने का आदेश आ गया। इसके साथ ही उप प्राचार्य रहे केके शुक्ला को सोमवार को प्राचार्य पद का चार्ज दिया गया। बता दें कि उप प्राचार्य डॉ. केके शुक्ला ने कार्यवाहक प्राचार्य की कुर्सी अपने पास न आता देख लखनऊ विश्वविद्यालय को एक रिपोर्ट 26 जून 2023 को दी थी, जिसमें उन्होंने कहा कि जो वरिष्ठता सूची बताई जा रही है वह गलत है और कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षक के हिसाब से वह सबसे वरिष्ठ हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने ढाई साल जांच में गुजार दिये और अभी एक हफ्ते पहले इसकी रिपोर्ट बन जाने के बाद कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कार्यालय आदेश जारी करने का आदेश दिया था, इसके बाद यह रिपोर्ट केकेसी डिग्री कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी को सौंप दी गई है। इसमें यह निर्णय लिया गया है कि वाणिज्य विभाग के केके शुक्ला को प्राचार्य पद पर ज्वॉइनिंग दे दी जाए। इसके बाद रविवार की शाम को एक मैसेज भी चला जिसमें विनोद चंद्रा ने विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा दिए गए एडवर्स ऑर्डर पर कहा कि उनकी छुट्टियों को गलत इंटरप्रेटेशन करके जोड़ा गया है माना जा रहा है कि विनोद चंद्रा जल्द ही न्यायालय की शरण भी ले सकते हैं। इधर केके शुक्ला सोमवार को प्राचार्य पद का चार्ज संभाल लिया। केकेसी कॉलेज में इन दिनों वार्षिक समारोह की तैयारी चल रही हैं जिसमें खेल और सांस्कृतिक आयोजन पहले से ही तय थे और उनके चीफ गेस्ट भी पहले से ही तय है इसके लिए तमाम तैयारियां हो चुकी हैं और कुछ कार्यक्रम हो भी चुके हैं ऐसे में आगे के कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों में उहापोह की स्थिति है।

छात्रों ने प्रो. केके शुक्ला को दी बधाई

श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज केकेसी में मंगलवार को प्रो. केके शुक्ला को कॉलेज (केकेसी) का प्राचार्य नियुक्त होने पर छात्रों ने भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अधिवक्ता व छात्र नेता केकेसी अभय सिंह, पूर्व छात्र नेता संजय सिंह, अधिवक्ता सुधांशु पांडे, इकाई अध्यक्ष सपा अभीत प्रताप सिंह, जिला महासचिव एनएसयूआई कुनाल सिंह व अन्य छात्र शामिल थे। छात्र नेता अभय सिंह ने बधाई देते हुए प्राचार्य से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। आपका कार्यकाल का समय स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा।

आईईटी 11 क्रिकेट के फाइनल में

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में चल रहे इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट में मंगलवार को आईईटी 11 ने रजिस्ट्रार 11 को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल का टिकट कटा लिया। टॉस जीतकर आईईटी 11 के कप्तान डॉक्टर पवन कुमार तिवारी ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रजिस्ट्रार 11 की टीम ने कुंवर सिंह की शानदार 46 रनों और रंजीत सिंह के 21 रनों की बदौलत 121 रनों का अच्छा खासा लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईईटी 11 की शुरूआत धीमी रही लेकिन कुंदन के बैटिंग पर आते ही रन गति तेज हो गई। अंत में कुंदन ने अपनी आतिशी पारी 13 गेंद 43 रनों के दम पर अपनी टीम को विजय दिला दी।

इसके अलावा प्रतियोगिता में मंगलवार से बैडमिंटन के भी मुकाबला शुरू हुआ, जिसमें, एफओएपी 11 ने डीन 11 को, सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले में हरा दिया। इसके अलावा अन्य एकल मुकाबले में कैश 11 ने मैनेजमेंट 11 को हराया जबकि रजिस्ट्रार 11 और वीसी 11 के बीच हुए एकल मुकाबले में एक एक मैच दोनों टीमों ने जीता जबकि डबल्स मुकाबले वीसी 11 ने अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त एफओएपी 11 और सीओई 11 के बीच एकल मुकाबला हुआ। इस दौरान प्रो. ओपी सिंह, डॉ ताबिश अहमद अब्दुल्ला, डॉ मनोज कुमार, शिवम गुप्ता, शिशिर द्विवेदी, डॉ सिद्धार्थ यादव, सौरभ मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

5 दिसम्बर तक सिल्ट सफाई का काम हो पूरा : स्वतंत्र देव

जलशक्ति मंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय स्थित नवीन सभागार में मंगलवार को जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष संदीप कुमार, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन) एके सिंह और प्रमुख अभियंता (परियोजना) सोरण सिंह की उपस्थिति में सिंचाई विभाग एवं उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में संतोष कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक उप्र प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, प्रभात कुमार दुबे, अवधेश शर्मा, विष्णु अग्रवाल, प्रभाकर प्रसाद, उपेन्द्र नाथ, जयंत मिश्रा एवं विनोद कुमार मिश्रा, मुख्य अभियंतागण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक संतोष कुमार सिंह द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश कारपोरेशन द्वारा वर्ष 2025-26 में कार्यो का लक्ष्य रू. 2400 करोड़ निर्धारित किया गया था जिसमें से अक्टूबर 2025 तक रू. 1252 करोड़ का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। संस्था द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में रू. 103.73 करोड़ का पूर्व लाभ अर्जित किया गया। इस वर्ष लगभग 55 हजार कि.मी. लम्बाई में सिल्ट सफाई का कार्य कराये जाने का लक्ष्य है जो विगत वर्ष से 5 हजार कि.मी. अधिक है। अब तक लगभग 40% लम्बाई में सिल्ट सफाई का कार्य कराया जा चुका है। 15 दिसम्बर तक सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। सड़कों के गड्ढामुक्ति एवं नवीनीकरण का कार्य विभाग द्वारा 905.000 कि.मी. में गड्ढामुक्ति एवं 1495.000 कि.मी. लम्बाई में नवीनीकरण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। अब तक लगभग 850.000 कि.मी. लम्बाई में गड्ढामुक्ति का कार्य पूर्ण हो गया है एवं नवीनीकरण का कार्य प्रस्तावित सम्पूर्ण लम्बाई में प्रगति पर है। जो निर्धारित समय सीमा 15 दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आगामी जून 2026 में बाढ़ से निपटने के लिए विभाग द्वारा कई परियोजनाएं तैयार की गयी हैं, इस सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी एवं बाढ़ परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए शीघ्र ही स्थायी संचालन समिति आयोजित किये जाने के लिए निर्देश दिये गए। विभाग के द्वारा सिंचाई सम्बन्धी जो भी परियोजनाएं वर्तमान में क्रियान्वित की जा रही हैं, उन सभी परियोजनाओं की मंत्री द्वारा समीक्षा की गयी एवं विलम्बित परियोजनाओं में आ रही कठिनाईयों को दूर कर उनके शीघ्र सम्पादन के लिए निर्देश दिये गए। मंत्री द्वारा बैठक में सिंचाई यांत्रिक के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया एवं उनके द्वारा जो भी परियोजनाएं नलकूप एवं पम्प नहरों से सम्बन्धित क्रियान्वित की जा रही हैं, उन्हें शीघ्र ही पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गए तथा साथ ही जिन स्थानों पर नयी पम्प नहरों का निर्माण किया जा सकता है, उन स्थानों पर सर्वे करने के बाद परियोजनाएं तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गए। मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रदेश के समस्त बैराजों का निरीक्षण कर उनमें यदि कोई सिल्ट डिपोजिट की समस्या है तो उनके निदान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मंत्री द्वारा सभी अधीक्षण अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ता से अपेक्षा की गयी कि समस्त अधिकारीगण प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्थित निरीक्षण भवनों में रात्रि विश्राम करेगें एवं निर्माण कार्यो का सतत निरीक्षण भी करते रहेगें।

कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में बच्चों को सशक्त कर रहा एमवे

लखनऊ। भारत बचपन के कुपोषण के खिलाफ अपने प्रयासों को प्राथमिकता दे रहा है और इसे एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्य मान रहा है। इसी राष्ट्रीय प्राथमिकता के अनुरूप, लोगों के स्वास्थ्य और खुशहाली में योगदान देने वाली अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने अपने प्रमुख पोषण कार्यक्रम पावर ऑफ 5 के तहत चाइल्डफंड इंडिया के साथ साझेदारी की और कम्पोजिट स्कूल, बस्तौली, चिनहट, लखनऊ में खेल-खेल में सिखाने वाली गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने वाली पहल आयोजित की। इस कार्यक्रम में बाल दिवस पर बचपन की अहमियत को उजागर करते हुए आकर्षक ग

संक्षेप

रोटावेटर से किशोर घायल

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चाँदपार निवासी 13 वर्षीय भोला कुशवाहा पुत्र दूधनाथ कुशवाहा रोटावेटर की चपेट में आने से गम्भीर रुप में घायल हो गया। बताया गया युवक के खेत की जुताई कर रहे ट्रैक्टर पर बैठा था जो ट्रेक्टर से गिर कर रोटावेटर की चपेट में आ गया। उपचार के लिए परिजन सीएचसी भटनी ले गये। जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उपचार के लिए गोरखपुर मेडिकल कालेज भेज दिया।

बंद मकान से दिनदहाड़े पौने दो लाख की चोरी

मथुरा। थाना बरसाना क्षेत्र अंतर्गत बरसाना राधा रानी मंदिर के पास एक बंद मकान में मंगलवार दोपहर दिनदहाड़े चोरी हो गई। तीन चोरों ने घर में घुसकर अलमारी तोड़ी और करीब पौने दो लाख रुपये नकद सहित शादी के लिए रखी साड़ियां चुरा लीं। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर तीन टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी है। मकान मालिक बनवारी पुत्र खूबीराम ने बताया कि उनके बड़े भाई स्वर्गीय रतन की बेटी की शादी तय हुई है। इसी के लिए दो दिन पहले बैंक से डेढ़ लाख रुपये और दुकान के पच्चीस हजार रुपये निकाले गए थे। कुल पौने दो लाख रुपये और कुछ साड़ियां घर की गोदरेज अलमारी में रखे थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बनवारी अपने भाई के घर लग्न लिखने की रस्म में शामिल होने गए थे। इसी दौरान तीन युवक मकान की कुंडी खोलकर अंदर दाखिल हुए। उन्होंने सब्बल की मदद से अलमारी का ताला तोड़ा और रुपये व साड़ियां लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे, तो उन्हें दरवाजे खुले मिले। अंदर अलमारी टूटी हुई थी और कपड़े बिखरे पड़े थे। नकदी और साड़ियां गायब थीं। चोरी की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज अंशुमान विश्नोई पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। थाना प्रभारी चेतराम शर्मा ने बताया कि फुटेज में दो युवक चोरी का सामान ले जाते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दिए हैं। पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में घर में काम करने वाली एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को पकड़ने के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

सरदार पटेल जयंती पर आयोजित यूनिटी मार्च में हजारों लोग शामिल

कुशीनगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष मे भाजपा द्वारा निकाली जा रही विधानसभावार पदयात्रा के क्रम में सोमवार को कुशीनगर विधानसभा की भव्य एकता यात्रा निकाली गई और अखंड राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके सपने साकार करने का संकल्प लिया गया। मुंडेरा रतनपट्टी मठ से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुशीनगर विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक पवन केडिया, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी और कुशीनगर नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल के नेतृत्व में निकाली गई एकता यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रामनगर, सोनबरसा, भरटोली, विशुनपुरा, बुद्ध नगरी, कुशीनगर, एयरपोर्ट तिराहा, होटल ओम रेजीडेंसी होते हुए एकता यात्रा बेनेट क्लब परिसर में जनसभा में परिवर्तित हो गई।

मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि सरदार पटेल इतिहास के महानायक होने के साथ ही आज भी देश की राष्ट्रीय चेतना के केंद्र हैं। अगर सरदार पटेल न होते तो आज भारत का नक्शा कुछ और होता। अखंड भारत का जो स्वरूप हमें आज दिखाई देता है, इसके शिल्पी के रूप में पूरा भारत सरदार पटेल के प्रति सदैव कृतज्ञता ज्ञापित करता है। देश के अंदर सैकड़ों रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने और फिर भारत के वर्तमान स्वरूप को उन्होंने उस समय जिस दूरदर्शिता और सूझ-बूझ के साथ लागू किया था, आज वह भारत हम सबको देखने को मिलता है। कहा कि पद यात्रा का उद्देश्य जन जन तक एकता का संदेश देना है। डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के के नेतृत्व में सरदार पटेल का एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर पटेल के सपनों को साकार किया। कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने कहा कि गुजरात में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है जिसमें भारत के सभी नागरिकों का सहयोग समाहित है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हुआ है। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कहा कि सरदार पटेल की दूरदृष्टि और मजबूत नेतृत्व ने भारत को एक सशक्त संघीय ढांचा प्रदान किया। उनकी जयंती पर निकाली गई यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने का प्रतीक है। यात्रा का नेतृत्व कर रहे कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी और देश की विविधता को एकता में बदला। आजादी के समय उन्होंने पाकिस्तान समेत कई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए देश को सुरक्षित रखा। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूती में सरदार पटेल की योगदान को भी अहम माना जाता है। इस अवसर पर सन्तोष दत्त राय, ओम प्रकाश जायसवाल, डॉ सीमा गुप्ता, चन्द्र प्रभा पांडेय, अमित पाण्डेय, कृष्ण कुमार जायसवाल, शुभम दीक्षित, आद्या पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, अमरजीत कुशवाहा, किन्नरेश चौबे, राजेश राव, बच्चा सिंह, अनिल प्रताप राव, आदि उपस्थित थे।

मांट मूला में पंचायत सचिव ने हटाये मजदूर

मथुरा। मांट मूला बस अड्डे पर बने सामुदायिक शौचालय से मंगलवार मजदूरों को हटा दिया गया है। पंचायत सचिव धीरेंद्र पाल ने यह कार्रवाई की, जब उन्हें सूचना मिली कि मजदूर शौचालय को अपना अस्थाई निवास बनाकर रह रहे थे। दरअसल, बस अड्डे पर पुराने भवन को ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य में लगे मजदूर पहले बस अड्डे की मुख्य इमारत में रह रहे थे, जिसे दो दिन पहले ढहा दिया गया था। इमारत ध्वस्त होने के बाद, बस अड्डे और शौचालय के केयर टेकर की कथित मिलीभगत से मजदूरों को सामुदायिक शौचालय में रहने की अनुमति दी गई थी। मजदूरों ने शौचालय के भीतर ही खाना बनाने और सोने-बैठने की व्यवस्था कर ली थी। इसमें निर्माण कार्य के उपकरण और कबाड़ भी भर दिया था। आज सुबह पंचायत सचिव धीरेंद्र पाल को इसकी जानकारी मिली। वह तत्काल मौके पर पहुंचे और मजदूरों का सामान बाहर निकलवाया। इसके बाद शौचालय को दोबारा सार्वजनिक उपयोग के लिए चालू कर दिया गया। पंचायत सचिव ने बताया कि शौचालय में मजदूरों के रहने की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। यह सामुदायिक शौचालय मांट मूला ग्राम पंचायत द्वारा बनवाया गया है और तहसील के मुख्य द्वार के सामने स्थित है। इसकी नियमित सफाई और निगरानी केयर टेकर और पंचायत सचिव द्वारा की जाती है।

विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी ने किया निरीक्षण

परशदेपुर, रायबरेली। नगर पंचायत में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी ने मंगलवार को क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। अधिशाषी अधिकारी ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर शिवनगर स्थित तालाब सौंदरीकरण के कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का बारीकी से निरीक्षण किया और परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए संबंधित टीम को आवश्यक निर्देश दिए। राहगीरों और यातायात की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अधिशाषी अधिकारी राजभवन शुक्ल द्वारा बाजार के दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपनी दुकानें तत्काल प्रभाव से सड़क की पटरी से हटाकर लगाएं। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता को लेकर भी स्थानीय दुकानदारों को सख़्त हिदायत दी गई कि वे अपनी दुकान के आस-पास उच्च स्तर की साफ-सफाई बनाए रखें, ताकि बाजार क्षेत्र स्वच्छ और आकर्षक बना रहे। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता और व्यवस्थित यातायात हमारी प्राथमिकता है। नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यालय कर्मचारी प्रेमलाल, अजय कुमार, चंदन कुमार, मनीष कुमार, नदीम, मोहम्मद आरिफ और सफाई व्यवस्था की कमान संभाल रहे मोहम्मद मुतुर्जा, पवन कुमार, मोहम्मद नसीम, तथा मोहम्मद सगीर आदि मौजूद रहे।

रबी की फसलों में संतुलित उर्वरक का करें उपयोगः कृषि अधिकारी

सुलतानपुर (वीओएल)। रबी की बुवाई को देखते हुए जनपद के किसानों के लिए कृषि विभाग ने महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। जिला कृषि अधिकारी एसएन चैधरी ने बताया कि किसानों को गेंहूँ, दलहनी एवं तिलहनी फसलों में डीएपी, एनपीके, पोटाश सहित अन्य फास्फेटिक उर्वरकों का उपयोग मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर संतुलित रूप से करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग न केवल उत्पादन लागत बढ़ाता है बल्कि भूमि की उर्वरता कम करता है तथा मृदा प्रदूषण व मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण अवश्य कराएं तथा रिपोर्ट के अनुसार ही एनपीके, एसएसपी, पोटाश जैसे उर्वरकों का चयन करें। बुवाई के समय फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा देना आवश्यक है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान डीएपी पर अपनी निर्भरता कम करें और एनपीके, एसएसपी, पोटाश, नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, जीवामृत, घन जीवामृत, गोबर खाद व कम्पोस्ट का अधिक प्रयोग करें। ये सभी उर्वरक जनपद की समितियों व निजी दुकानों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि डीएपी में केवल नाइट्रोजन व फास्फोरस होते हैं, जबकि एनपीके उर्वरकों में तीनों आवश्यक पोषकतत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश संतुलित मात्रा में होते हैं, जिससे फसल की उपज, गुणवत्ता में वृद्धि, पौधों का मजबूत विकास, सुधार मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि डीएपी 2190 एमटी, एनपीके 5041 एमटी, सिंगल सुपर फास्फेट 4258 एमटी, पोटाश 382 एमटी, यूरिया 13563 एमटी उपलब्ध है। कृषि विभाग के बाबू अनूप तिवारी ने किसानों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक एनपीके उर्वरक का प्रयोग कर अपनी लागत घटाएं और उपज बढ़ाएं व डीएपी की लाइनों में अनावश्यक भीड़ लगाने से बचें।

उप्र महिला आयोग करेगा 19 को जनसुनवाई

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश महिला आयोग द्वारा महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनपद में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन 19 नवम्बर, 2025 को तहसील सभागार, हाटा में किया जाएगा।

जानकारी देते हुए जिला प्रवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती जनक नंदिनी करेंगी। कार्यक्रम में जनपद की महिलाएँ अपनी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं, जिनका निस्तारण मौके पर ही किया जाएगा या संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। महिला आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न की शिकायतें, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी समस्याओं पर चर्चा कर उनके त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, महिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे ताकि पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का समग्र समाधान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही पोषण अभियान से संबंधित विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मोटापा नियंत्रण, संतुलित आहार, किशोरियों के स्वास्थ्य, डिजिटल साक्षरता, स्त्री-पुरुष समानता, बाल अधिकार आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला प्रवेशन अधिकारी ने जनपद की सभी महिलाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में महिला जनसुनवाई में सम्मिलित होकर अपनी समस्याएँ प्रस्तुत करें, जिससे तत्काल मौके पर निस्तारण किया जा सके, एवं उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम का आयोजन

देवरिया। बेटी बचाओझबेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मिशन शक्ति 5.0 अभियान के दौरान आज नवीन कलेक्ट्रेट सभागार, देवरिया में ह्लहक की बात जिलाधिकारी के साथह्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलम्बन तथा उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान जनपद की विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से आई बालिकाओं ने घरेलू हिंसा, शिक्षा में आने वाली चुनौतियाँ, साइबर सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों तथा आत्मनिर्भर बनने के रास्तों पर जिलाधिकारी महोदया से खुलकर प्रश्न पूछे। डीएम ने सभी प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर देते हुए बालिकाओं को उनके अधिकारों, शासकीय योजनाओं, सुरक्षा हेल्पलाइन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं उपलब्ध संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत रिपोर्ट करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी महोदया ने मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की भागीदारी और जागरूकता ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग के जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अनिल कुमार सोनकर, नीतू भारती, मीनू जायसवाल, मंशा सिंह तथा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में महिला कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी महोदया ने सभी बालिकाओं को धन्यवाद देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। भागवत माहात्म्य ज्ञान के बिना प्रेम चिरंजीव नहीं होता। जीवन जिया कैसे जाय और यहां से जाया कैसे जाय का सम्यक बोध भागवत श्रवण से होता है। भागवत मरण मंगलमय होना बताती है। उक्त उदगार रामनगर गाँव में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानकथा यज्ञ में वाराणसी से पधारे डॉ. मदन मोहन मिश्रा मानस कोविद जी महाराज ने व्यक्त किए। महराज श्री ने परीक्षित जन्म एंव शुकदेव आगमन की कथा सुनाई। डॉ मिश्र ने आगे कहा कि भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धमार्नुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। महराज श्री ने आगे कहा कि कामना युक्त साधना शीघ्र सिद्ध नहीं होता है। श्रीमदभागवत कथा के महत्व को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है, आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानन्द की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनी से मुक्ति मिलती है। चित्त की स्थिरता के साथ ही श्रीमदभागवत कथा सुननी चाहिए।



भागवत श्रवण मनुष्य के सम्पूर्ण कलेश को दूर कर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। सम्पूर्ण सृष्टि की शक्ति समाहित होकर मनुष्य के पीछे लग जाती है ओर हमारे सारे कार्य सफल होते है। ठीक उसी तरह बुरे कर्मो की राह के दौरान सम्पूर्ण बुरी शक्तियॉ हमारे साथ हो जाती है। इस दौरान मनुष्य को निर्णय करना होता कि उसे किस राह पर चलना है। छल और छलावा ज्यादा दिन नहीं चलता। छल रूपी खटाई से दुध हमेशा फटेगा। छलछिद्र जब जीवन में आ जाए तो भगवान भी उसे ग्रहण नहीं करते है। निर्मल मन प्रभु स्वीकार्य है। इसके पूर्व मुख्य जजमान रामदुलार मिश्र ने व्यासपीठ पूजन और माल्यार्पण किया। इस मौके पर विनोद मिश्र, प्रमोद मिश्र, विनय मिश्र, सभाजीत, राजेंद्र श्रीवास्तव, एल पी सिंह, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन विद्याधर तिवारी ने किया।

चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर को मिला अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का न्यौता

कुशीनगर। अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक व पडरौना श्रीचित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर अजयश्रीदास महाराज को 25 नवम्बर को भगवान श्रीराम के पावन भूमि अयोध्या मे आयोजित श्रीराम मंदिर के भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम मे विशेष आमंत्रित किया गया है। पीठाधीश्वर अजय श्रीदास को यह न्यौता श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर प्राप्त हुआ है। 25 नवम्बर को अयोध्या राम मंदिर के मुख्य शिखर के साथ-साथ सभी सप्त मंदिरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम एक साथ संपन्न होंगे। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं. सेना द्वारा स्थापित होने वाले ध्वजा पतका के रोहण को लेकर राम जन्मभूमि परिसर में ट्रॉयल किया जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से अयोध्या धाम में देश के प्रमुख साधु, संतों और महंतों को डॉक पोस्ट के जरिए आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है. इस आमंत्रण पत्र में सुरक्षा संबंधी विशेष दिशा-निर्देश भी शामिल हैं जिसमे कुशीनगर जनपद से अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक व श्री चित्रगुप्त मंदिर पडरौना के पीठाधीश्वर अजय श्रीदास को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित किये गये सदस्यों से निवेदन किया गया है कि वह इस आयोजन में शामिल होने के दौरान अपने साथ किसी भी प्रकार के झोला या किसी भी प्रकार का अस्त्र-शास्त्र लेकर न आये। इसके साथ ही यह भी लिखा गया है कि आमंत्रण पत्र में अंकित मोबाइल नंबर पर अपना यूनिक कोड नंबर भेज कर अपनी उपस्थिति को सुनिश्चित कराएं. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर आमंत्रित किये गये अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक व श्रीचित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर अजय श्रीदास महराज काफी प्रफुल्लित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर को विवाह पंचमी है और हनुमान जी का दिन है। 25 नवंबर का दिन बहुत ऐतिहासिक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युग पुरुष है जिन्होंने सनातन संस्कृति को पूरी दुनिया में पहुंचाया है. आज दुनिया इस बात को जानती है की शांति का मार्ग केवल सनातन ही है. इस भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए डाक व वाटसप के माध्यम से आमंत्रण पत्र आया है।

अवैध वसूली के आरोप में 18 नामजद व 5 अज्ञात पर केस दर्ज

रायबरेली। पुलिस ने अवैध वसूली के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। ओवरलोड गिट्टी, मोरंग और बालू से भरी ट्रकों को एक जनपद से दूसरे जनपद में पास कराने के नाम पर संगठित रूप से अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों एसटीएफ ने लालगंज थाना में मुकदमा पंजीकृत कराकर जांचकर रही है। इसी बीच थाना डीह पुलिस को सूचना मिली कि सई नदी पुल के पास कुछ लोग ओवरलोडिंग के नाम पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना डीह प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में पुलिस टीम ने महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह पुत्र उदयभान सिंह, निवासी ग्राम जहानपुर बखारी, थाना डीह, जितेन्द्र सरोज पुत्र कमलेश सरोज, निवासी ग्राम व थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, एआरटीओ अंबुज के दीवान व पीटीओ रेहाना का ड्राइवर भी अवैध वसूली में था शामिल

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उनका पूरा संगठित नेटवर्क है जो रायबरेली-अमेठी और रायबरेली-प्रतापगढ़ बार्डर पर सक्रिय है। वे ओवरलोड गिट्टी, मोरंग, बालू की गाड़ियों को पास कराने का काम करते हैं। जिन चालकों, मालिकों से पैसा नहीं लिया जाता, उनकी गाड़ी की सूचना एआरटीओ विभाग के कर्मचारियों को दे दी जाती थी, जिसके बाद भारी-भरकम चालान काट दिया जाता था। इसके साथ ही गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे हर ओवरलोड गाड़ी से 5500 रुपये प्रति माह लेते थे, जिसमें से 3500 रुपये एआरटीओ रायबरेली के दीवान नौशाद और 1500 रुपये पीटीओ रायबरेली के ड्राइवर सुशील को दिए जाते थे। बचे 500 रुपये दोनों आरोपियों आपस में बांट लेते थे। सभी ओवरलोड ट्रकों व डम्परों की लिस्ट व्हाट्सएप के जरिए नौशाद और सुशील को भेजी जाती थी।

महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू पुत्र उदयभान सिंह निवासी खान जंहापुर बखारी, डीह, जितेन्द्र सरोज पुत्र कमलेश सरोज निवासी उदयपुर, प्रतापगढ़, अरुण प्रताप सिंह खनिज ठेका, विपिन सिंह फाइनेन्सर, अंकुर मिश्रा मोटर मालिक, राजकुमार साहू मोटर मालिक, राजेन्द्र यादव बालू डिलर परशदेपुर, शिवम शुक्ला मोटर मालिक गौरीगंज, लल्लन यादव ड्राइवर सलोन, दरोगा यादव सुल्तानपुर, शिवभवन यादव बस मालिक परशदेपुर, मनोज तिवारी मोरंग सप्लायर, गोपाल वसूली स्टैन्ड लालगंज, डीह, दीपू उर्फ दीपांकर अवैध वसूलीनगर पालिका रायबरेली, दुर्गेश दीक्षित अमावा, युवराज व 4-5 अन्य सरकारी कर्मचारी जनपद प्रतापगढ़ अमेठी रायबरेली, दीवान नौशाद एआरटीओ रायबरेली, सुशील चालक पीटीओ रायबरेली पर केस दर्ज।

जानवर को बचाने के चक्कर में दो बाइक सवार आपस में भिड़े, 3 लोग गंभीर रूप से घायल

अमेठी। जिले के सरायकांधा (डेढ़ पसार) गांव में प्रतापगढ़ की तरफ से आ रहे दो बाइक सवार कुत्ते को बचाने के चक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें अपाची बाइक सवार अक्षय यादव निवासी मंधरपटी (मनीपुर) उम्र लगभग 35 वर्ष कोतवाली क्षेत्र अमेठी वही स्पेलडर बाइक सवार तीन लोग जिसमें युवक संतोष कश्यप निवासी इस्माइलपुर टीकरमाफी उम्र लगभग 28 वर्ष और उसकी बहन पूजा उम्र लगभग 35 वर्ष को गंभीर चोटे आई है। वही रोशनी कश्यप को हल्की चोटें आई है। दोनों बाइक सवार कुत्ते को बचाने के चक्कर में आपस में ही एक दूसरे से टकरा गए और बाइक सवार एक दूसरे के ऊपर गिर पड़े। जिससे पूजा के सिर में गंभीर चोटे आई है वही संतोष कश्यप के नाक और सीने में ज्यादा चोटे आई है। अक्षय भी गंभीर रूप से घायल है। जिसको स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को फोन करके एक्सीडेंट की सूचना दी आधे घंटे तक चोटिल लोग वही जमीन पर पड़े रहे लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची आधे घंटे बाद एंबुलेंस आई जिसको सीएचसी अमेठी ले जाया गया है। वही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दे दी है।

रासद के प्रदेश अध्यक्ष ने स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से रेल महाप्रबंधक को दिया पत्रक

भटनी(देवरिया)। स्थानीय रेलवे परिसर में राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा के नेतृत्व में एक गोष्ठी के आयोजन के दौरान अपने संगठन के साथियों के साथ व राष्ट्रीय महिला बहुजन संगठन आदि ने भटनी स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार को एक पत्रक सौपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेशाध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा ने कहा कि रेल गरीबों की जीवन रेखा है। केन्द्र सरकार को चाहिये कि न्यूनतम धनराशि में गरीबों को यात्रा के दौरान अपने गंतव्य स्थान पर पहुँचने में सहूलियत मिले। अपने दिये गए चार सूत्रीय मांगों में श्री कुशवाहा ने लिखा है कि ट्रेन संख्या 55125-55126-55127-55128 का संचालन भटनी जंक्शन से बरहज बाजार तक होता है जिसमें सलेमपुर तहसील के सैकड़ों गाँव सम्मिलित है। इन ग्रामों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छात्र कर्मचारी रोगी बिभिन्न कार्यों से प्रतिदिन सलेमपुर आते जाते रहते हैं। भटनी क्षेत्र से सलेमपुर सड़क मार्ग अत्यंत लंबा दुर्लभ एवं कष्टदायक है। रेलवे की बर्तमान सेवा जनता के अनुरूप विस्तारित नही है। जिसमें उपरोक्त ट्रेनों की दृष्टिगत अनेक मार्ग आवागमन और प्रस्थान भटनी से बरहज बाजार तक वापसी से बरहज बाजार से भटनी तक नियमित रूप से किया जाय। भटनी जंक्शन से कुशीनगर तक रेलमार्ग का निर्माण कराया जाय। बरहज बाजार रेलवे स्टेशन से भटनी रेलवे स्टेशन तक निर्मित सम्पर्क मार्ग पिच का तत्काल लेपन कराया जाय। रेलवे स्टेशन बरहज बाजार पर ट्रेनों के आवागमन के समय तक रेलवे सुरक्षा बल को तैनात किया जाय। पत्रक सौपने के दौरान कार्यकताओं में प्रमुख रूप से रामबचन चौहान रामप्रवेश रामायण कुशवाहा विकाश यादव अजय शर्मा विजय कुमार विमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

जागृति यात्रा रवाना : युवा तैयार कर रहे नये मॉडल

देवरिया। आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने निकली जागृति यात्रा मंगलवार सुबह देवरिया से दिल्ली के लिए रवाना हो गई। सोमवार को गांवों में पूरे दिन चले संवाद, सीख और नवाचार गतिविधियों ने यात्रियों को छोटे कस्बों की क्षमता से परिचित कराया। देवरिया का यह पड़ाव युवाओं के लिए केवल एक ठहराव नहीं, बल्कि यह समझने का अवसर था कि जिस भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाना है, उसकी असली ताकत महानगरों में नहीं, गांवों में बसती है।

सुबह से ही यात्रियों को विभिन्न समूहों में बांटकर आस पास के गांवों बरपार, इजरही, बेलवा माफी, कुरमी टोला, चतुर्भुजपुर, सकरापर खुर्द, भरवलिया, बरपार दक्षिण टोला, बरारी आदि का भ्रमण कराया गया। युवाओं ने पंचायत व्यवस्था के कामकाज, महिला समूह आधारित आजीविका मॉडल, पारंपरिक कृषि पद्धतियां, जल स्वच्छता के समाधान और स्थानीय उद्यमिता को नजदीक से देखा। ग्रामीणों के साथ खुले संवाद के दौरान कई यात्रियों ने माना कि किताबों और इंटरनेट से ज्यादा सीख देवरिया की धरती ने दी। कुछ विदेशी प्रतिभागी यह देखकर हैरान थे कि बिना भारी संसाधनों के भी गांवों में नवाचार और समस्या समाधान की इतनी क्षमता मौजूद है। यात्रियों ने सोमवार को पूरे दिन गांवों में भ्रमण कर स्थानीय जीवन, चुनौतियों और संभावनाओं को समझा। शाम सात बजे से जागृति उद्यम केंद्र बरपार में बिज ज्ञान ट्री प्रतियोगिता में शामिल हुए। इन्हें 50 टीमों में बांटा गया था। सभी टीमों ने अपने अनुभवों को व्यावसायिक मॉडल के रूप में गढ़ा और प्रस्तुत किया। हर टीम को नौ अलग-अलग सामाजिक आर्थिक वर्टिकल्स में से एक विषय मिला था, जिसमें कृषि, कला संस्कृति खेल, वित्त, शिक्षा, स

संक्षेप

सड़क के बीचो बीच बना गड्ढा, हादसे को दे रहा दावत

सीतापुर। तहसील बिसवां अंतर्गत बिसवां- महमूदाबाद मार्ग के कोठीपुरवा गांव के निकट सड़क के बीचों बीच एक बड़ा गढ्ढा काफी समय से बना हुआ है। मगर इसे सही नहीं करवाया गया। जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार बिसवां- महमूदाबाद मार्ग के कोठीपुरवा गांव के निकट सड़क पर बीचों बीच में एक गढ्ढा काफी समय से बना हुआ है और प्रतिदिन हजारों वाहन उस पर निकल रहे हैं और किसी भी समय कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। हालांकि जिलाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि भी निकल गए हैं। मगर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अब देखना यह है कि कब इसे भरा जाता है या यूंही बड़ी कोई अप्रिय घटना घट गई तब सही किया जाता है।

मृत किशोरों के घर पहुंचते ही गांव में शोक की लहर

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। असोहा, मार्ग दुर्घटना में मृत हुए दोनों किशोरों के शव गांव पहुंचते ही परिजनों सहित ग्रामीणों की आंखे नम हो गयी। कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। क्षेत्र के हरी खेडा गांव निवासी बद्दू का 25 वर्षीय पुत्र अरमान अपने 17 वर्षीय भाई फरमान व चाचा छेददू के लड़के स्वैब सैफ के साथ बाइक से रविवार को अपनी बुवा के यहाँ सिसेंडी थाना मोहनलालगंज बुवा की लड़की की शादी में गया था जहां से लौटते समय सोमवार को कालूखेड़ा असोहा मार्ग पर सरवैया मोड़ के पास गुप्ता ब्रिक फील्ड के पास सामने से आ रहे ई रिक्शा से भिड़ंत हो गई थी जिसमे फरमान की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई थी तथा सैफ की जिलाअस्पताल ले जाते समय रास्ते मे मृत्यु हो गई थी आज दोपहर बाद तीन बजे के लगभग फरमान व सैफ के शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया दो दो शव देख लोगो की आंखे नम हो गई वही परिजनों के हाल बेहाल रहे। शेरखान नफीस कलंदर मुजीब फिरोज राजूखाँन खिलल्ले आदि ग्रामीणों ने स्थित को देखते हुए फरमान तथा सैफ के शवों को तुरन्त जनाजे का रूप देते हुए गांव के बाहर बने कब्रिस्तान में पुलिस की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक किया। मौके पर पहुंचे पूर्व विधयाक उदयराज यादव ने मृतक परिवारों को ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मदद दिलाये जाने का आश्वासन दिया इस दौरान पूर्व प्रमुख वीतेन्द्र यादव पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत बेदप्रकाश रावत जवाहर यादव सलमान वेग सहित अन्य सपाई मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि ई चालक रंजीत पुलिस की गिरफ्त में है पूंछताछ की जा रही है।

सपा नेता ने ऑपरेशन कराने में की मदद

पाटन, उन्नाव। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अंकित सिंह परिहार द्वारा अपने परिवारजनों की सेवा के लिए किए गए संकल्प की कड़ी में अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण के गांव खरौली की रूबी तिवारी के ऑपरेशन में आ रही आर्थिक परेशानी की जानकारी होने पर उन्नाव के निजी अस्पताल में अपने स्तर से आर्थिक मदद कर के सकुशल ऑपरेशन करवा दिया है और अस्पताल पहुंच कर परिवारजनों से भेंट करके उनका हाल-चाल जाना तथा शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की शुभकामना प्रदान की। वहीं ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण के ही गांव विभौरा चंदनपुर की श्रीमती मीरा देवी रावत जी के ऑपरेशन के लिए हो रही आर्थिक समस्या पर अंकित सिंह परिहार ने एक प्राइवेट अस्पताल में पैसा जमा कर के ऑपरेशन का प्रबंध सुनिश्चित कर दिया गया है। अंकित सिंह परिहार की सेवा से हर माह दर्जनों परिवारों को स्वास्थ लाभ मिल रहा है। बिना जाति धर्म के, बिना किसी चुनावी राजनीति में नफा नुकसान के, अपने परिवार के हर व्यक्ति की सेवा करने का जो संकल्प वर्षों से अंकित सिंह परिहार द्वारा लिया गया है उसी को निभाया जा रहा है वो अतुलनीय है।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने बड़े पुत्र विजय शर्मा व उसकी पत्नी को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रविन्द्र शर्मा पुत्र स्व. राजबहादुर शर्मा, निवासी मोहल्ला ऊँचा टीला तरीनपुर सीतापुर।**

कार्य करने में समस्या आती है तो अवगत करायें

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि पोर्टल पर डाटा भरा जाये, वह त्रुटिपूर्ण होने के साथ ही सही ढंग से भरा जाये। उन्होंने सभी एम0ओ0आई0सी0 को निर्देशित किया कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की लिफ्ट खराब स्थिति में है, उनकी सूची तैयार करते हुये अवगत करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कार्य करने में कोई समस्या आती है तो उस समस्या से अवगत करायें।

वी0एच0एस0एन0डी0 दिवस एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का आयोजन एक मेले के रूप में करा जायें तथा आयोजित होने वाले मेले की सूचना का प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। वीएचएसएनडी दिवस एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के मेले के आयोजन से एक दिन पूर्व एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ सभी संबंधित एमओआईसी बैठक कर लें। उन्होंने निर्देश दिये कि एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बनाया गया डेटा एक समान होना चाहिये। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पास समस्त आवश्यक उपकरण तथा हीमोग्लोबीन मीटर भी साथ होना चाहिये। सैम व मैम के बच्चों का डेटा रजिस्टर पर अंकित होना चाहिये तथा पोषण ट्रैकर पर डाटा फीट किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि आर0सी0एच0 पर सभी डेटा अंकित होना चाहिये तथा जो भी जांचे हों, वह भी आर0सी0एच0 पर अंकित होनी चाहिये। हाई प्रेगनेंसी रिस्क (एच0पी0आर0) वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान होनी चाहिये तथा समय-समय उनको ट्रैक भी करते रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि हाई प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं का रजिस्टर भी बनाया जाये तथा समय-समय पर उन महिलाओं वार्ता भी अवश्य करें। सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि जिन चिकित्सालयों में शून्य प्रसव वाली आशाएं होंगी, वहां पर उन एमओआईसी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, सीएमएस डा0 इन्द्र सिंह, सीएमएस डा0 सुनीता कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमओ ने सीएचसी रेउसा का किया उच्च स्तरीय निरीक्षण

सीतापुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने मंगलवार को रेउसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्च स्तरीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं और सेवाओं का गहनता से जायजा लिया। सीएमओ ने सबसे पहले ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मरीजों की संख्या, पंजीकरण व्यवस्था और चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके बाद, उन्होंने प्रसव कक्ष (लेबर रूम) का निरीक्षण कर स्वच्छता, उपकरणों की स्थिति और स्टाफ की तैनाती की जांच की। डॉ. सुरेश कुमार ने भोजनालय कक्ष का भी निरीक्षण किया और मरीजों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने एनबीएसयू (नवजात शिशु देखभाल इकाई) वार्ड में नवजात शिशुओं की सुविधाओं, तापमान नियंत्रण और मशीनों की कार्यक्षमता की भी बारीकी से जांच की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जेएसवाई (जननी शिशु सुरक्षा योजना) वार्ड का निरीक्षण करते हुए लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं और रिकॉर्ड के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ ने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक सुधार करने और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

परिषदीय विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें: सीडीओ

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के तहत संचालित विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स के निदेर्शों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। यह समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयोजित हुई।सीडीओ ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में चल रहे ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाए।

विद्यालयों के सभी पैरामीटरों को संतृप्त करते हुए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि किसी भी स्कूल में अधूरा कार्य न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो विद्यालय जर्जर घोषित हो चुके हैं, उन पर नियमानुसार ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए।उन्होंने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को आदेश दिया कि परिषदीय विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें और प्रत्येक विद्यालय की स्थिति से संबंधित आख्या तैयार कर प्रस्तुत करें। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को निपुण बनाने के लक्ष्य पर विशेष बल दिया गया। सीडीओ ने कहा कि प्रतिमाह प्रत्येक बच्चे का मूल्यांकन किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा निपुणता स्तर से पीछे न रहे।बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए उन्होंने विद्यालयवार कॉलिंग रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कम उपस्थिति वाले छात्रों के अभिभावकों से सीधे संपर्क स्थापित किया जा सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक विद्यालय में कितने प्रतिशत सिलेबस पूरा हुआ है, उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही विद्यालयों में पठन पाठन का रोस्टर चस्पा कर यह सुनिश्चित करें कि शिक्षण कार्य नियमित रूप से चले।सीडीओ ने विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर विशेष बल देते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खेलकूद मद के तहत प्राप्त धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग कर आवश्यक खेल सामग्री खरीदी जाए और बच्चों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए।बैठक में प्रशिक्षु आईएएस सुश्री नौशीन, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।सीडीओ ने अंत में कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़ी योजनाओं का उद्देश्य केवल ढांचागत सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा की समग्र गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए टीम भावना से कार्य करें।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने उत्तराखंड, मध्यप्रदेश के बाद बिहार में खिलाया कमल

सीतापुर। धौरहरा लोक सभा की पूर्व सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पार्टी की हर कसौटी पर खरी उतर रही हैं। पार्टी की मंशानुरूप परिणाम देने वाली रेखा वर्मा की जमीनी और सादगी भरी राजनीति से पार्टी को लगातार लाभ मिल रहा है।रेखा वर्मा ने पहले उत्तराखंड की सह प्रभारी के पद पर रहते हुए पार्टी की सत्ता में वापसी में अहम योगदान दिया। जिसके पार्टी के आदेश पर मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी अपनी मेहनत और कुशल रणनीति का प्रदर्शन करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चित कराई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के कुशल चुनाव प्रबंधन को देखते हुए इस बार पार्टी हाईकमान ने बिहार चुनाव में भी जिम्मेदारी सौंपी। इस बार पार्टी ने बिहार की सबसे टफ इलाके वाली सीट पटना साहिब लोक सभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया। इस लोस में छह विधान सभा सीटे हैं। जिन पर जीत दर्ज कराने के लिए पार्टी ने पूर्व सांसद को जिम्मेदारी सौंपी थी। भौगोलिक नजरिए से देखा जाए तो यह एक बाढ ग्रस्त इलाका था। जहां के मतदाताओं को घरों तक पहुंचना आसान नहीं था। हर मुश्किल को दरकिनार कर पूर्व सांसद पार्टी के नीतियों और सरकार की योजनाओं गुलदस्ता लेकर मतदाताओं के घर तक पहुंच गई। हालांकि मतदाताओं के घर तक पहुंचने के लिए बार-बार पूर्व सांसद को टूटी हुई नाव का सहारा लेना होता था। वहीं गांव की तंग गलियों में कई मील पैदल चल कर लोगों को पार्टी से जोडने का प्रयास रहता था। पूर्व सांसद का यह प्रयास पार्टी के लिए हितकारी साबित हुआ। लोस क्षेत्र की पांच सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी भारी अंतर से विजई हुए। वहीं एक सीट पर हार के बाद भी पार्टी के मतों में भारी इजाफा हुआ।

पटना साहिब में बना रिकॉर्ड

पटना साहिब विधानसभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा के नेतृत्व में इतिहास रच गया। पटना साहिब में विधान सभा के भाजपा प्रत्याशी रत्नेश कुमार प्रदेश के दूसरे नम्बर पर सर्वाधिक वोट मिली हैं। उन्हे 130,366 मत प्राप्त हुए है।

एजुकेशन फाउंडेशन ने मनाया बाल दिवस

सीतापुर। एजुकेशन फाउंडेशन (प्रथम संस्था) द्वारा पहला ब्लॉक के 3 स्कूल खाफा कला 2, रामपुर कला और खेतमनी मे 14 नवम्बर को बाल दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने हर्षोउल्लास के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया। सहयोगियों और बच्चों द्वारा रंगोली बनाया गया। बच्चों द्वारा गीत, कविता, कहानी सुनाना, डांस, चम्मच दौड़, चित्र प्रतियोगिता किया गया। बच्चों के साथ माताओं ने भी चित्र प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। माताओं और शिक्षकों के द्वारा पुरस्कार वितरण कराया गया। उपस्थित सभी शिक्षक, बच्चों और माताओं का सहयोग बेहतर रहा। खाफा, रामपुर कला और खेतमानी स्कूल के सभी शिक्षक और गांव से आई लगभग 90 माताएं और अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। प्रथम संस्था से धर्मेन्द्र मिश्र, दुर्गा प्रसाद दिवेदी, मनीष कुमार, संतोष कुमार, कविता और विमलेश कुमार उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की 150 में जन्म जयंती पर एकता पदयात्रा आयोजित

सीतापुर। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं की जन्म जयंती अभियान के अंतर्गत सेवता विधानसभा में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश के महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एकता पदयात्रा में भाजपा नेताओं के साथ-साथ स्थानीय समाजसेवी राष्ट्रभक्त एवं जन सामान्य की बड़ी भागीदारी रही।

यात्रा उपरांत सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने बताया कि सरदार पटेल द्वारा भारत को मजबूत एवं अखंड करने के लिए जो योगदान दिया गया है। वह अमूल्य एवं अभूतपूर्व रहा है सरदार पटेल प्रत्येक भारतवासी की धरोहर है। भारतीय जनता पार्टी का यह प्रयास है कि हम सभी महापुरुषों के सम्मान में स्वयं को समर्पित रखें एवं उनके बताए हुए मार्ग को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में बोलते हुए सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया की सरदार पटेल द्वारा 526 रियासतों को भारत में मिलाकर भारत को अखंड बनाया गया और यह अखंडता अजर अमर है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरदार पटेल के बताएं मार्ग पर भारत के विकास को अग्रसर कर रहे हैं और हम सभी सरदार साहब की विरासत को सजोने का कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का बच्चा-बच्चा सरदार पटेल को अपना आदर्श मानता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सरदार पटेल की जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी देश की सभी विधानसभाओं में एकता पदयात्रा आयोजित कर रही है।

राज्यपाल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

- नारी योजना महिलाओं को तकनीक, स्टार्टअप, शोध स्वास्थ्य, वेलनेस और आत्मनिर्भरता के नये अवसर प्रदान करेगी: राज्यपाल

उन्नाव। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक ब्लॉक में महिला कल्याण द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया, तथा सभी 25 लाभार्थियों को फल की टोकरी, मेडिकल किट तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि आज चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आकर अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। एआई संचालित विश्व विद्यालय ज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए ज्ञान विस्तार की यात्रा में सतत उत्तर प्रदेश आज नई सम्भावनाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि देश की पहली निजी एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिसीप्लिनरी यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने अब तक के सबसे बड़े आयोजनों में से एक इनोवेशन फॉर वुमेन एम्पावरमेंटह्न का आयोजन किया है। आज नारी शक्ति अपने परिश्रम और प्रतिभा से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और विकास की आधारशिला बन चुकी है। बेटियों के सुरक्षित आवास और आधुनिक सुविधाओं से लैस यह नया हॉस्टल उनके सपनों को साकार करने का प्रभावी माध्यम बनेगा। यह पहल महिलाओं को तकनीकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विधेश, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोड़ा, उप जिलाधिकारी हसनगंज मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रबंधक प्रभारी और स्टाफ गण मौजूद रहे।

43 बहनों के विवाह में भाई ने पहुंचायी सहयोग राशि

पटना, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के बीघापुर ब्लॉक, सुमेरपुर ब्लॉक, सुमेरपुर ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो के (पकरा खुर्द, धर्मदास खेड़ा, भगवन्तनगर, धानी खेड़ा, अड़ार, रावतपुर, सगवर, करमी, लालगंज द्वितीय, पिपरासर, गांवो मे आयोजित 43 बहनों के विवाह कार्यक्रम मे समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने आर्थिक सहयोग देकर शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह लगातार कमजोर लोगो की मदद के लिये जाते है, गद्दाकोला, पंसरिया, गढ़ेवा, सिकंदरपुर, अचलगंज, हड़हा, रिसाल खेड़ा आदि दर्जनों गांवो मे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के पिता तेजबहादुर सिंह, बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह व टीम लगातार पूरी विधानसभा में गरीब, जरूरतमंद बेटियों की शादी मे मदद करने का अपना वचन लगातार पूरा कर रहे है। क्षेत्रवासियों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा की जा रही मदद पर खुशी जाहिर की है। इस मौके पर मैनेजर सिंह, राघवेंद्र सिंह, छोटू ठाकुर, अनीश यादव, आशू सिंह राठौर, राघवेंद्र सिंह, विकास सिंह, कमलेश यादव, मो अकील, प्रमोद कुशवाहा, सनी यादव, रामचरन प्रधान, शुभम निर्मल, प्रखर सिंह, रामजी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

अवैध खनन पर कार्रवाई, 310 वाहनों से 32 लाख वसूली

फतेहपुर । प्रशासन ने मौरंग खनन पर कसी लगामतीन दिन चला विशेष अभियानः 310 ट्रकों की जांच, 32.84 लाख रुपये जुमार्ना वसूलाफतेहपुर। जिले में मौरंग के अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। तीन रातों तक चले इस अभियान में जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने 310 ट्रक और डंपरों की जांच की। इस दौरान विभिन्न नियम उल्लंघनों पर कुल 32 लाख 84 हजार 310 रुपये का अर्थदंड वसूला गया।जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में संचालित सभी खनन पट्टों की जल्द जांच कराई जाएगी ताकि अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। अभियान की निगरानी डीएम और एसपी स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित टीमों को निर्देश दिया है कि खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की नियमित जांच जारी रहे।लखनऊ एसटीएफ की जांच रिपोर्ट के बाद यह भी सामने आया कि जिले से गुजरने वाले कई वाहन बांदा और चित्रकूट से मौरंग लादकर आते हैं, जिनमें अधिकांश ओवरलोड पाए गए। इस पर कार्रवाई करते हुए टास्क फोर्स ने 228 वाहनों का चालान किया और 82 वाहनों को सीज कर दिया।जिला प्रवर्तन दल ने नियम विरुद्ध खनिज परिवहन में पकड़े गए 44 वाहनों को भी जब्त किया तथा 20 लाख 5 हजार 610 रुपये का अर्थदंड वसूला। इसके अतिरिक्त एमवी एक्ट के तहत 12 लाख 78 हजार 700 रुपये का जुमार्ना भी एकत्र किया गया।अभियान के बाद प्रशासन ने दावा किया कि सख्ती का असर दिखने लगा है। खनिज ढोने वाले वाहन अब अंडरलोड चल रहे हैं और बिना वैध रवन्ना चलने वाले ट्रकों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और खनन से जुड़ी सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जाएगी।

भाजपा नगर अध्यक्ष ने बीएलओ पर लगाया पक्षपात का आरोप

फतेहपुर ।भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उर्फ संजय लाल सभासद चांडियाना ने जिलाधिकारी से मिलकर क्षेत्र में चल रहे एस आई आर वेरिफिकेशन में शिथिलता की शिकायत के संबंध में अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में निर्वाचन विभाग द्वारा वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के लिए एस आई आर फॉर्म वितरण का कार्य हो रहा है जिसके अंतर्गत शहर क्षेत्र में बी एल ओ के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकतियों को नियुक्त किया गया है जिनका काम बिल्कुल भी संतोष जनक नहीं ना तो वह क्षेत्र में जाकर फार्म वितरण कर रही है बस कुछ वर्ग विशेष क्षेत्र में किसी व्यक्ति विशेष के ऑफिस में बैठकर उनके मन मुताबिक फार्म वितरण हो रहा है बी एल ओ के सुपरवाइजर भी कार्य में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं शिकायत के बावजूद न क्षेत्र में आ रहे हैं और ना ही कार्य में कोई तेजी ला रहा है जिससे इस कार्य की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता संदेह में आती है की कार्यरत बी एल ओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ती है को आदेशित करें कि कार्य पारदर्शिता के साथ एवं क्षेत्र में जाकर घर-घर फॉर्म देना चाहिए तथा उनके सुपरवाइजर को भी आदेशित किया जाए कि स्वयं क्षेत्र में जाकर कार्य का देखरेख करें।

टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र के खुरवालिया गांव में सोमवार की देर रात टेंट एवं लाइट हाउस के गोदाम में अचानक लगी भीषण आग से भारी नुकसान होने की खबर है। घटना रात करीब 2 बजे के बाद करीब होनी बताई जा रही। जब गोदाम से उठती लपटें देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते टेंट हाउस में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं गोदाम में खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी भी पूरी तरह जल गई। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाकर रेउसा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि तब तक टेंट सामग्री, लाइट सेट, स्टेज उपकरण समेत अन्य सामान राख में तब्दील हो चुका था। टेंट और लाइट हाउस के मालिक विमलेश सिंह ने मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे रेउसा थाने में प्रार्थना पत्र देकर आगजनी की सूचना दी और मामले की जांच की मांग की। उन्होंने बताया कि गोदाम में रखे सभी सामान के जलने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

गड्ढों में तब्दील हुसैनपुर पुल से मुसैदाबाद पुल तक नहर पटरी की सड़क

सीतापुर। तहसील महमूदाबाद के विकासखंड पहला अंतर्गत शारदा सहायक नहर की मुसैदाबाद से हुसैनपुर पुल तक नहर पटरी पर सिर्फ बजरी ही बजारी नजर आ रही है। जिसे अभी बने मात्र चार साल भी नहीं हुए हैं। मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत शारदा सहायक नहर पटरी पर लाखों रुपये की लागत से चार साल पूर्व सड़क बनाई गई थी। जिसमें मानक के अनुसार मसाला न पड़ने के कारण यह सड़क सिर्फ कंकड़ पत्थरों में तब्दील हो चुकी है। जिससे राहगीर लगातार गिरकर चोटिल हो रहे हैं लेकिन विभाग की कुंभकर्णी नीद नहीं जग रही है। शायद यह कोई बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और इसे तत्काल सही करवाने की मांग की है।

निरीक्षण में एसडीएम को दो शिक्षक अनुपस्थित मिले

पाटन, उन्नाव। क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसडीएम बीघापुर रणवीर सिंह ने ग्राम मर्दन पुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले दो शिक्षकों तथा इंचार्ज शिक्षक पंकज का आचरण संतोषजनक

न मिलने पर उपजिला अधिकारी रणवीर सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी सूची गुप्ता को निर्देश दिया तथा शिक्षक पंकज से स्पष्टीकरण मांगा। उपस्थिति रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। बच्चों से पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी की बच्चों ने उप जिलाधिकारी को पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने विद्यालय में साफ सफाई को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर किए जाने का निर्देश शिक्षकों को दिया।

संक्षेप

हत्या के 4 आरोपियों को उम्र कैद, जुर्माना

बांदा। गोली मारकर हत्या करने वाले 4 आरोपियों को अपर जिला जज प्रथम की अदालत ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गुरेह में वर्ष 2020 में नीतेश सिंह ने 23 जून को थाने में सूचना दी कि उसके भाई विजय उर्फ लब्बू को गांव के ही वीरेन्द्र, हर्षित, शिवपूजन व अभिषेक ने गोली मारकर हत्या कर दी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक रूकमपाल सिंह ने जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की। अदालत में सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक मनोज कुमार दीक्षित व राम कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। अपर जिला जज प्रथम ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन और दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के पश्चात चारों आरोपियों वीरेन्द्र उर्फ बिन्दा पुत्र सुखवीर, हर्षित पुत्र वीरेन्द्र, शिवपूजन पुत्र सियाराम व अभिषेक उर्फ आशू पुत्र प्रदीप उर्फ पप्पू निवासी ग्राम गुरेह थाना कोतवाली देहात को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

कस्तूरबा विद्यालयों में भ्रष्टाचार, 30 दिन बाद नही मिली सूचना

बांदा। सपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होने कहा कि अक्टूबर माह में बेसिक शिक्षा विभाग से 5 महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सूचना मांगी थी लेकिन निर्धारित 30 दिन बीत जाने के बावजूद जन सूचना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने अब तक जानकारी उपलब्ध नही कराई है। चुनाले का कहना है कि तय समय पर सूचना न मिलने से विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगे हैं। जनसूचना में सभी विद्यालयों को वर्ष 2022 से दी गयी अग्रिम धनराशि व उसके भुगतान का व्यौरा, अग्रिम धनराशि के सापेक्ष समायोजन राशि का पूरा विवरण, सभी कस्तूरबा विद्यालयों में हॉस्टल मेंटेनेंस, मिलेनियस मद का विवरण। सब्जी, फल, दूध आदि की खरीद और भुगतान की जानकारी, फर्म का नाम सहित तथा कस्तूरबा विद्यालयों में 2011 से अब तक की सम्पत्ति, स्टॉक का रिकॉर्ड शामिल है। चुनाले ने आरोप लगाया कि सूचना न देने से ऐसा प्रतीत होता है कि गड़बड़ अवश्य है। उन्होने जिलाधिकारी से सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की जांच किसी सक्षम अधिकारी से कराने की मांग की है। दावा है कि जांच हुई तो अनियमितताएं जरूर उजागर होंगी। कहा कि शीघ्र ही वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साक्ष्य देंगे।

छापेमारी कर जेसीबी मशीन व मिट्टी से भरे डंपर को किया सीज

बिजनौर। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नजीबाबाद क्षेत्र के मोटा महादेव चैकी के पास अवैध मिट्टी खनन में लिप्त खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वान्या सिंह के अनुसार खनन विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे एक डंपर को मौके पर पकड़कर सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि स्थानीय नागरिकों द्वारा बताया गया कि खनन माफिया रात के अंधेरे में मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं, अवैध खनन में संलिप्त दर्जनों ट्रैक्टर एवं डंपर रोज रात में गांव से शोरगुल करते और धूल उड़ाते गुजरते हैं, जिसके कारण ग्रामीण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण की पीड़ा से ग्रस्त हैं तथा सफेद खनन से भरे हुए ओवर लोडेड वाहनों के आवागमन के कारण गांव की सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिला प्रशासन द्वारा उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग को तत्काल मौके पर जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान खनन विभाग की टीम को मौके पर एक जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर मौके पाया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरा एक डंपर को कब्जे में लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि जिले में किसी भी व्यवस्था में मिट्टी आदि का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा और यदि कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

डीएम ने विद्यालय का किया निरीक्षण

अटल आवासीय विद्यालय में मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

ललितपुर। झांसी मण्डल आयुक्त विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों के साथ अटल आवासीय विद्यालय में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की, जिसमें मण्डलायुक्त ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

विद्यालय प्रबंधन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर डीएम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेकर डीएम ने छात्र-छात्राओं के साथ भोजन ग्रहण किया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना गरीब तबके के बच्चों के लिए की गई है, इनके लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं की जायें, बच्चों के लिए विद्यालय में अच्छा परिवेश, अच्छा खाना, अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा खेल सहित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त खेलने का समय दिया जाए, शाम को खेलने का समय बढ़ाया जाए, ताकि वे शारीरिक रुप से भी मजबूत हो सकें।

शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय को प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त समस्त विद्यार्थियों का अंको के आधार पर क्लासीफिकेशन कर सेक्शनवाइज शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी और उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिये। सुरक्षा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने विद्यालय में संचालित मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ में गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज/सिलेण्डर बैंक का निर्माण कराने हेतु निर्देश दिये। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को विद्यालय में कैम्प लगाकर एलोपैथ चिकित्सक के साथ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से ओवरऑल चेकअप कराने, डाइटेशियन उपलब्ध कराने, डाइट चार्ट बनाने, हर बच्चे का मेडीकल कार्ड बनाने के निर्देश दिये। डीएम ने खेल मैदान की स्थापना के लिए विद्यालय के समीप 10 एकड़ भूमि का निरीक्षण कर चिन्हित कर निर्देश दिये कि जिला प्रशासन उक्त भूमि पर विद्यार्थियों के लिये खेल मैदान बनाकर तैयार करेगा, जिससे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन को देखा और बच्चों से प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों से विद्यालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और उनके साथ भोजन ग्रहण किया। इस दौरान सीडीओ, एडीएम, संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी, सीएमओ, झांसी, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो.नि.वि. झांसी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय सहित ग्राम प्रधान व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

विधायक ने किया पांच करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

ललितपुर। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वार में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लगभग 5 करोड़ रुपये की बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में ग्राम विकास निधि, केन्द्रीय पंद्रहवां वित्त आयोग, राज्य पंचम वित्त निधि तथा बुंदेलखंड क्षेत्रीय विकास निधि के माध्यम से स्वीकृत अनेक कार्य शामिल हैं, जिनका उद्देश्य ग्राम पंचायत में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना एवं ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना है। इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति सुधार, सामुदायिक भवनों का विकास, स्ट्रीट लाइटें, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधा से जुड़े कार्य प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज होगी और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथि देशपत कुशवाहा, श्यामबिहारी कौशिक, सुरेन्द्र रजक, बीडीओ सौरभ बरनवाल, ग्राम पंचायत प्रधान अनुपम चैबे, जितेंद्र रिछारिया, ग्राम पंचायत सचिव ब्रह्मकुमार रिछारिया मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

ट्रैक्टर व डंपर खनिज का अवैध परिवहन करते जब्त

अवैध खनन का आरोप, पुलिस के सुपुर्द किये वाहन

ललितपुर। ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तहसील ललितपुर थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम वेसरा में खनिज विभाग की टीम द्वारा बीती 13 नवम्बर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम वेसरा में वाहन ट्रेक्टर महिन्द्रा 275 डी.आई., ट्रैक्टर आइसर 551 एवं ट्रैक्टर पावरट्रेक कुल 03 ट्रैक्टर उप खनिज साधारण मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुये पाये गये। जिस पर खनिज अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये उक्त तीनों वाहनो को थाना जाखलौन में पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया कि उक्त वाहन ग्राम महेशपुरा निवासी संतोष राजपूत के है। खेत स्वामी पर भी अवैध खनन के आरोप में नियमानुसार कार्यवाही की गयी है। अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इधर जिला खान अधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा मध्य प्रदेश से खनिज लेकर आने वाले वाहनों की चेकिंग की गई, जिस दौरान एक वाहन एम.पी. 36 जेड.एफ. 9977 की जांच की गई। जांच के दौरान डंफर में एम सैंड खनिज का परिवहन पाया गया। जिस पर वैध प्रपत्र न होने के कारण जिला खान अधिकारी ने खनिज अधिनियम की धाराओं में कार्यवाही करते हुए वाहन को महरौनी पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही एवं निगरानी की जा रही है।

निःक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को पोषण पोटली की वितरित

ललितपुर। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान द्वारा उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की। इस दौरान उन्होने बताया कि निःक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित करके उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है और आम जनमानस भी निःक्षय मित्र बनकर राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं उन्होने क्षयरोगियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 रामनरेश सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता, टीबी रोगियों की मृत्युदर को कम करना, टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तिओं में डिफरेन्शियेटेड टीबी केयर एप्रोज पद्धति को लागू करके मृत्यु की संभावना को कम करना आदि पर विशेष बल दिया जा रहा है। जोखिम वाली जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तिओं एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान पीपीएम कॉर्डिनेटर श्री आदेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

नाफिस ऐप पर दर्ज होगा अपराधियों का फिंगर प्रिंट डाटा

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के जरिए जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चैकी प्रभारियों के साथ गूगल मीटिंग कर दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई व शत-प्रतिशत संतुष्ट फीडबैक पर विशेष जोर दिया गया। गूगल मीट में एसपी आईजीआरएस की नियमित समीक्षा, जनपद में सर्किल/थानों पर लम्बित आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा कर उनके उचित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा शत-प्रतिशत प्रकरणों का अनिवार्य रुप से फीड़बैक लेने हेतु निर्देशित किया। जनपद के समस्त सर्किल/थानों पर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं के निस्तारण हेतु सभी को निर्देशित किया।

एसआईआर की प्रक्रिया चार दिसम्बर तक

ललितपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निदेर्शों का हवाला देते हुये बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य में बी.एल.ओ. को बूथ लेवल एजेण्ट्स से सहयोग एवं समन्वय स्थापित किये जाने के दृष्टिगत समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने दल के बूथ लेवल एजेण्ट्स को नियुक्त जाने की अपील की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 10 नवम्बर 2025 के माध्यम से भी समस्त राजनैतिक दलों को बी.एल.ए. नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित बैठकों 29 अक्टूबर 2025 एवं 06 नवम्बर 2025 एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या-498 तेरह नवम्बर के अनुरोध के क्रम में जनपद के कुल 1063 मतदेय स्थलों के सापेक्ष अब तक भाजपा द्वारा-1063, सपा द्वारा-1023, बसपा द्वारा 420 एवं इण्डियन नेशनल कॉग्रेस द्वारा 518 बी.एल.ए.को नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायी जा चुकी है। उक्त के परीक्षणोपरान्त बसपा को अपने अवशेष 643, समाजवादी पार्टी को अपने अवशेष-40 एवं इण्डियन नेशनल कॉग्रेस को अपने अवशेष 545 मतदेय स्थलों पर बी.एल.ए. तथा जनपद में सक्रिय शेष दलों यथा आम आदमी पार्टी एवं अपना दल (सोने लाल) से अपेक्षा है कि वे समस्त-1063 मतदेय स्थलों पर अपने बी.एल.ए. यथाशीघ्र नियुक्त करें।

नहीं आ रहे हैं बीएलओ

ललितपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के निर्धारित कर दिया है। अंतिम तिथि 4 दिसम्बर भी तय कर दी है, लेकिन नगर के ऐसे दर्जनों इलाके हैं, जहां बीएलओ न तो आये हैं, और न ही मतदाताओं को मतगणना पत्रक मिले हैं, जिससे नगरवासी हैरानह्लपरेशान घूम रहे हैं, जब वह निर्वाचन कार्यालय या तहसील जाते हैं, तो वहां भी उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

स्काउट और गाइड का प्रथम व द्वितीय सोपान जांच शिविर आयोजित

महोबा। स्काउट एवं गाइड के प्रथम एवं द्वितीय सोपान के तीन दिवसीय जांच शिविर का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में जिला गाइड कमिश्नर एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें 11 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लगभग एक सैकड़ा बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। उक्त शिविर का संचालन उपेंद्र कुमार, वंदना शुक्ला, नीरज प्रभा, ए के दिनकर एवं शांति रैकवार ने किया। जिसमें स्काउट एवं गाइड को साहसिक कार्य, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, प्राथमिक चिकित्सा तथा बिना बर्तन के भोजन आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर शबाना, रंजना धुरिया, रंजना श्रीवास्तव, सतचरन आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। स्काउट गाइड कमिश्नर सरगम खरे ने सभी को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्था से सभी लोग जुड़कर समाज सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान दें सकते हैं।

न्यायालय का फैसला! हिस्ट्रीशीटर अपराधी राजन को आजीवन कारावास की सजा

बिजनौर। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट बिजनौर अवधेश कुमार ने जानलेवा हमले में विभिन्न अभियुक्त की जमानत निरस्त करने के साथ हिस्ट्री शीटर अपराधी राजन को हमले का दोषी पाते हुए विशेष विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा की जोरदार दलील सुनने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सलभ शर्मा के अनुसार थाना मंडावर के अभियुक्त वैभव द्वारा वादी मनोज पर धारदार हथियार से जान से मारने की नियत हमला करने के आरोप में व थाना नूरपुर के अभियोग में अभियुक्त प्रीत व प्रशांत के द्वारा देवेंद्र के ऊपर जान से मारने की नीयत से ट्रैक्टर चढ़ा देने के आरोप अभियुक्तगणों की एक सप्ताह पूर्व जमानत निरस्त की गई तथा प्रशासन द्वारा चिन्हित अभियुक्त राजन को जानलेवा हमला महावीर पर करने का आरोपी पाते हुए विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट बिजनौर अवधेश कुमार ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। राजन पिछले वर्ष हुए कारागार गेट पर गोली कांड में नामजद था। अभियुक्त द्वारा महावीर को जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए उसके पैर में गोली मारी गई थी जो जांग में घुसती हुई कमर से बाहर निकल गई थी। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा द्वारा साबित किए गए सत्र परीक्षण में थाना किरतपुर के मुकदमे में अभियुक्त पंकज और बंटी को वादी टिंकू को गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोपित पाते हुए एक वर्ष की सजा सुनाई गई है।

सांसद चंद्रशेखर ने की निगरानी समिति की बैठक

बिजनौर। नगीना सांसद चंद्रशेखर एडवोकेट की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय लिए एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक शुरू करने से पहले सांसद चंद्रशेखर आजाद एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास भवन परिसर स्थित डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय लिए एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर ने निर्धारित समय के बाद बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि उनका स्पष्टीकरण तलब करें और असंतुष्ट जवाब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि त्रैमासिक आयोजित होने वाली इस महत्त्वपूर्ण दिशा की बैठक को गंभीरता से लें और नियत समय पर उपस्थित होते हुए दिए गए निदेर्शों का सख़्ती से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि यदि विभागीय अधिकारी उक्त बैठक में अनुपस्थित होने में असमर्थ है तो अपने स्थान पर अधीनस्थ अधिकारी को नामित करते हुए उसकी सूचना पूर्व में ही मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं और अपने प्रतिनिधि को समस्त अद्यतन सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग के लिए भेजें। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी पात्र विधवा/निराश्रित महिला पेंशन के लाभ से वंचित न रहने पाए, उनको आच्छादित करने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कैम्पों का आयोजन कर पात्रता के आधार पर लाभार्थियों का चयन करना सुनिश्चित करें।

तेज रफ्तार बोलेरो पेड़ से टकरायी 2 की मौत, चालक गम्भीर

बांदा। तेज गति बोलेरो अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराने के बाद उछलकर नीम के पेड़ से जा टकराती जिससे करतल कस्बा निवासी दो लोगों की मौत हो गई और चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बीती रात करीब 10:30 बजे कस्बा करतल निवासी नीरज उर्फ डग्गू पुत्र बिन्द्राबन यादव उम्र 30 वर्ष, अमित उर्फ पुत्तू अवस्थी पुत्र चन्द्रपाल अवस्थी उम्र 29 वर्ष तथा लल्लू राम पुत्र मइयादीन राजपूत उम्र 32 वर्ष बोलेरो यूपी 90 यू 6908 से अजयगढ़ जिला पन्ना म०प्र० की ओर जा रहे थे। गाड़ी लल्लू राम चला रहा था, वाहन की गति अधिक होने के चलते म०प्र० के सिरवरिया मोड़ के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर उछलकर नीम के पेड़ से जा टकराई जिससे बोलेरो के परखच्चे उड़ गये, जिसमें नीरज यादव तथा अमित अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गयी एवं चालक लल्लू राम राजपूत गम्भीर रुप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बचाव कार्य करने के साथ घटना म०प्र० की सीमा क्षेत्र में होने के कारण थाना अजयगढ़ पुलिस को सूचना दी। थाना अजयगढ़ पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर दोनों मृतकों का शव विच्छेदन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अजयगढ़ भेजा तथा घायल लल्लू राम राजपूत को इलाज के लिए सी एच सी अजयगढ़ में भर्ती कराया जहाँ पर हालत गम्भीर होने के चलते पन्ना म०प्र० रिफर कर दिया गया। उसकी हालत गम्भीर बनी हुयी है। सूचना परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया।

उप परिवहन आयुक्त के नेतृत्व में चेकिंग, 154 का चालान

बांदा। शहर के मेंडिकल कॉलेज तिराहे पर बिना हेलमेट चल रहे दो पहिया वाहन चालकों के विरूद्ध चेकिंग अभियान का नेतृत्व उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के डी सिंह गौर ने किया। इस दौरान परिवहन आयुक्त ने बेहद रोचक अंदाज में सड़क पर बिना हेलमेट चालकों से बातचीत की और उन्हे हेलमेट न लगाने के खतरे और हेलमेट लगाने के फायदे बताए। उप परिवहन आयुक्त के पास बुंदेलखण्ड के 7 जनपदों की जिम्मेदारी है। मंगलवार को वह झांसी से यहां पहुंचे और परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों को लेकर शहर में व्यापक रूप से वाहनों की चेकिंग का नेतृत्व किया। शहर में चेकिंग के दौरान 154 दो पहिया वाहनों का चालान हुआ और वाहन चालकों की काउंसलिंग भी की गयी। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान उप परिवहन आयुक्त के साथ एआरटीओ प्रवर्तन श्यामलाल, पीटीओ रामसुमेर यादव तथा राजभर मौजूद रहे। बताते चलें कि यातायात नवंबर माह में एक तरफ लोगो को जागरूक करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात मेविस टॉक लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। दूसरी तरफ परिवहन विभाग भी बगैर हेलमेट और सीट बेल्ट वालों को जागरूक करने के साथ ही चालान कर रहे हैं।

कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक, नयी समितियां गठित

बांदा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डिस्टिक कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में बताया गया कि सहकारिता विभाग ने वर्ष 2025-26 में 38 नई बी-पैक्स गठन करने के लक्ष्य के सापेक्ष 33 नई बी-पैक्स का गठन ग्राम स्तर पर कर लिया है। मत्स्य विभाग की नई समिति बनाने का लक्ष्य 7 के सापेक्ष 7 नई बी-पैक्स का गठन ग्राम पंचायत स्तर पर पूरा हो गया है। दुग्ध विभाग की नई समिति बनाने का लक्ष्य 22 के सापेक्ष 22 नई समिति का गठन ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि संयुक्त सचिव सहकारिता के पत्र के जरिए बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स के उन्नयन संबंधी कार्य योजना के क्रम में अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिंग सहकारिता के द्वारा जिले में नवगठित बी-पैक्स समितियों के लिए प्रति समिति 2 लाख रुपये डीसीडीसी की बैठक में सहमति दी गयी। जिले में सहकारिता विभाग की कोई भी समिति परिसमापन के तहत नही है। मत्स्य विभाग की 7 समितियों के परिसमापन की कार्यवाही प्रक्रिया में है। इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गये हैं। दुग्ध विभाग की 64 समितियों के परिसमापन की कार्यवाही पूरी हो गयी है। नवीन बी-पैक्स पोर्टल पर निर्बंधित होने के बाद उन्हे जरूरी बुनियादी ढांचा व लॉजिस्टिक सहायता देने के लिए ग्राम सभा सहकारी भूमि का आवंटन कराया जाए। समितियों के सचिवों को सहायक विकास अधिकारी एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी के माध्यम से निर्देश दिए गये हैं कि समितियों को भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने की कार्यवाही करायी जाए।

छात्र-छात्राओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

बांदा। जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5 व साइबर जागरूकता अभियान तथा यातायात माह के तहत थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम डिघवट के सहयोग आश्रम विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। अध्यापकों के सहयोग से थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने छात्र-छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर अपराध के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया। यातायात के बारे में विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई एवं वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने को कहा गया। बच्चों से यह अपेक्षा की गई कि वह जानकारी को अपने घर तथा पड़ोस के लोगों को जरूर देंगे। इस दौरान शासन के विभिन्न हेल्प लाइन नंबर आपात कालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन नंबर 1090, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930 का उपयोग किन परिस्थितियों में किया जा सकता है की जानकारी दी गई। राज्य सरकार की अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही स्कूल आने-जाने वाले मार्ग के बारे में कुशलता जानी। इस दौराने थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे, उप निरीक्षक ज्योत्सना नायक, हेड कांस्टेबल अंजली गुप्ता, भूपेन्द्र सिंह, प्रेमपाल यादव, प्रधानाध्यापक कुंज बिहारी तिवारी, शिक्षिका सुनीता देवी व प्रीति साहू मौजूद रहीं।

खेत में अजगर मिलने से क्षेत्र में सनसनी

बिजनौर। खेत में विशाल अजगर मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लगभग 16 फीट लंबे एंव 60 कि0ग्रा0 वजनी अजगर का सफल रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरनपुर में किसान नेता कामेन्द्र सिंह के खेत में बीते दिन ग्रामीणों को काफी लंबा अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद विभाग टीम ने अजगर को सुरक्षित पकड़कर एक बोरी में बंद किया। वन विभाग के अनुसार पकडा गया अजगर बर्मीज पायथन प्रजाति का है, जिसकी लंबाई लगभग 16 फीट और वजन करीब 60 किलोग्राम आंका गया है। वन विभाग की टीम अजगर को आरक्षित वन क्षेत्र मंफ छोड़ने के लिए ले गई। वन रेंजर महेश गौतम ने बताया कि अजगर आमतौर पर खरगोश, गीदड़, लोमड़ी, सुअर और नीलगाय के बच्चों जैसे छोटे जानवरों का शिकार करते हैं। अजगर सामान्य मनुष्यों पर हमला नहीं करते और उनसे दूर रहते हैं। उन्होने कहा कि खेतों और घरों में लगातार सांप निकल रहे हैं। वन विभाग की टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर सांपों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें आरक्षित जंगल में छोड़ रही है।

बढ़ता परमाणु खतरा

भारत हमेशा परमाणु हथियारों के खिलाफ रहा है और उसका स्पष्ट मानना है कि ऐसे विनाशक हथियार धरती पर नहीं होने चाहिए। लेकिन जब कोई एक देश अपने पास यह रखता है, तो दूसरे देश की मजबूरी हो जाती है। पाकिस्तान चोरी छिपे और चीन की मदद से परमाणु हथियार बना चुका था। ऐसे में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी था कि वह भी अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण राष्ट्रीय सुरक्षा और न्यूक्लीयर प्रतिरोध स्थापित करने के लिए करे। इसलिए भारत ने आत्मरक्षा के लिए परमाणु परीक्षण मई 1998 में जब किया तो अमरीका ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंधा लगा दिया। जबकि यही अमरीका पाकिस्तान की हरकतों पर आंखे मूंदकर बैठा रहा है। दरअसल दुनिया में परमाणु बम बनने और इसकी होड़ के पीछे अमरीका ही है। वह दूसरे देशों पर तो अनेक पाबंदियां लगाता है लेकिन खुद अपने परमाणु हथियारों को लगातार अपग्रेड करके, रणनीतिक न्यूक्लीयर वेपन्स विकसित कर परमाणु हथियारों की होड को हवा देता रहा है। यह कितना हास्यास्पद है कि नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले और तमाम झूठ-प्रपंच का सहारा लेने वाले अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप क्या सार्वजनिक बयान देकर दुनिया को बताएंगे कि अमरीका ने एक और परमाणु बम

परीक्षण किया है? परमाणु परीक्षण 19-21 अगस्त के बीच किया गया, जबकि अलास्का में 15 अगस्त को राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात हुई और लंबी बातचीत भी हुई, लेकिन 14 नवंबर को यह खबर सामने क्यों लाई गई कि अमरीका ने नेवादा के मरुस्थली रेत वाले टोनोपा टेस्ट रेंज में परमाणु बम का परीक्षण किया? तीन महीने तक परीक्षण को छिपा कर क्यों रखा गया? परीक्षण किए गए बम को बी 61-12 ग्रेविटी परमाणु बम नाम दिया गया है। यह जापान के हिरोशिमा पर 1945 में गिराए गए एटम बम से 24 फीसदी अधिक ताकतवर बम बताया जा रहा है। हिरोशिमा बम हमले में 1.40 लाख लोग मारे गए थे। करीब 38,000 बच्चों की भी अकाल मौत हुई थी। 1945 के बाद एक बेहद लंबा वक्त बीत चुका है। क्या अमरीका ने परमाणु परीक्षण कर एक बार फिर परमाणु हथियारों की होड़ शुरू कर दी है और दुनिया को परमाणु युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है? बीते दिनों रूस ने बुरिवेस्निक और पोसाइडन सरीखी विनाशकारी मिसाइलों के परीक्षण किए थे, तो राष्ट्रपति ट्रंप ने कड़ी आलोचना की थी और अमरीका द्वारा परमाणु परीक्षण करने की लगातार धमकी दी थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने यहां तक बयान दिया था कि रूस, चीन, उत्तरी कोरिया, पाकिस्तान जैसे देश लगातार परमाणु परीक्षण कर रहे हैं और ये परीक्षण भूमि के नीचे किए जाते हैं। यदि जमीन हिलती है, तो उसे भूकंप करार दिया जाता है। बहरहाल यह सच अब सामने आया है कि अमरीका तो अगस्त में ही परमाणु बम का परीक्षण कर चुका है और परीक्षण के वीडियो पेंटागन को भेजे गए हैं। यह परीक्षण राष्ट्रपति ट्रंप की अनुमति के बाद ही किया गया है। यह कथित परमाणु बम एफ-35 लड़ाकू विमान से गिराया गया और एरिया-51 में सीक्रेट टेस्ट किया गया, जो पूर्णतः सफल रहा। यही नहीं, एटम बम के उपकरणों के भी परीक्षण किए गए। अमरीका के पास तो 1945 में ही ऐसा एटम बम था, जिसने हिरोशिमा और नागासाकी सरीखे जापानी शहरों को मिट्टी-मलबा बना दिया था। लाखों मासूम और अकाल मौतें हुईं और कई पीढ़ियों तक उस परमाणु हमले के प्रभाव देखे गए। लहाजा सवाल बेहद गंभीर और संवेदनशील है कि यदि 33 सालों के बाद अमरीका ने परमाणु बम का परीक्षण किया है, तो मौजूदा दौर में परमाणु बम कितना विनाशकारी, नरसंहारी साबित हो सकता है? सन्नाटे और रेत के मैदानों के बीच किए गए इस परीक्षण को 'ऑपरेशन शैडो ड्रॉप' कूटनाम दिया गया। सवाल है कि क्या अमरीका ने तमाम परमाणु अप्रसार संधियों को ठेंगा दिखाया है? अगर अमरीका इस तरह की हरकतें करता है तो दुनिया परमाणु होड के ऐसे भयानक दौर में पहुंच जायेगी जिसकी कल्पना करना भी कठिन है।

शेख हसीना को कभी नहीं भेजेगा भारत!

नरेन्द्र शर्मा

> पाकिस्तान पहले से ही निरंतर सुरक्षा खतरा है और इसमें बांग्लादेश का जुड़ जाना हमारी सुरक्षा एजेंसीज के काम को अतिरिक्त कठिन बना देता है। लेकिन समस्या स्वयं बांग्लादेश के लिए भी है। जिस तरह से बांग्लादेश के छात्र, धर्मनिरपेक्ष वर्ग व सिविल सोसाइटी धार्मिक कट्टरपंथियों, जिन्हें अंतरिम सरकार का समर्थन प्राप्त है, का जबरदस्त विरोध कर रहे हैं उससे बांग्लादेश में गृह युद्ध की आशंका बढ़ती जा रही है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनकी अनुपस्थिति में बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल ने 17 नवम्बर 2025 को मौत की सजा सुनायी। उन पर मुख्य आरोप था कि उन्होंने 2024 के छात्र आंदोलन को कुचलने के लिए घातक हिंसा का प्रयोग किया, जिसमें सैंकड़ों लोगों की जानें गईं। हसीना, जो इस समय भारत में शरण लिए हुए हैं, ने ट्रिब्यूनल को कंगारू कोर्ट कहते हुए कहा है कि मुकदमा शुरू होने से पहले ही यह फैसला तय हो गया था। उनके अनुसार, ट्रिब्यूनल को उनके राजनीतिक विरोधी नियंत्रित किये हुए हैं और अपनी प्रशासनिक नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए यह सब कुछ हो रहा है। दूसरी ओर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। उनकी सरकार ने नई दिल्ली से आग्रह किया है कि 78-वर्षीय हसीना को वापस ढाका भेजा जाये। भारत की प्रतिक्रिया इस संदर्भ में सावधानीपूर्वक रही है। नई दिल्ली ने एक वक्तव्य में कहा है कि उसने ट्रिब्यूनल के फैसले का संज्ञान लिया है और करीबी पड़ोसी होने के नाते वह बांग्लादेश के लोगों के हितों के प्रति समर्पित है, जिसमें उसकी शांति, लोकतंत्र व एकजुटता भी शामिल है। इस सिलसिले में भारत हमेशा सभी स्टेकहोल्डर्स से रचनात्मक संपर्क में रहेगा।

बहरहाल, लाख टके का सवाल यह है कि क्या भारत हसीना को वापस बांग्लादेश भेजेगा? प्रबल संभावना यही है कि हसीना को ढाका को नहीं सौंपा जायेगा। यह अनुमान अकारण नहीं। नई दिल्ली ने हसीना के प्रत्यर्पण की मांग प्राप्त होना तो स्वीकार किया है, लेकिन इस बारे में वह क्या करेगी, इसका कोई संकेत नहीं दिया है। पिछले साल दिसम्बर से उसकी स्थिति यही रही है, जब ढाका ने आधिकारिक तौरपर हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की थी। अब जब हसीना को नाटकीय अंदाज में मौत की सजा सुना दी गई है, तो भी भारत की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं आया है और जल्दबाजी में वह कोई निर्णय नहीं लेने जा रहा है क्योंकि हसीना के कारण उसके बांग्लादेश से रिश्ते हमेशा ही अच्छे रहे हैं। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि नई दिल्ली की ढाका के साथ जो 2013 की प्रत्यर्पण संधि है, वह भी हसीना को किसी भी राजनीतिक साजिश से सुरक्षाकवच प्रदान करती है। संधि का अनुच्छेद 9 कहता है कि अपराध अगर सियासी पहलू का है, तो प्रत्यर्पण से इंकार किया जा सकता है। हालांकि ढाका यह तर्क दे सकता है कि इस अनुच्छेद में हत्या को राजनीतिक अपराध में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन अनुच्छेद 8 में यह कहा गया है कि अगर संबंधित व्यक्ति उस राज्य को, जिससे प्रत्यर्पण की मांग की गई है, यह समझाने में सफल हो जाता है कि उसके खिलाफ आरोप ह्यन्याय हितह्न में अच्छी भावना से नहीं थे, तो भी प्रत्यर्पण से इंकार किया जा सकता है।

कूटनीति

संक्षेप में बात इतनी सी है कि हसीना का प्रत्यर्पण जटिल व लम्बी प्रक्रिया है और मृत्युदंड ने इसकी जटिलता में अतिरिक्त इजाफा किया है। भारत के लिए इसमें दोनों कानूनी व भू-राजनीतिक पहलू भी हैं। हसीना भारत की अच्छी दोस्त रही हैं, जिन्होंने न सिर्फ उसके आर्थिक व सुरक्षा हितों में सहयोग किया है बल्कि अतिवादी तत्वों को भी नियंत्रण में रखा था। ऐसी दोस्त को, जरूरत के समय अकेला छोड़ना भारत की अंतर्राष्ट्रीय साख के लिए अच्छा नहीं होगा। हसीना को बेसहारा करने का अर्थ होगा उनकी पार्टी आवामी लीग को निरुत्साह करना, जिस पर आगामी फरवरी के राष्ट्रीय चुनाव में हिस्सा लेने पर प्रतिबंध है और साथ ही बांग्लादेश में भारत-विरोधी अतिवादी तत्वों में ऊर्जा भरना। ध्यान रहे कि गैर-चुनी हुई अंतरिम सरकार ने भारत की चिंताओं को दूर करने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया है। भारत के लिए यह भी चिंता का विषय है कि ढाका फिर से पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर करने के प्रयास में लगा हुआ है। कहने का अर्थ यह है कि बदले की भावना के चलते हसीना को कानूनी नाटक से सजा-ए-मौत दी गई है और ढाका अब नई दिल्ली के लिए मुख्य सुरक्षा चिंता है। हसीना को यह विरोधाभास शायद पसंद न आये कि 2010 में उन्होंने जिस ट्रिब्यूनल को स्थापित किया था पाकिस्तानी युद्ध अपराधियों व उनके बंगाली साथियों के ट्रायल के लिए (जिन पर बांग्लादेश के 1971 के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान नरसंहार का आरोप था) उसने ही अंतरिम सरकार के दबाव में उनके खिलाफ मौत की सजा सुनायी है। 1971 के दौरान 3 मिलियन लोगों की हत्या हुई थी व लगभग 2,50,000 महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ था। इनके दोषियों को सजा दिलाने की बांग्लादेश की सिविल सोसाइटी लम्बे समय से मांग कर रही थी, जिसे स्वीकार करते हुए हसीना ने इस ट्रिब्यूनल की स्थापना की थी, जिसने जमात-ए-इस्लामी के अनेक युद्ध अपराधियों को मृत्युदंड दिया था। इसलिए इस ट्रिब्यूनल द्वारा हसीना को पिछले साल के छात्र आंदोलन में हुई मौतों के लिए मृत्युदंड देना कानूनन उचित प्रतीत नहीं होता है। उनका ट्रायल बदले की भावना अधिक लग रहा है। जिन लोगों ने हसीना पर मुकदमा चलाया उन्हें, जाहिर है, कुछ हिसाब तो चुकता करना था। यह लोग धर्मनिरपेक्ष बुद्धिजीवियों जैसे शहरयार कबीर के पीछे भी पड़े हुए हैं, जो हिरासत में हैं और उनसे संपर्क वर्जित है। साथ ही हसीना और उनके तत्कालीन गृहमंत्री असदुज्जमान खान पर सुपीरियर कमांड जिम्मेदारी और 12 छात्र प्रदर्शनकारियों की मौत के भी आरोप थे।

लेकिन इस केस में मुख्य गवाह बांग्लादेश के पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस हैं, जो हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन गये हैं। अतः हसीना विरोधी बलों की निगरानी में की गई पूरी कानूनी प्रक्रिया संदिग्ध है, जिसपर भरोसा नहीं किया जा सकता। शेख मुजीबुर्रहमान का धर्मनिरपेक्ष बांग्लादेश मुस्लिम कट्टरपंथ के गड्ढे में गिरता हुआ नजर आ रहा है और हसीना उसके स्पष्ट निशाने पर हैं। गंभीर खतरा इस आशंका को लेकर भी है कि आईएसआई के समर्थन से भारत-विरोधी तत्व बांग्लादेश में एकजुट हो रहे हैं- जिसे हसीना ने रोके हुए था। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि ढाका का वर्तमान शासन भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर उदासीन है। वह नई दिल्ली का विरोध करने के लिए अपना आर्थिक नुकसान करने के लिए भी तैयार है। इस सबके कारण बांग्लादेश भारत के लिए पूरब में खतरनाक पट्टी हो जाता है।

पाकिस्तान पहले से ही निरंतर सुरक्षा खतरा है और इसमें बांग्लादेश का जुड़ जाना हमारी सुरक्षा एजेंसीज के काम को अतिरिक्त कठिन बना देता है। लेकिन समस्या स्वयं बांग्लादेश के लिए भी है। जिस तरह से बांग्लादेश के छात्र, धर्मनिरपेक्ष वर्ग व सिविल सोसाइटी धार्मिक कट्टरपंथियों, जिन्हें अंतरिम सरकार का समर्थन प्राप्त है, का जबरदस्त विरोध कर रहे हैं उससे बांग्लादेश में गृह युद्ध की आशंका बढ़ती जा रही है। आवामी लीग का दमन भी आग में घी का काम कर रहा है। इस आशंका को दूर करने के लिए यूनुस की प्राथमिकता बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव कराने की होनी चाहिए ताकि ढाका में लोकप्रिय सरकार का गठन हो सके, न कि पाकिस्तान के कट्टरपंथी जनरल आसिम मुनीर से दोस्ती करने की।

सोशल मीडिया

मा. राष्ट्रपति द्वारा आज दिल्ली में 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ जिला की श्रेणी के तहत उत्तरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने व प्रथम पुरस्कार के लिए बधाई। सीएम योगी.

नयी नीति, तकनीक व नवाचारों से सशक्त बनाकर 'सहकार से समृद्धि' के मूल मंत्र को साकार कर रही। दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता कुंभ में का साक्षी बना। अमित शाह.

भाजपा ने इनसे जिस पद का वायदा किया था, उसको छोड़कर इन्हें बाकी सारे पद और जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। भाजपा पर्यवेक्षक नहीं पर्चीवेक्षक भेजती है। अखिलेश यादव

आखिर हमारा समाज कब समझेगा बेटी की वेदना



सामयिक

डॉ. एस.के.गोपाल

किसी भी समाज की संवेदना तब परखी जाती है जब उसके भीतर से कोई ऐसी घटना सामने आती है जो व्यक्ति नहीं, व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करती है। हाल की एक अत्यंत दुःखद और पीड़ादायक घटना, जहाँ अपने पिता को किडनी दान देने वाली समर्पित बेटी को ही परिवार के भीतर अपमान, उपेक्षा और मानसिक विषाद का सामना करना पड़ा, हमारी सामाजिक चेतना को झकझोर कर रख देती है। सबसे अधिक हृदय विदारक वह वाक्य है, जिसे कहने को वह विवश हुई- 'आप सब मेरे रास्ते कभी मत चलें, किसी घर में मेरे जैसी बेटी या बहन पैदा न हो।' एक बेटी की यह निराशा केवल एक परिवार की त्रुटि नहीं, यह हमारी सामाजिक संरचना पर गहरा प्रश्नचिह्न है।

घरेलू राजनीति की जटिलताओं को समझना भले कठिन हो, लेकिन यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह मामला किसी सामान्य परिवार का नहीं, बल्कि देश के एक सम्मानित राजनीतिक परिवार का है, जहाँ नौ बच्चों में सात बेटियाँ हैं और जिनकी माता एक समय बड़े राज्य की मुख्यमंत्री रही हैं। ऐसे परिवार में यदि समर्पण की प्रतिमूर्ति बेटी का ही अपमान हो तो यह विडंबना केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक दायरे में सीमित नहीं रहती; यह समाज और राजनीति दोनों पर एक नैतिक प्रश्न बनकर उभरती है।

किसी पिता को किडनी दान देना सिर्फ जैविक निर्णय नहीं होता, यह निष्ठा, करुणा और त्याग का सर्वोच्च रूप होता है। जब उसी बेटी को अपमान या तिरस्कार का बोझ ढोना पड़े तो यह स्पष्ट संकेत है कि समाज अब भी स्त्री के समर्पण को आवश्यक मानता है, पर उसके सम्मान को सुनिश्चित करने में असफल है। यह विडंबना तब और गहरी हो जाती है जब हम देखते हैं कि आज भारत की स्त्री समाज के लगभग हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। वह विज्ञान, प्रशासन, रक्षा सेवाओं, न्याय पालिका, कला, खेल, व्यवसाय और राजनीति, प्रायः हर मंच पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही है। यह हमारे सामाजिक विकास की सकारात्मक दिशा है कि मातृशक्ति अब सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में दिखाई दे रही है। इसी के साथ यह उल्लेखनीय है कि भारत की संसद भी महिलाओं को राजनीति में समुचित और प्रभावी भागीदारी दिलाने के लिए प्रतिबद्ध एवं संकल्पित है। यह कदम न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि करता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान अब संरचनात्मक रूप से मान्यता पा रहा है। लेकिन इसी वास्तविकता के बीच किसी बेटी का परिवार से लगातार संघर्षरत होना, उसके त्याग का उपहास होना, यह सामाजिक व्यवहार और राजनीतिक संकल्प के बीच की दूरी को उजागर करता है।

हर बेटी पूरे समाज का गौरव होती है। अगर त्याग करने वाली बेटी ही अपने अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा कर दे, तो यह स्पष्ट है कि समस्या हमारी मानसिकता में कहीं गहरे तक बसी हुई है। परिवार यदि सम्मान देने में असफल हो जाए, तो बड़े से बड़ा सामाजिक सुधार भी अधूरा रह जाता है। यह घटना एक चेतावनी है कि हम केवल बेटियों से त्याग की अपेक्षा न रखें, बल्कि उनके आत्मसम्मान, सुरक्षा और अधिकार की रक्षा को प्राथमिकता भी दें। स्त्री का सम्मान भावनाओं से नहीं, व्यवहार और व्यवस्था से सुनिश्चित होता है। आज जब देश एक नए सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है, तब ऐसी घटनाएँ हमें याद दिलाती हैं कि विकास केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सोच का भी विषय है। जरूरत इस बात की है कि समाज, परिवार और व्यवस्था, तीनों मिलकर यह सुनिश्चित करें कि किसी बेटी को फिर कभी यह न कहना पड़े कि 'मेरे जैसी बेटी किसी घर में न पैदा हो'। यह वाक्य केवल एक स्त्री की पीड़ा नहीं, हमारी सामाजिक आत्मा के भीतर गूँजता प्रश्न है। क्या हम सच में उन बेटियों के योग्य समाज बने हैं, जो हम पर अपना सबकुछ न्यौछावर कर देती हैं? इस यक्ष प्रश्न पर समाज को गंभीरता से, आधी दुनिया को समाज में बराबरी का हक देने के नजरिए से गंभीर विमर्श करना चाहिए।

विचार

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।

-हाफिज.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

-जयशंकर प्रसाद.

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।

-महात्मा विदुर.

जीवन के झंझावात

जीवन के हर कदम पर पुरुषार्थ की परीक्षा होती है। व्यक्ति को हमेशा परीक्षाओं के बीच से गुजरना पड़ता है। मनुष्य का जीवन झंझावातों से भरा हुआ है और सबको जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कठिनाई हर मनुष्य के जीवन में आती है। उनका आना अनिवार्य और आवश्यक है। प्रारब्ध कर्मों के भोग के बोझ को उतारने के लिए नहीं, वरन मनुष्य की मनोभूमि और अंतरात्मा को सुदृढ़, तीक्ष्ण, पवित्र, प्रगतिशील, अनुभवी और विकसित करने के लिए भी कष्टों एवं आपत्तियों की भारी आवश्यकता है। जैसे भगवान मनुष्य को दया करके नाना प्रकार के उपहार दिया करे हैं, जिससे मनुष्य का अज्ञान, अहंकार, आलस्य, अपवित्रता और व्यामोह नष्ट हो। कठिनाइयां आने पर हतप्रभ, किंकर्तव्य विमूढ़ या कायर और हाथ पैर फुलाकर रोना-झीकना शुरू कर देना, अपने को या दूसरों को कोसना सर्वथा अनुचित है। यह तो भगवान की उस महान कृपा का तिरस्कार करना हुआ। इस प्रकार तो वे कठिनाई कुछ लाभ न दे सकेंगी वरन उल्टे निराशा, कायरता, अवसाद, दीनता, आदि का काराण बन जायेगी। कठिनाई देखकर डर जाना, प्रयत्न छोड़ बैठना, चिंता और शोक करना किसी सच्चे मनुष्य को शोभा नहीं देता। आपत्ति एक प्रकार से हमारे पुरुषार्थ की ईश्वरीय चुनौती है जिसे स्वीकार करके ही हम प्रभु के प्रिय बन सकते हैं। अखाड़े के उस्ताद पहलवान नौसिखिए पहलवानों को कुश्ती लड़ना सिखाते हैं। नौसिखिये लोग पटक खाकर शोक संतप्त नहीं हो जाते। वरन अपनी भूल को समझकर फिर उस्ताद से लड़ते हैं और धीरे-धीरे पूरे एवं पक्के पहलवान बन जाते हैं। ईश्वर ऐसा ही उस्ताद है जो आपत्तियों की पटक मार-मारकर हमारी अनेक अपूर्णताएं दूर करके पूर्णता तक पहुंचाने की महान कृपा करता है। कठिनाइयों से डरने या घबराने की कोई बात नहीं। वह तो इस सृष्टि का एक उपयोगी, आवश्यक एवं सार्वभौम विधान है। उससे न तो दुखी होने की जरूरत है, न घबराने की, न किसी पर दोषारोपण करने की। हां हर आपत्ति के बाद नये साहस और नये उत्साह के बाद उस परिस्थिति से लड़ने की और प्रतिकूलता हटाकर अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए प्रयत्नशीलता की आवश्यकता है। यह प्रयत्न आत्मा का धर्म है, इस धर्म को छोड़ने का अर्थ अपने को अधर्मी बनाना है। प्रयत्न की महिमा अपार है। आपत्ति द्वार जो दुख सहना पड़ता है उसकी अपेक्षा उसे विशेष समय में विशेष रूप से प्रयत्न करने का जो स्वर्णिम अवसर मिला, उसका महत्व अधिक है। प्रयत्नशीलता ही आत्मोन्नति का प्रधान साधन है, जिसे अपत्तियां तीव्र गत से बढ़ाती हैं। प्रयत्न, परिश्रम एवं कर्तव्य पालन से मनुष्य के गौरव एवं वैभव का विकास होता है।

अंतर्दृष्टि

जे नर पुलिस गीत गावहिं

व्यंग्यलोक

1.गला काटन ये कथा है न्यारी। नेता पुलिस मीडिया निहारी।। नेता और पुलिस आपस में एक दूसरे के गलबैयां डाले हुए घूम रहे हैं। मीडिया भी अपना माइक जाल फैला रहा है। सोशल मीडिया अपनी चैनल बाजी की कथाएं सुना रहा है। इस कलाकार गला काट प्रतियोगिता में नेता पुलिस और मीडिया का मिलाजुला खेल चल रहा है। 2.एनकाउंटर कठिन नहीं भाई। करत पुलिस जो उसे सुहाई।। पुलिस चरितकथा में कवि कहते हैं कि अगर कोई आत्मसमर्पण भी कर दे, तो पुलिस के लिए एनकाउंटर करना कोई कठिन काम नहीं है। पुलिस जिसे चाहे मार सकती है, जिसे चाहे तार सकती है। सच यह है कि जो पुलिस के मन में आता है, वही इसे पूरा करती है।

राम विलास जॉगिड़

3.डॉन पुलिस नेता गठबंधी। उलूक समाना जनता अंधी।। पुलिस चरित कथा में स्पष्ट कहा गया है कि डॉन, पुलिस और नेता का आपस में गठबंधन है। लठबंधन है। ठगबंधन है। स्वार्थ के धागे से पिरोया विचित्र बंधन है। आपस में किस समय कैसा बंधन है? यह कोई नहीं जान सकता। इनके बंधन में जनता उल्लू के समान अंधी हुई पड़ी है। जनता को कुछ भी मालूम नहीं है कि कौन किस के पास, किस बंधन से बंधा है। 4.पुनि पुनि पुलिस बयान सुनाए। सुनि सुनि मंत्री कथा हरषाए।। तरह-तरह के मंत्री और तरह-तरह की कथाएं पुलिस गलियारे में गूंजती रहती हैं। इस बारे में कवि कहते हैं कि पुलिस के बयान पुनः पुनः अलग-अलग ढंग के सामने आते हैं। बयान हवा में लहराते हैं। वे फिर से नए होकर इतराते हैं। ऐसी कथा सुनकर अच्छे-अच्छे मंत्री हर्षित होते हैं। लेकिन जब पुलिस का मूड घूम जाए तो वही मंत्री जाने कब एनकाउंटर हो जाए। यह खुद पुलिस को भी मालूम नहीं होता है। 5.दैहिक दैविक भौतिक तापा। पुलिस राजहिं सबहैं ब्यापा।। कवि कहता है कि पुलिस राज चारों ओर पसरा पड़ा है। जो भी प्राणी पुलिस के चक्कर में उलझ जाता है उसे शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, दैविक, राजनीतिक सभी प्रकार के कष्ट भुगतने पड़ते हैं। कवि ने पुलिस के चक्कर में आने की स्थिति को स्पष्ट उजागर किया है। 6.नेता भरन पोषन कर जोई। पुलिस समान दूजा नहीं कोई।। कहा गया है कि नेताओं के भरण-पोषण के लिए समय-असमय पर पुलिस ही सब बंदोबस्त करती है। छुट-भैया नेताओं के लिए छोटे भैया प्रकार के पुलिसकर्मी! बड़-भैया नेताओं के लिए बड़े प्रकार के पुलिसकर्मी! सब अपना काम स्वार्थगत करते हैं। नेताओं का जितना भरण-पोषण पुलिस करती है, उतना प्रशासन नहीं कर पाता है।

आपकी बात

सभी छात्रों को दें टेबलेट

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतरचुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

गिरीश त्रिपाठी, लखनऊ.

प्रवासियों से बदसलूकी

अमरीका अवैध प्रवासियों के साथ जो कुछ कर रहा है उसे कदापि सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। सरकार से भी इस मुद्दे पर सवाल पूछे जा रहे हैं और अमरीका के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया गया है कि अवैध प्रवासियों को भेजते समय उनके साथ मानवीय बर्ताव किया जाये। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में बताया कि अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की एक प्रक्रिया है और यह वैध प्रवास को बढ़ावा देने के लिए है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की संधि भी है और भारत इसका हिस्सा भी है। शायद इसी के मद्देनजर भारत ने ट्रंप प्रशासन के समक्ष 18 हजार अवैध प्रवासियों की वापसी में मदद की पेशकश भी की है। यहां अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। दरअसल आपत्ति अवैध भारतीय प्रवासियों के साथ अमरीका के बर्ताव को लेकर है। अवैध प्रवासियों को अगर हथकड़ी लगाकर भेजने के बजाय सामान्य नागरिक की तरह भेजा जाता तो इससे कोई आफत नहीं आ जाती। आखिर अवैध प्रवासी कोई आतंकी तो हैं नहीं। यह ठीक है कि रोजी-रोजगार की तलाश में वे अमरीका बिना जरूरी कागजात के चले गये लेकिन वहां उन्होंने कोई और अपराध नहीं किया है। इसलिए अगर अवैध प्रवासियों को सभ्य तरीके से डिपोर्ट किया जाये।

राजेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.

संक्षेप

तेजी से बदल रहे हैं परिषदीय स्कूलः लाल चंद्र

अयोध्या। जनपद के परिषदीय स्कूल तेजी से बदल रहे हैं। कायाकल्प योजना की रफ्तार बढ़ी है और जिले के सभी स्कूलों को आधुनिक बनाने का मिशन तेज मोड में चल रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद्र के अनुसार अयोध्या में 1791 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। इन स्कूलों में 19 पैरामीटर पर विकास कार्य होना है। विभाग का कहना है कि अब तक 1986 बार अलग-अलग पैरामीटर पर काम पूरा हो चुका है। यानी कई स्कूलों में एक से अधिक सुधार किए गए हैं। 19 में से 16 पैरामीटर पर अधिकांश विद्यालय मानक पूरा कर चुके हैं। कुछ विद्यालय विशेष कारणों से अभी प्रक्रिया से बाहर हैं। पांच स्कूलों में कोर्ट केस चल रहा है, जबकि रुदौली के कैथी स्कूल में बरसात में जलभराव के कारण निर्माण शुरू नहीं हो पाया। वहीं प्राथमिक विद्यालय बंधवा में इस समय तेजी से मरम्मत और विकास कार्य चल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जिले में दो मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय और एक अभ्युदय विद्यालय खोले जा रहे हैं। मॉडल स्कूलों के लिए जमीन का चयन कर प्रस्ताव भेज दिया गया है। अभ्युदय विद्यालय के लिए उपयुक्त भूमि तलाश जारी है। कायाकल्प योजना का लक्ष्य है। अगले शैक्षणिक सत्र तक सभी स्कूलों को सुरक्षित, आधुनिक और बच्चों के लिए सक्षम वातावरण देना। अयोध्या शिक्षा के नए अध्याय की ओर बढ़ चुका है।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का का शुभारम्भ आज

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग द्वारा 19 व 20 नवम्बर को सामाजिक विज्ञानों में तकनीकी शब्दावली का निर्माण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, उच्चतर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सह निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहभागिता करेंगे। साथ ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए आमंत्रित वक्ता भी व्याख्यान में हिस्सा लेंगे। सामाजिक विज्ञान के बीच संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी सत्र भी आयोजित किए जाएँगे।

नगर निगम को बतायीं समस्याएं

समाधान के बाद लौटे, जनशिकायतों का निस्तारण समय से करें निगम कर्मीः महापौर

अयोध्या। जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में आयोजित संभव कार्यक्रम में मंगलवार को कुल 18 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तुरंत समाधान कराया, जबकि सात प्रकरण गली एवं नाली निर्माण से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने कहा कि जनशिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता पर हो। इस मामले में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर। उन्होंने सफाई एवं एंटी लार्वा छिड़काव के लिए तत्काल कर्मचारियों को रवाना किया। उन्होंने जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र तुरंत जारी करने का निर्देश दिया।

इस दौरान अश्विनीपुरम कॉलोनी के अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने आरसीसी सड़क निर्माण की मांग की, जबकि आदित्य उपाध्याय ने वजीरगंज चेला छावनी में नाले की मरम्मत तथा पप्पू सोनकर ने पेयजल समस्या से महापौर को अवगत कराया। व्यापार मंडल की ओर से आए प्रार्थनापत्र में बजाजा में अतिक्रमण हटाने की अपेक्षा जताई गई। रजनीश तिवारी ने कैलाशपुरी में कूड़ा करकट हटवाने एवं जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। आशापुर झलकारीबाई वार्ड के पवन कुमार, रामकुमार आदि ने नाली व सड़क निर्माण की आवश्यकता जताई। इसी तरह अन्य लोगों ने भी अपनी समस्या से अवगत कराया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने समस्याओं का निदान कराया। जनसुनवाई में पूर्व उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद अनुज दास, रमाशंकर निषाद एवं अनूप श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त डॉ नागेंद्र नाथ, जोनल अधिकारी सुभाष त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता निर्माण भारत सिंह मौजूद रहे।

कृषि विवि में श्रमिक ने की आत्महत्या

सरकारी आवास पर फंदे से लटका मिला शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज परिसर में मंगलवार सुबह एक दैनिक श्रमिक ने अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 54 वर्षीय राकेश कुमार मौर्य के रूप में हुई है, जो डाभासेमर, मसौधा (अयोध्या) के निवासी थे। घटना तब सामने आई जब सुबह देर तक राकेश अपने कमरे से बाहर नहीं निकले। संदेह होने पर आसपास के लोग उनके विश्वविद्यालय स्थित आवास पर पहुंचे। काफी आवाज देने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला, जिसके बाद विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारी विनोद सिंह को सूचना दी गई। सुरक्षा अधिकारी विनोद सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक कारपेंटर को बुलाया और दरवाजा खुलवाया। कमरे के भीतर राकेश कुमार मौर्य फांसी के फंदे पर लटके हुए पाए गए। जिसकी तत्काल कुमारगंज पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक धनीराम वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राकेश कुमार मौर्य विश्वविद्यालय के कमरा नंबर डी-132 में रहते थे और दैनिक श्रमिक के रूप में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, उनके भाई राजेंद्र कुमार मौर्य भी कृषि विश्वविद्यालय में सरकारी कर्मचारी हैं और राकेश उन्हीं के आवास में रह रहे थे। घटना के समय राजेंद्र अपने पैतृक गांव गए हुए थे, जिससे राकेश कमरे में अकेले थे। भाई राजेंद्र कुमार ने बताया कि राकेश की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी, लेकिन आत्महत्या के पीछे क्या कारण रहा, इसका कोई स्पष्ट अंदाजा नहीं लगाया जा सका। पुलिस प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

कक्षा 1 व 2 के बच्चों को दिसम्बर तक बनायें निपुणः अनिल दुबे

मिल्कीपुर-अयोध्या। विकासखंड मिल्कीपुर के न्याय पंचायत देवरिया के प्राथमिक विद्यालय पूरे गोविंद में मंगलवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में एआरपी गणित अनिल दुबे ने कहा कि दिसंबर तक सभी विद्यालयों को कक्षा एक और दो के बच्चों को निपुण लक्ष्य की दक्षता हासिल करानी है। सामाजिक विषय के एआरपी करूणेश सिंह ने विभागीय प्राथमिकता वाले शैक्षिक कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान शिक्षिका सरोज बिंद ने अम्ल और क्षार पर एक प्रयोग का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, डॉ. अनिल चैरसिया ने पानी, कटोरी और सिक्के का उपयोग करते हुए प्रकाश के परावर्तन और अपवर्तन को प्रायोगिक रूप से समझाया। बैठक को नोडल शिक्षक अजय गुप्ता, विजय कुमार यादव, अजय द्विवेदी, शचीपूर्णा सिंह, निवेदिता उपाध्याय और नम्रता शुक्ला सहित कई शिक्षकों ने संबोधित किया। प्रधानाध्यापक उमेश कुमार यादव ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि सहायक अध्यापक इम्तियाज अहमद ने इसका संचालन किया। इस अवसर पर दिनेश तिवारी, उषा पांडेय, मोहम्मद सरवर, डॉक्टर धीरज, वकार अहमद, ध्रुव त्रिपाठी, बृजेश कुमार, विनय कुमार, कुमकुम पांडेय, सीमा, उर्मिला यादव, पिंकी जायसवाल, शिव कुमारी, फुलमना, कुसुम कुमारी, रुचि शुक्ला समेत कई अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं, अनुदेशक व शिक्षामित्र मौजूद रहे।

बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरित नहीं कर रहे : रानू

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने दर्ज कराया विरोध

अयोध्या। विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025-26 के दौरान जनपद में लगातार सामने आ रही गंभीर खामियों को लेकर अयोध्या महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील कृष्ण रानू ने तीखा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्य में हो रही लापरवाही लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करती है। बीएलओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरित नहीं कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में मतदाता बिना किसी सूचना और प्रपत्र के रह गए हैं, जिससे एसआईआर प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने अपना विरोध दर्ज कराते हुएकहा कि कई बूथों पर नए और अनुभवहीन बीएलओ तैनात कर दिए गए हैं, जिन्हें अपने क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी तक नहीं है। इसके कारण वे न तो घरों का पता सही ढंग से लगा पा रहे हैं और न ही समयबद्ध तरीके से कार्य कर पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कई बीएलओ के पास पुरानी मतदाता

सूची उपलब्ध नहीं है, जिसे ऑनलाइन खोजने में काफी समय लग रहा है और पूरी प्रक्रिया धीमी हो गई है। पुराने और अनुभवी बीएलओ को हटाने से अव्यवस्था और बढ़ गई है, क्योंकि नए कर्मियों को क्षेत्र समझने में समय लग रहा है और मतदाता परेशान हो रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया कि तुरंत प्रभाव से पुराने एवं अनुभवी बीएलओ को पुनः तैनात किया जाए। सभी बीएलओ को मतदाता सूची की भौतिक प्रतियां और आवश्यक रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाए। बीएलओ द्वारा घर-घर प्रपत्र वितरण की कड़ी निगरानी की जाए और जहाँ शिकायतें मिली हैं वहाँ विशेष निरीक्षण दल भेजे जाएं। शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि पूरी प्रक्रिया समय पर और पारदर्शी ढंग से पूरी हो सके।

भाकपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। देश व प्रदेश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों के ऊपर अंधाधुंध किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ और गरीबों, किसानों, मजदूरों की जटिल समस्याओं को लेकर देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिला मुख्यालय तहसील सदर पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के माध्यम से ऊंचाहार रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि की माबलिंचिंग करके की हत्या, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना, हरियाणा के एडीजीपी पूरन कुमार की जातीय उत्पीड़न व आत्महत्या की घटना, लखनऊ के थाना बन्थरा की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा के साथ दिनदहाड़े सामूहिक बलात्कार घटना हुई।

पीटीओ ने 77 हजार रुपये पेनाल्टी वसूल किये 4 वाहन सीज, 12 चालान

बाराबंकी। परिवहन विभाग ने राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाले ओवरलोड सहित प्राइवेट का कमर्शियल प्रयोग करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए जुमार्ना लगाया है। इस दौरान मौके पर हजारो रुपये पेनाल्टी जमा करते हुये 12 चालान व 4 वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने बताया कि नियमो का उल्लंघन कर सड़को पर फरार्टा भरने वाले वाहनो के खिलाफ विशेष चेकिंग आपरेशन चलाया गया है। आज जनपद के विभिन्न मार्गो पर 2 प्राइवेट वाहनो का कमर्शियल प्रयोग व 2 ओवरलोड़ वाहनो से मौके पर कुल 77 हजार रुपये पेनाल्टी वसूलते हुये थानो मे निरुद्ध किया। इसके साथ ही अन्य अभियोगो मे 12 चालान किये गये।

नकली खाद-बीज ने किसानों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ दीः रणधीर सिंह सुमन

बाराबंकी। नकली खाद-बीज विक्रेता, नकली खाद्य पदार्थ विक्रेता, दलित-पिछड़ों के उत्पीड़न कर्ता, समाजविरोधी गतिविधियों में शामिल सभी असमाजिक तत्व सत्तारूढ़ दल के नेता है। उक्त उद्गार किसानो की समस्याओ को लेकर किसान सभा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व आयोजित प्रदर्शन मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने व्यक्त किये। राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने आगे कहा कि किसानों के कर्ज माफ नही किए जा रहे हैं। नकली खाद बीज ने किसानों की आर्थिक रुप से कमर तोड़ दी है। चुनाव जनता की भलाई के मुद्दे पर न होकर लोकतंत्र का अपहरण कर लिया गया है। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि अडानी और अम्बानी के कर्ज माफ हो रहे हैं। और किसान कर्जे माफ नही हो रहे है। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि दलित महिला पिछड़ों का उत्पीड़न जारी है सरकार मूकदर्शक है। इसके उपरान्त महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपा गया। ज्ञापन सौपने वालो मे राजकुमार वर्मा, प्रेम चंद वर्मा, महेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव, सर्वेश यादव, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, दीपक शर्मा, आशीष वर्मा, संदीप तिवारी, अमर सिंह मौजूद रहे।

सुखीपुर चौकी प्रभारी ने देर रात चलाया चेकिंग अभियान

टिकैतनगर, बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन चलाये जा रहे यातायात माह नवम्बर के तहत टिकैतनगर कोतवाली अन्तर्गत सुखीपुर चैकी प्रभारी अमित कुमार की टीम ने ग्राम सरायबरई मे देर रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुखीपुर चैकी प्रभारी ने दर्जनो बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, तीन सवारी वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये चालान किये। तथा यातायात नियमो का पालन करने हेतु चालको को जागरुक भी किया।

मतदेय स्थलों के संभाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

बहराइच। जनपद बहराइच में अवस्थित समस्त 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 282-बलहा, 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी, 286-बहराइच, 287-पयागपुर एवं 288-कैसरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का सम्भाजन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-25 के अन्तर्गत करते हुए 10 नवम्बर 2025 को मतदेय स्थलों की सूचियों के आलेख्य का प्रकाशन कर दिया गया था। मतदाता सूची के आलेख्य के उपरान्त राजनैतिक दलों की ओर से प्राप्त हुई आपत्तियों एवं सुझावों पर चर्चा के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक के ज्ञात हुआ भारतीय जनता पार्टी की ओर से सुझाव/आपत्तियां प्राप्त हो गई हैं। डीएम ने अन्य पार्टी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि प्रकाशित सूची के सम्बन्ध में यदि किसी दल का कोई सुझाव या आपत्ति हो तो आज ही उपलब्ध करा दें। जिससे अग्रिम कार्यवाही पूर्ण करते हुए आयोग के अनुमोदनार्थ सूची का प्रेषण किया जा सके। डीएम ने बैठक में मौजूद सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने की भी अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) से हमजा शफीक, भारतीय जनता पार्टी से श्रवण कुमार शुक्ल, बहुजन समाज पार्टी से अजय कुमार गौतम, समाजवादी पार्टी राम हर्ष यादव व जफर उल्लाह खा बन्टी सांसद बहराइच डा. आनन्द कुमार गोड़ के प्रतिनिधि बैजनाथ रस्तोगी व अपना दल एस से महेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

कंबाइन मशीन की टक्कर से पत्रकार की मौत

बहराइच। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बहराइच-भिनगा फोरलेन पर मोहरानिया गांव के सामने एक कॉम्बाइन मशीन ने मोटरसाइकिल सवार रवि प्रकाश त्रिवेदी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जनपद बहराइच के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के अशरफ गांव निवासी रवि त्रिवेदी के रूप में हुई है। रवि लखनऊ में नूडल्स बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह कमलेश कुमार तिवारी के दामाद थे। रवि किसी काम से सोनावा स्टोर की ओर जा रहे थे। मोहरानिया के पास उनकी मोटरसाइकिल को कॉम्बाइन मशीन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रवि सड़क पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल रवि को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने हादसे में शामिल कॉम्बाइन मशीन को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पत्रकारों ने दिवंगत आत्माओं को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

बहराइच। सर्किट हाउस का वातावरण उस समय भावुकता से भर उठा, जब श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आयोजित शोकसभा में जिलेभर से आए पत्रकार साथियों ने अपने दिवंगत परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तीन दर्जन से अधिक पत्रकारों की उपस्थिति ने न केवल इस सभा को महत्वपूर्ण बनाया बल्कि आपसी अपनापन, संवेदनशीलता और एकजुटता की भावना को भी और मजबूत किया। शोकसभा की शुरूआत दिवंगत आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन रखकर की गई। नम आँखों से पत्रकार साथियों ने उन अपनों को याद किया, जो इस वर्ष हमेशा के लिए उनके बीच से चले गए। यूनियन के राष्ट्रीय पार्षद विपिन अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, मंगल शर्मा, शरद शर्मा और आनंद पोद्दार सहित कई पत्रकारों के परिवारों ने इस वर्ष अपूरणीय क्षति झेली है। इसी गम को साझा करने और साथ खड़े होने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई थी। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि भावनाओं और आपसी सहयोग से बुना हुआ परिवार है। उन्होंने कहा, सुख के क्षणों में हम भले ही एक-दूसरे के पास न पहुँच पाएँ, लेकिन दुख की घड़ी में साथ खड़े होना ही असली मजबूती देता है। यही हमारे संगठन की सबसे बड़ी उदारता और शक्ति है ह्व उनके इस संदेश ने पूरे माहौल को मानवीय संवेदनाओं से भर दिया। शोकसभा में वरिष्ठ पदाधिकारियों सतीश श्रीवास्तव, विपिन अग्रवाल, श्याम जी मिश्रा, सैय्यद कल्बे अब्बास, संतोष श्रीवास्तव एवं अनुराग पाठक एवं महामंत्री नितिन बंसल ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सभी पत्रकार एक परिवार की तरह एक-दूसरे का संबल बने हुए हैं। इस मौके पर महेश अग्रवाल, कासिम मेहंदी, राहुल यादव, तारिक अहमद, सोनू हैदर, प्रभंजन शुक्ला, अद्वैत भूषण श्रीवास्तव, रोहितांश त्रिपाठी, अंशुमान बाजपेयी, अरुण दीक्षित, मोहम्मद कासिफ, फहीम किदवई, कोषाध्यक्ष रमन सोनी सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

सेपक टकरा में महिला आरक्षी को मिला प्रथम स्थान, एसपी ने सौंपा प्रमाण पत्र

बाराबंकी। 73वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक वालीवाल क्लस्टर प्रतियोगिता महिला/पुरूष 2025 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में जनपद मे तैनात महिला आरक्षी द्वारा लखनऊ जोन की टीम की ओर से प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये सेपक टकरा में प्रथम स्थान किया। बताते चले कि प्रतियोगिता के क्वाड इवेन्ट में जनपद में नियुक्त म0 आरक्षी आकांक्षा सरन ने लखनऊ जोन की टीम की ओर से प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेपक टकरा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने खेल प्रमाण पत्र सौपते हुये बधाई दी। एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

बहराइच। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर व चौपाल लगाकर तथा स्कूल/कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही मानव तस्करी / बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है। अंत में महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल तरीके तथा खतरनाक परिस्थितियों से बचने के उपाय भी साझा किए गए।

एसपी ने सुनी आमजन की फरियाद

बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

महादेवा महोत्सव 2025 बना ग्रामीण पर्यटन विकास का उभरता केंद्र

- लोधेश्वर महादेव मंदिर का महाभारत काल से पहले का है इतिहास
- महादेवा महोत्सव दे रहा ग्रामीण पर्यटन को नई उड़ान : जयवीर सिंह

जिला संवाददाता

बाराबंकी। ब्लाक सूरतगंज स्थित सुप्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव में सात दिवसीय (17 से 23 नवंबर) महादेवा महोत्सव में इस वर्ष भी 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इनमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ बहराइच, गोंडा, लखनऊ, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और मध्य प्रदेश से आने वाले आगंतुकों की संख्या सर्वाधिक रहती है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महादेवा महोत्सव ने आध्यात्मिकता के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन विकास को भी मजबूती दी है। लाखों की संख्या में आने वाले

आगंतुकों से जिले के होटल, होम स्टे, परिवहन, भोजनालय और स्थानीय बाजारों को बड़ा लाभ मिलता है। राजधानी लखनऊ से सटे होने की वजह से आगंतुकों के लिए मेला स्थल तक पहुंचना आसान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध यातायात, बेहतर कनेक्टिविटी सुविधाओं और सुरक्षित माहौल ने ऐसे आयोजनों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मेले में आयोजित प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, जिले की उपलब्धियों, पर्यटन धरोहरों, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, महिला समूहों के कार्यों और विकास यात्रा से संबंधित विजुअल सामग्री प्रस्तुत की जा रही है। स्टॉल, फ्लेक्स, डिजिटल डिस्प्ले, थीमेटिक पैनल और फोटो-गैलरी के माध्यम से जिले की पहचान, संस्कृति और उपलब्धियों को प्रभावी रूप में प्रदर्शित किया गया है। लोधेश्वर महादेव मंदिर के पास 9 होम स्टे हैं जो महादेवा महोत्सव में आने वालों के लिए महंगे होटलों का विकल्प बने हैं। वहीं, जिले में कुल 32 होम स्टे काम कर रहे हैं। महोत्सव में अक्षरा सिंह, समर सिंह और शिल्पी राज जैसे भोजपुरी कलाकार और गायक, कुमार सत्यम गजल गायक, आचार्य शांतनु जी महाराज कथावाचक, डॉ0 विष्णु सक्सेना कवि सहित अन्य का अलग-अलग दिवस पर कार्यक्रम होना तय है। इसके अलावा, सांस्कृतिक संध्या अंतर्गत स्थानीय लोक कलाकारों का गायन, कत्थक नृत्य की प्रस्तुति, नाटक, जादू, लोक नृत्य, झांकी, अवधि लोक गीत, भजन, आल्हा उदल प्रस्तुति और जवाबी कीर्तन आदि प्रस्तुतियां निर्धारित हैं।

प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

बहराइच। प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 19 नवम्बर 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 19 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा सहयोगियों के साथ बैठक करेंगे। तदोपरान्त मध्यान्ह 12:00 बजे मा. मंत्री श्री शाही लोक निर्माण विभाग निरीक्षण, भवन में जिलाध्यक्ष, विधायकगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी के साथ कोर कमेटी की बैठक करेंगे।

संक्षेप

तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी । एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में सोमवार को थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त उमेश यादव पुत्र शिवबहादुर यादव निवासी ग्राम हारीपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा 3 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है ।

गंदगी से पटीं नालियां सफाई कर्मी नदारद

जगदीशपुर, अमेठी। तैनात सफाई कर्मचारी के लापरवाही के चलते नालियां गंदगी से पति पड़ी है लोग बीमारी की चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर विकासखंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत पालपुर, परवेज पुर, खैरात पुर, मोहब्बत पुर, निहाल गढ़,भूली नगर,सिधियावा, पूरब गांव पूरे गौहर आदि गांवों मे स्थित नालियां कीचड़ व गंदगी से पटी पड़ी है जिसमें से आ रही बदबू के कारण स्थानीय लोग संक्रामक बीमारी के चपेट में जाकर आए दिन परेशान होते रहते हैं तो वहीं नालियां भी तिग्रस्तक्ष हों गई हैं जिससे स्थानीय लोगों में आए दिन तू तू मैं मैं होना आम बात है गंदगी से परेशान होकर सोमनाथ फैयाज अहमद रिजवान गुड्डू ने इसकी विकास खंड स्तर पर शिकायत भी किया परंतु कोई कर्मचारी सफाई करने की जहमत नहीं उठाना चाहते जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में बीडीओ जगदीशपुर ने बताया कि जल्द ही टीम भेजकर सफाई व्यवस्था चुस्त दुरूस्त कराई जाएगी।

दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

महराजगंज, रायबरेली। एक सप्ताह पूर्व महराजगंज इन्हौना मार्ग पर मोन गांव के पास दो बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई थी। मामले में मृतक युवक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर टक्कर मारने वाले बाइक व अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव निवासी छेद्दू पुत्र श्यामलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 10 नवंबर की शाम करीब साढ़े छः बजे उसका 25 वर्षीय बेटा कुलदीप कुमार आवश्यक कार्य से महराजगंज बाजार गया था, वापस आते समय मोन तिराहे के पास बाइक संख्या यूपी 32 जेए 1359 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके बेटे की मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव वालों ने उसके गंभीर घायल बेटे को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार सदमे में था, एक सप्ताह बाद मृतक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि सड़क हादसे में मृतक युवक के पिता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

फूड सेफ्टी ऑन व्हील ने दुकानों से लिए खाद्य पदार्थों के सैम्पल

मथुरा। खाद्य सुरक्षा विभाग ने जागरूकता अभियान के तहत कृष्णानगर में फूड सेफ्टी ऑन व्हील (खाद्य सचल प्रयोगशाला) के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों को मिलावट की जांच के बारे में जानकारी दी और 19 अलग-अलग दुकानों से नमूने लेकर जांच की। खाद्य विक्रेताओं को सुधार के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह ने खाद्य सचल प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से घर पर खाद्य पदार्थ की जांच के घरेलू नुस्खे बताए। उनको जागरूक किया। 19 नमूने लिए गए। वाहन को देख एक बार तो विक्रेताओं में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को जागरूक किया। खाद्य विक्रेताओं को निर्देश दिए कि खाद्य कारोबार के लिए लाइसेंस-पंजीकरण जरूरी है। सिंथेटिक रंगों का प्रयोग न करें। रसोई और भोजन तैयार करने वाले क्षेत्र की साफ सफाई और स्वास्थ्यकर स्थिति बनाए रखने के भी निर्देश दिए गये।

एसआईआर अभियान में लगने का भाजपा ने किया आह्वान

रायबरेली। चुनाव आयोग के द्वारा चलाए जा रहे सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान एस आई आर को लेकर भाजपा की जनपदीय बैठक में गंभीरता के साथ मंथन हुआ और बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और रायबरेली जनपद के प्रवासी जितेंद्र सिंह ने कार्यकताओं से कहा कि हमें हर हाल में जोरदारी से इस कार्य में लगना है और बोगस मतदाताओं को मतदाता सूची से हटवाने का कार्य बीएलओ से मिलकर करना है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश में भी बड़ी विजय चाहता है जो तभी संभव है, जब फर्जी लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहाकि बूथ स्तर पर बूथ अध्यक्ष, बी एल ए टू और शक्ति केंद्र संयोजक के साथ बैठक कर हर हाल में एक सप्ताह के अंदर एस आई आर का काम पूरा कर लिया जाए। पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह ने भी कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि हम सभी को पार्टी के निदेशों को सर्वोपरि मानते हुए बूथ पर काम करना है और बोगस मतदाताओं को हर हाल में मतदाता सूची से हटवाना है। एस आई आर मुख्य रूप से मतदाता सूची की सफाई करने का ही अभियान है। हमें हर हाल में घुसपैठियों को भगाना है। जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि कार्य में और अधिक सुधार करने की जरूरत है। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह,वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह, सुशील शुक्ला, डॉक्टर अविनाश सिंह, मनोज अवस्थी ,सत्येंद्र बहादुर सिंह, शिवेंद्र सिंह, अनुज मौर्य अभिषेक वर्मा,संतोष पासवान, धुन्नी सिंह, कृष्ण जीवन तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो लोग घायल

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। बर्थडे पार्टी से लौट रहे तीन बाइक सवारों को सोमवार की देर रात तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। घटना में एक युवक की मौत हो गई,वहीं दो युवक हादसे में घायल हुए है।

मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा गांव निवासी पवन कुमार (21), सतीश (23) और शैलेश (22) सोमवार की रात गोसाईगंज थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां से बर्थडे पार्टी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। रात करीब 11:00 बजे वह बाइक से कटका-मायंग रोड पर महमूदपुर गाँव के पास स्थित धर्मकांटे के पास पहुँचे थे कि अचानक एक अज्ञात बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक दूर तक छिटककर सड़क किनारे गड्ढे में गिर पड़े। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुँचाया। जहाँ इलाज के दौरान पवन कुमार की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल शैलेश का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, जबकि सतीश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से पिता हरिश्चंद्र गौतम, माँ चंद्रावती, बड़ी बहन निशा, छोटे भाई-बहन अमन और उषा का रो-रोकर बुरा हाल है। द्वारिकागंज चैकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी ने बताया अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर प्राप्त कर मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

मोन ग्राम में फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी

महराजगंज,रायबरेली। मोन ग्राम में एक फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने का मामला प्रकाश में आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बखत खेर मजरे मोन निवासी गया प्रसाद की पत्नी फुलवासा का आरोप है कि उनकी फुफुआ सास ने उनके पक्ष में वर्ष 2013 समस्त चल अचल संपति का वसीयत नामा तहरीर कर पंजीकृत कराया। नन्हऊ की मृत्यु 2015 ग्राम बखत खेत में हो गई। आरोप है कि बाराबंकी जिले के हैदर गढ़ थाना के खजुरी मजरे बहुता निवासी दयाराम, राम दयाल, राकेश , प्रदीप, श्याम कली व मोन निवासी दिलीप सिंह, शारदा शरण पाण्डेय,ने भूमि हड़पने की नियत से नन्हऊ का का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र हैदर गढ़ के त्रिवेदी गंज सी एच सी से जारी करा लिया। जिसमें मृत्यु दिनांक 24 जून 2009 अंकित करा दी। यही नहीं कूट रचित वसीयत भी तहरीर कराकर पंजीकृत कराई।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को भाजपाइयों ने दोहराया निकाली यात्रा

अमेठी । सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय ह्ल पदयात्रा का आयोजन विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह पदयात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित है। एकता यात्रा का प्रारंभ मुसाफि रखाना तिराहा, गौरीगंज बाजार से होगा तथा यह मटियारी भवन, गौरीगंज पर आकर संपन्न होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय मेंकार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के प्रवासी डॉक्टर आर.ए.वर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने तैयारी की समीक्षा बैठक की। उन्होंने रूट चार्ट एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दोनों नेतागणों ने पदाधिकारियों, कार्यकताओं, आमजन एवं जनपदवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

यज्ञ व भंडारे के साथ श्री राम कथा का समापन

लालगंज, रायबरेली। लालगंज नगर के संस्कृत विद्यालय में मानस मंथन समिति के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा का यज्ञ और भंडारे के साथ समापन हो गया है। श्री राम कथा कैसे समापन अवसर पर व्यास गद्दी पर विराजमान साध्वी निशु भारद्वाज गोपी ने बड़े ही मार्मिक ढंग से सुंदरकांड, लंका कांड और उत्तरकांड का वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्री राम के राज्याभिषेक का मनोहारी प्रसंग सुनाया। कथा सुनकर मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना में भगवान श्री राम का अद्भुत वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि बालकांड से निर्विकार भाव की प्रेरणा मिलती है। किष्किंधा कांड संस्कार का, सुंदरकांड वास्तव में सुंदरता का, लंका कांड अहंकार मोचन का और उत्तरकांड भागवत साक्षात्कार का कांड है। उन्होंने कहा कि राम कथा चार स्थानों पर निरंतर चली आ रही है। कैलाश पर्वत पर भगवान शिव मां पार्वती को, तीर्थराज प्रयाग में याज्ञवल्क्य जी, नीलगिरि पर्वत पर

कागभूसुंडी जी गरुड़ को और काशी में गंगा तट पर तुलसीदास जी अपनी लेखनी के माध्यम से मां गंगा को कथा सुनाते हैं। समिति के मुख्य संयोजक महेश शर्मा ने बताया कि सात दिनों तक भक्तिमय वातावरण में कथा आयोजित हुई। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कथा व्यास निशु भारद्वाज गोपी जी का धन्यवाद ज्ञापित किया और सहयोग के लिए लालगंज के लोगों का भी आभार जताया। वही चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने साध्वी निशु भारद्वाज जी सहित सभी कलाकारों का अंगवस्त्र से सम्मान किया और यथाशक्ति दक्षिणा भी भेंट की। भंडारे में भक्तों ने छककर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विष्णु कुमार पांडे, भाजपा नेता अनूप पांडे, कांग्रेस नेता संजीव कुमार पांडे,अरुण कुमार सिंह ,राजेश सिंह फौजी, मृत्युंजय बाजपेई, अप्पू शर्मा, रोहित सोनी, शिवम गुप्ता,कौशलेंद्र कंचन ,अर्पित गुप्ता, कल्लू बाजपेई , दीपू गुप्ता, समर्थ गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सतर्कता नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व भी है : राम निरंजन

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के फामेर्सी संकाय, नर्सिंग संकाय एवं यूनीक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला यातायात प्रभारी श्री राम निरंजन तथा यातायात विभाग की टीम ने विशेष रूप से सहभागिता की। यातायात प्रभारी ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं वाहनों को सावधानीपूर्वक व नियमों का पालन करते हुए चलाएं। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा केनियमों- जैसे हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ट्रिपलिंग से बचाव, ओवरटेकिंग के खतरे तथा दुर्घटना के दौरान घायलों को समय पर अस्पताल पहुँचाने की जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सतर्कता नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। कार्यक्रम की शुरुआत फामेर्सी संकाय के निदेशक डॉ.महेश प्रसाद ने अतिथियों, शिक्षकों व छात्रों के स्वागत भाषण से की। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के समापन पर यूनीक फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुपमा द्विवेदी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। नर्सिंग संकाय के प्रशासक राजेश कुमार दूबे, अंतेश झां, रितेश, पुनीत त्रिपाठी, श्रद्धा लक्षकार, प्रांजलि देवी, राहुल कुमारव संस्थान के कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

विवाद के दौरान पति ने पत्नी की नाक काटी, लखनऊ रेफर

जिला संवाददाता (vol)

अमेठी । बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के पूरे लदई दुबे मजरे दक्खिन गांव में एक पति ने विवाद के दौरान अपनी पत्नी की नाक काट दी। पीड़िता को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना 17 नवंबर की दोपहर को हुई। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र साहू ने अपनी पत्नी संजना के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी की। विवाद बढ़ने पर राजेंद्र ने संजना को जमीन पर गिरा दिया और गांव के किनारे पुलिया के पास उसकी नाक काट दी।

सूत्रों के मुताबिक, संजना ने तीन महीने पहले अपनी तीसरी बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद वह अपने मायके चली गई थी। घटना वाले दिन जब वह ससुराल वापस लौटी, तो पति-पत्नी के बीच बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। घटना के बाद महिला खुद महिला थाने पहुंची। वहां से पुलिसकर्मियों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। स्थानीय अस्पताल में चिकित्सकों ने संजना की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पहले रायबरेली मेडिकल कॉलेज और फिर लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि पीड़िता की मां लीलावती की तहरीर पर आरोपी राजेंद्र साहू के खिलाफ प्राथमिकी संख्या 309/25 में धारा 115, 352 और 118 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षकों के शोषण की सैकड़ों शिकायतें देख बीएसए दंग

रायबरेली। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय बछरावां पर शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस समाधान दिवस पर शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा अन्य कार्मिकों की विभिन्न लगभग 200 समस्याओं को उनके द्वारा सुना गया तथा 15 दिन में उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के उचित समाधान हेतु संबंधित पटल पर पहुंचाने हेतु पत्र निर्गत करने का निर्देश संबंधित को दिया गया। समाधान दिवस पर शिक्षकों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करने से शिक्षकों में प्रसन्नता एवम नए बेसिक शिक्षा अधिकारी से न्याय की उम्मीद दिखी। सैकड़ों शिक्षक देर शाम तक बीआरसी सभागार में डटे रहे। शिक्षक समस्या समाधान दिवस को आगे भी इस तरह लगाने की माँग वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल द्वारा की गयी। श्री शुक्ल ने कहा कि इससे शिक्षकों में प्रसन्नता के साथ शिक्षण कार्य में उत्साह की वृद्धि होगी। बीइओ कार्यालय में ब्याप्त भ्रष्टाचार जैसे गुम की गयी सेवापुस्तिकाओं की जांच,चयन वेतनमान से वंचित शिक्षकों की समस्याओ का निवारण, आन लाइन, ऑफ लाइन सेवा पुस्तिकाओं में कई वर्षों से वेतन वृद्धि की प्रविष्टियों के अंकन न होने,अवशेष वेतन देयक, अनुपस्थित शिक्षकों के स्पष्टीकरण की पत्रावली जिला कार्यालय न भेजने व वेतन विसंगति से प्रभावित शिक्षिकों की सैकड़ों शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ है जिनके निवारण हेतु विगत दो वर्षों से बीइओ को प्रार्थनापत्रों एवम महासंघ के ज्ञापनों के माध्यम से कार्यालयी भ्रष्टाचार की प्रमाणित शिकायतें की

जाती रहीं है लेकिन केवल झूठा आश्वासन ही मिलता रहा है तथा किसी आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं हुयीं। इस आयोजन के बाद अब शिक्षकों की शिकायतों की जांच तो होगी तथा निश्चित रूप से बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इस प्रकार के आयोजन शिक्षा एवम शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होने से शिक्षा के क्षेत्र में अकल्पनीय सुधार होगा। ललिता बाजपेयी ने भी बीएसए से कालातीत भुगतान की समस्या को समयबद्ध तरीके से निस्तारण की माँग की।

नीलम त्रिपाठी, अरुण यादव स्वेता सिंह विद्या सोनकर आदि ने अपनी सेवा पुस्तिका के गायब की शिकायत की। रेनू सिंह ने विगत 6 वर्षों से बीईओ कार्यालय के भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए कहा कि उन्हें विगत 6 वर्षों से वेतन बहाली आदेश की प्रति नहीं दिए जाने की लिखित शिकायत की। अधिकांश शिक्षकों ने कार्यालय भ्रष्टाचार की शिकायतों से अवगत कराया। ब्लॉक संसाधन केंद्र से शिकायत कर्ता शिक्षकों के कार्यालयीय कर्मियों द्वारा किये जा रहें शोषण से अवगत कराया। आज के समाधान दिवस में कार्यालय लिपिक अभिषेक सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संरक्षक राजीव कुमार शुक्ला, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, शशिलेश कुमार, मंत्री कंचन सिंह, मंत्री सपना बाजपेयी, मंत्री संगीता गौतम, कार्यवाहक अध्यक्ष अभिनव सिंह, महामंत्री लोकतंत्र शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत मोहन, कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा,संगठन मंत्री शैलेन्द्र वर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सरंक्षक रमेश कुमार, संध्या सिंह, जया मौर्य,राम प्रकाश, अंजू गुप्ता, कल्पना वर्मा, संगठन मंत्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा, आलोक सिंह, पीयूष सिंह, मीनू जायसवाल, अमरीश श्रीवास्तव, नीरज शुक्ला, मो0 आरफीन नीतू सिंह, अलकाअवस्थी, शमासिंह,स्मिता, प्राची समेत सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा ने निकाली एकता यात्रा

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। विधानसभा लंभुआ में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता यात्रा का आयोजन किया। यह पदयात्रा पुरानी तहसील ग्राउंड से शुरू होकर प्राथमिक विद्यालय गजापुर तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओंऔर आम नागरिकों ने हाथ में तिरंगा झंडा के साथ प्रतिभाग किया। यात्रा की शरुआत पुरानी तहसील ग्राउंड में लगे मंच पर सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और उन्हें नमन करने के साथ हुई। सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय लोग राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सरदार पटेल के योगदान, राष्ट्रीय एकता और लौह पुरुष के रूप में उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता विकास वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि यह एकता यात्रा सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। मंडल अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह ने पदयात्रा में शामिल हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक सीताराम वर्मा, जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, भाजपा नेता अवनीश सिंह उर्फ गुड्डू, भाजपा नेता विकास वर्मा, कैलाश चंद दुबे, दिनेश सिंह, कृष्णा सिंह, विनीत सिंह, विजय त्रिपाठी, संजीव पांडेय, रामकृपाल वर्मा, प्रवीण पाठक समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

मृत नीलगाय से टकरायीं दो कारें, बाल-बाल बचे लोग

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। शुक्रवार देर शाम पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर उस समय बड़ा हादसा होते-होते बच गया, जब दोस्तपुर थाना क्षेत्र के माइल-स्टोन 151.400 पर सड़क पर पड़ी मृत नीलगाय से दो कारें एक के बाद एक टकरा गईं। जोरदार टक्कर में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को चोट नहीं लगी। पहली कार हुंडई वरना थी, जिसे गाजीपुर निवासी अरविंद राय चला रहे थे। उनके साथ अभिषेक राय (सिंचाई विभाग, गाजीपुर) और संदीप मिश्रा (ग्राम बैपुर देवकली) मौजूद थे। मृत नीलगाय से टकराने पर कार का दाहिना टायर फट गया और रेडिएटर, ग्लास व एसी सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गए। कुछ ही सेकंड बाद पीछे आ रही टाटा टियागो भी वहीं पड़े शव से जा टकराई। यह कार कानपुर निवासी रमेश चंद्र यादव चला रहे थे, जो पूरी तरह सुरक्षित रहे। घटना की सूचना मिलते ही एक्सप्रेस-वे सुरक्षा टीम तुरंत सक्रिय हो गई। सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडे पेट्रोलिंग टीम के साथ 10 मिनट में मौके पर पहुंचे। उनके बाद सुरक्षा अधिकारी कपिल देव सिंह यादव भी पेट्रोलिंग वाहन के साथ 12 मिनट में पहुँच गए। इसके अतिरिक्त, जीआर कंपनी की रिकवरी वैन 25 मिनट, नाइट ऑफिसर 27 मिनट और जेसीबी मशीन 35 मिनट में मौके पर पहुंची। टीम ने मृत नीलगाय को हटाकर सड़क को साफ कराया और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को टोल प्लाजा दोस्तपुर भेजा। समय रहते की गई कार्यवाही से बड़ा हादसा टल गया और मार्ग पुनः सुचारु रूप से चालू करा दिया गया।

पिकअप पलटी, बड़ा हादसा टला

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मंगलवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक पिकअप डाला अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा दोस्तपुर थाना क्षेत्र के माइल-स्टोन 157.3 के पास हुआ। यूपी 62 एटी 1974 नंबर की पिकअप कूरेभार से गुड़ लेकर दोस्तपुर की ओर जा रही थी। वाहन चालक सुधीर रावत के अनुसार चलते समय अचानक पिकअप का पिछला बायाँ टायर फट गया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ा और वह ओवरटेकिंग लाइन के बीचों-बीच पलट गया। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को 06:50 बजे मिलते ही एक्सप्रेसवे सुरक्षा टीम सक्रिय हो गई। सहायक सुरक्षा अधिकारी त्रिलोकी नाथ पांडेय पैकेज-4 की टीम, ईगल पेट्रोलिंग नंबर-6 और एम्बुलेंस के साथ मात्र 10 मिनट में घटना स्थल पर पहुंच गए। लगभग 15 मिनट बाद सुरक्षा अधिकारी कपिल देव सिंह यादव भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा कर्मियों ने सड़क पर बैरिकेडिंग लगाई और यातायात को सुरक्षित मार्ग से डायवर्ट किया। इसके बाद जीआर कंपनी की रिकवरी वैन को बुलाकर क्षतिग्रस्त वाहन को टोल प्लाजा दोस्तपुर भेजने की कार्रवाई शुरू की गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है: अमर प्रताप सिंह

सुलतानपुर (वीओएल)। भारत सरकार द्वारा वृहद स्तर पर संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वत्स वेलफेयर फाउंडेशन की पहल पर मंगलवार को श्याम कुमारी इंटरमीडिएट कॉलेज, पेमापुर, जयसिंहपुर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की अध्यक्षा केशमती सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. एसपी सिंह, सहयोगी स्टाफ प्रणव सिंह, अवध किशोर, श्रीराम अवध, साक्षी सहित विद्यालय के डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यशाला की शुरुआत डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा नशा न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं को नशा-मुक्त रहने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राधेश मिश्र ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए सरकार की नशामुक्ति नीतियों, नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम तथा अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्तिगत शारीरिक क्षति के साथ सामाजिक व आर्थिक विकास को भी बाधित करता है। मुख्य वक्ता श्री मिश्र ने अपने संबोधन के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय टेबल टेनिस विद्यालयी प्रतियोगिता में यूपी टीम के मैनेजर बने मो. सईद

सुलतानपुर। जिले के लिए गर्व का विषय है कि प्रा. विद्यालय पूरे मितई-दूबेपुर सुलतानपुर में तैनात नगर व्यायाम शिक्षक व टेबल टेनिस प्रशिक्षक मो. सईद को 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय टेबल टेनिस अंडर-19 छात्र प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता 21 से 25 नवंबर तक श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में आयोजित होगी। प्राचार्य, राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान उप, अयोध्या द्वारा जारी पत्र के अनुसार 19 नवंबर को अयोध्या से यूपी टीम जम्मू के लिए प्रस्थान करेगी। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के कोच अजय त्रिपाठी (प्रयागराज) तथा बालिका वर्ग की कोच जय श्री हापुण (हापुड़) भी टीम के साथ रहेंगे। मो. सईद के मार्गदर्शन में क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने लगातार स्टेट स्तर पर गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल किए हैं। इनके प्रशिक्षण में नगर की सेजल ने अंडर-14 ताइक्वांडो में स्टेट गोल्ड जीतकर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि नैतिक भी नेशनल के लिए चयनित हुआ है। मो. सईद वर्तमान में ज

संक्षेप

वृंदावन के 16 वार्डों की सफाई व्यवस्था का अनुबंध देने का विरोध

मथुरा। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर एकता मंच (वृंदावन जोन) की बैठक नगर अध्यक्ष छोटू चैहान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें इस जोन के समस्त सफाई कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से तय किया कि वृंदावन जोन के 11 वार्ड, यमुनापार क्षेत्र के पांच वार्डों के 663 कर्मचारी के साथ किसी भी कीमत पर अनुबंध स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि नगर निगम के अधिकारियों ने ऐसी कोशिश की तो सफाई कर्मचारी काम बंद हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। नगर अध्यक्ष ने बताया कि वृंदावन जोन के सफाई कर्मचारियों के साथ गत 27 अक्टूबर को लक्ष्मण शहीद स्मारक वृंदावन जोन में हुई वार्ता के बिंदुओं का अभी तक क्रियान्वयन नहीं किया गया है। जिससे सफाई कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ मांग करता है कि यथास्थिति को ही बहाल रखा जाए और कर्मचारी शहरी आजीविका केंद्र डूडा द्वारा ही रखे जाएं। उन्होंने नगर निगम के महापौर व नगर आयुक्त को लिखे पत्र में चेतावनी दी है कि सफाई व्यवस्था की यथा स्थिति नहीं रखी गई तो मजबूर होकर 72 घंटे के उपरांत समस्त कर्मचारियों सहित संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

27 शिकायतों में दो का मौके पर निस्तारण

मथुरा। मथुरा-वृंदावन नगर निगम द्वारा मंगलवार को ह्लसंभव दिवसह्व का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त जग प्रवेश की अध्यक्षता में भूतेश्वर स्थित मुख्य कार्यालय में जनसुनवाई हुई। इसके अतिरिक्त, वृंदावन जोनल कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक और जनरल गंज स्थित कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने भी नागरिकों की शिकायतें सुनीं। सभी केंद्रों पर नगर निगम के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। संभव दिवस के दौरान तीनों जोनों में कुल 27 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा दी गई है। भूतेश्वर जोन में कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें 7

अतिक्रमण, 5 स्ट्रीट लाइट, 1 सफाई, 1 पट्टे के नवीनीकरण और 1 कुत्ता पकड़ने से संबंधित थीं। स्ट्रीट लाइट और कुत्ता पकड़ने से जुड़ी दो शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वृंदावन जोन में कुल 11 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें 2 सफाई, 3 जलकल, 3 नजूल और 3 निर्माण विभाग से संबंधित थीं। वहीं, सिटी जोन में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़ी एक शिकायत प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी व कल्पना सिंह चैहान, महाप्रबंधक जल मोहम्मद अनवर ख्वाजा, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, अवर अभियंता विद्युत यंत्रकी शैलेश सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर की दुकानें होंगी खाली

दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए बनेगा रैंप

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने शपथपत्र दिया कि अब वह इन दुकानों को किराये पर नहीं उठाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित दुकानें खाली होने के बाद श्रद्धालुओं के हित के लिए इनका प्रयोग किया जाएगा। इस आशय की जानकारी श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने दी है।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने 30 अगस्त 2025 को भी उनके पक्ष में फैसला सुनाया था, लेकिन प्रतिवादियों ने इस निर्णय को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने भी श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के हित में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सभी दुकानों को खाली करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि दुकानें खाली होने के बाद वहां पर दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए रैंप और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही कुछ दुकानों को श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी विकसित किया जाएगा। ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। दुकानों के अनाधिकृत कब्जे के चलते वहां पर कोई निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह रास्ता साफ कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में दुकानों के कब्जे को लेकर चल रहे 25 साल से विवाद को समाप्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि संस्था एक सार्वजनिक धार्मिक एवं धर्मार्थ ट्रस्ट है। उसकी संपत्तियां यूपी किराया कानून के दायरे से बाहर हैं। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने दुकानें खाली करने का आदेश देते हुए दुकानदारों की याचिकाएं खारिज कर दीं। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने अशोक राघव, पदमा राघव व तीन अन्य की याचिका पर दिया है।

अब भगवान श्रीकृष्ण के भक्त ब्रज के विकास की प्लानिंग में बनेंगे साझेदार

जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म भूमि और अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध लीला भूमि ब्रज क्षेत्र अब धार्मिक महत्ता के साथ आधुनिक विकास का संगम बनता जा रहा है। क्षेत्र में सुविधाओं को उन्नत करने और ब्रज की प्राचीनता व पवित्रता को सुरक्षित रखने के लिए विकास की इस प्रक्रिया से श्रद्धालुओं को सीधे जोड़ने की पहल उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने की है। इसके तहत परिषद ने फत कोड आधारित सुझाव प्रणाली लागू कर रही है, जिसकी मदद से ब्रज दर्शन को आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु अपने सुझाव दीनदयाल परिषद तक पहुँचा सकेंगे।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल ने इस नवीन पहल की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज न केवल भगवान श्रीकृष्ण नई जन्म और लीलास्थली है, बल्कि यहां की संस्कृति, संगीत, कला, रास-उत्सव, मंदिर परंपरा और प्राचीन कुंडों का धार्मिक महत्व देश-दुनिया के भक्तों को आकर्षित करता है। प्रतिवर्ष कई करोड़ श्रद्धालु यहाँ पहुंचकर दिव्य अनुभूति का अनुभव करते हैं। बढ़ती तीर्थयात्राओं और पर्यटन गतिविधियों के चलते ब्रज में आधुनिक सुविधाओं, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था के विस्तार की आवश्यकता भी बढ़ी है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा हाल के वर्षों में सड़क विकास, घाटों के नवीनीकरण, कुंड पुनर्जीवन, पार्किंग विस्तार, प्रकाश व्यवस्था सुधार एवं तीर्थस्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर काम किए जा रहा है। अब परिषद की पहल ब्रज विकास योजनाओं में जनता को भी भागीदार बनाने की है। इसी उद्देश्य को लेकर परिषद द्वारा ब्रज आने वाले श्रद्धालुओं की वास्तविक जरूरतों को समझकर उन्हें योजनाओं में शामिल करने की योजना पर का काम किया जा रहा है। ब्रज के विकास की इस पहल में तीर्थयात्री एवं स्थानीय नागरिक अपनी राय और सुझाव साझा कर सकते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से फत कोड स्कैन कर सुझाव देने की अपील की है ताकि ब्रज के आध्यात्मिक वैभव और आधुनिक सुविधाओं का समन्वय और मजबूत हो सके। इसके लिए मंदिरो के आसपास, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मुख्य मार्ग, परिक्रमा आदि स्थानों पर फत कोड बोर्ड लगाए जाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कार्यकर्ताओं संग की बैठक

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला शिविर कार्यालय एटा रोड पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में टूंडला विधानसभा के मंडल अध्यक्ष व मतदाता गहन पुनरीक्षण में लगे विधासनभा के प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 4 नवंबर से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सभी विषयों की बिन्दुबार चर्चा जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकताओं के साथ की व सभी मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों पर एक जिला स्तरीय मंडल स्तरीय कार्यकर्ता को शक्ति केंद्र के अंतर्गत सभी बूथों पर मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक करने हेतु जिम्मेदारी दी। बूथ अध्यक्ष बी एल ए व बी एल ओ का आपसी सामंजस्य बने जिससे अभियान को गति मिले ऐसे सभी विषयों की विस्तृत चर्चा बैठक में की गई। बैठक में टूंडला नगरपालिका चेयरमैन भंवर सिंह शिव शंकर शर्मा मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह सचिन जैन सतीश धनगर दिनेश गुप्ता ब्रजवीर सिंह, महिपाल निषाद अनंत प्रताप सिंह पूरन सिंह बी डी सी गिरवर निषाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विश्व नवजात शिशु सप्ताह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के 100 शैय्या चिकित्सालय फिरोजाबाद में प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रोफेसर योगेश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में बाल रोग विभाग व स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा विश्व नवजात शिशु सप्ताह विषय पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ0 राहुल पैंगोरिया सह आचार्य बाल रोग विभाग व डॉ प्रेरणा जैन आचार्य व विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग व संचालन डॉ भरतवीर प्रभारी अधिकारी, एस एन सी यू द्वारा किया गया। विश्व नवजात शिशु सप्ताह हर वर्ष 15 से 21 नवंबर के बीच मनाया जाता है। इसका उद्देश्य नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य, देखभाल पोषण और जीवित रहने की दर को सुधारने के लिए जागरूकता बढ़ाना है एवं नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करना, प्रसव के बाद शुरूआती 28 दिनों की सुरक्षित देखभाल के बारे में जानकारी देना, माताओं और परिवारों को नवजात की सही देखभाल जैसे स्तनपान स्वच्छता, तापमान प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में डॉ नवीन जैन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद, डॉक्टर अंकिता वर्मा सहायक आचार्य, बाल रोग विभाग डॉक्टर अनामिका सचान, सहायक आचार्य बाल रोग विभाग डॉ आयुषी गुप्ता सीनियर रेजिडेंट बाल रोग विभाग, डॉ शालू सिंह चिकित्साधिकारी इत्यादि द्वारा आमजन को जागरूक किया एवं शिशुओं को खिलौने वितरित किए गए।

मंदिर मार्ग पर शराब ठेका बंद करने की मांग तेज

मथुरा। प्रेम मंदिर के पीछे स्थित सुनरख तिराहे पर बने शराब के ठेके को बंद कराने की मांग को लेकर सोमवार को युवाओं ने जोरदार हंगामा किया। विरोध का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें युवक शराब और नशे के खिलाफ नारेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। युवकों का कहना है कि इसी मार्ग से संत प्रेमानंद महाराज पदयात्रा करते हैं, ऐसे पवित्र मार्ग पर शराब का ठेका होना कृष्णभूमि का अपमान है। सुनरख तिराहा वृंदावन का मुख्य एंट्री प्वाइंट माना जाता है, जहां अंग्रेजी शराब और बीयर का ठेका संचालित है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां सुबह से ही शराब लेने वालों की भीड़ जुट जाती है, जबकि यही मार्ग भक्तों के प्रवेश का प्रमुख रास्ता है। युवकों ने ठेके पर पहुंचे ग्राहकों को शराब खरीदने से रोका और नारेबाजी के बीच ठेके का शटर बंद करा दिया। उन्होंने घोषणा की कि किसी भी स्थिति में इस ठेके को चलने नहीं देंगे। हाल ही में सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के समापन पर आयोजित धर्मसभा में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भी वृंदावन के प्रवेश मार्गों पर स्थित शराब के नेकों को बंद करने की अपील की थी। उधर, मामले पर क्षेत्राधिकारी सदर संदीप सिंह ने कहा कि यदि किसी को शराब ठेके से आपत्ति है, तो वह आबकारी विभाग में अपनी आपत्ति दर्ज कराए, लेकिन ऐसा कोई कदम न उठाए जिससे कानून व्यवस्था और आम लोगों को असुविधा हो।

वृन्दावन शोध संस्थान का स्थापना दिवस समारोह 19 से 21 तक

मथुरा। वृन्दावन शोध संस्थान के 58वें स्थापना दिवस समारोह एवं विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर 19 से 25 नवम्बर पर्यन्त आयोजित सात दिवसीय ब्रजोत्सव-2025 में व्याख्यान, कार्यशाला, प्रदर्शनी, परिचर्चा, आउटरीच कार्यक्रम, समाज गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए मंगलवार को संस्थान के अध्यक्ष आर.डी. पालीवाल ने बताया कि ब्रजोत्सवके माध्यम से संस्थान का उद्देश्य युवा पीढी, शोध अध्येता, ब्रजवासी तथा तीर्थयात्रियों के मध्य ब्रज संस्कृति की विविधताओं पर आधारित संवाद साझा करना है। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविद, संस्कृति अध्येता, कलाकार एवं पारम्परिक कला प्रशिक्षकों के साथ ही छात्र-छात्राओं की सहभागिता रहेगी। निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने कहा कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 नवम्बर को उद्घाटन सत्र में वन देवी वृन्दा मूर्त अमूर्त संदर्भों में प्रदर्शनी, विवरणिका लोकार्पण एवं ब्रजभाषा भाषण प्रतियोगिता होगी। 21 नवम्बर को ब्रजस्थ वैष्णव परम्पराएं और वन देवी वृन्दा विषयक व्याख्यान, वनमाली ट्री वॉक व ब्रज की तुलसी कण्ठी माला के सम्बन्ध में कार्यशाला होगी। 22 नवम्बर को साँझी के खाके, मिनिएचर एवं स्कैच प्रस्तुतिकरण, मूर्ति खिलौने तथा ब्रज के पारम्परिक मुखौटे पर आधारित कार्यशाला का आयोजन होगा। 23 नवम्बर को श्रीराधाबल्लभ सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ऐंचा दाऊजी में रासलीलानुकरण की विस्तार यात्रा विषय पर आउटरीच

कार्यक्रम ब्रज के पारम्परिक स्थल ऐंचा दाऊजी पर होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.राजेश शर्मा ने कहा 24 नवम्बर को प्रातः समाज गायन, रासलीलानुकरण में प्रयुक्त वस्त्र-अलंकरण पर आधारित प्रदर्शनी का लोकार्पण, डॉ0 रामदास गुप्त स्मृति व्याख्यान, प्रथम स्व. पार्थ सारथी मिश्रा तन्मय साधक सम्मान तथा द्वितीय सत्र में सायं 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शृंखलान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा गायन प्रस्तुति, ओडिसी नृत्य, योग नृत्य, ब्रज की पारम्परिक ढांढी-ढांढिन नृत्य शैली पर आधारित बधाई नृत्य, मूक अभिनय, उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के सौजन्य से सत्रीय रास एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ तथा कवि सम्मेलन आदि होगा। 25 को विहार पंचमी के अवसर पर विवरणिका लोकार्पण तथा किशोरीरमण मंदिर, बौहरे जी कुंज के सहयोग से इमलीतला स्थित यमुना तट पर आयोजित आउटरीच कार्यक्रम में यमुना आरती तथा दीपदान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

ट्रेन में छूटी बच्ची को आरपीएफ ने किया उसके परिजनों के सुपर्द

टूंडला। एक वर्ष की बच्ची कोरारा स्टेशन पर उसके परिजन उसको ट्रेन में छोड़ गये। टूंडला स्टेशन पर उक्त बच्ची को आरपीएफ ने बरामद कर उसके परिजनों के सुपर्द कर दिया। हेल्पलाइन प्रयागराज व मिनीकंट्रोल रूम टूंडला से सूचना प्राप्त हुई की गाड़ी संख्या 04449 के आगे से तीसरे चैथे जनरल कोच में एक बच्ची राहत परवीन उम्र 1 वर्ष रह गई है तथा उनका सामान भी रह गया है। जिनके पिता मोहम्मद रईस आलम व पत्नी रुखसार परवीन अपनी दूसरी बच्ची के साथ कोरारा स्टेशन पर रह गए है। बच्ची राहत परवीन गाड़ी में अकेली रह गई है

अटेंड कर टूंडला में उतरा जाए। सूचना पर गाड़ी को टूंडला प्लेटफार्म नंबर 3 पर सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार उपाध्याय, महिला हेड कांस्टेबल दीप्ति, अंजलि, सुनील के साथ अटेंड किया गया। गाड़ी के तीसरे सामान्य कोच में पूछताछ करने पर बच्ची राहत परवीन ऊपर की सीट पर सोते हुए मिली। यात्रियों ने बताया कि इसी बच्ची के माता-पिता पीछे स्टेशन पर रह गए हैं। पूर्ण जानकारी करने के उपरांत बच्ची राहत परवीन को यात्रियों द्वारा बताएं व शिकायतकर्ता द्वारा बताए हुए अनुसार उनके सामान जिसमें एक सूटकेस दो बैग एक महिला का पर्स दो कंबल उतारे गए। जिन्हें रेल सुरक्षा बल पोस्ट टूंडला पर रखा गया व एक वर्ष की बच्ची राहत परवीन को महिला हेड कांस्टेबल दीप्ति की देखरेख व निगरानी में रखा गया बाद उनके माता-पिता को सुपर्द कर दिया गया।

अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

फिरोजाबाद। अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य रमेश चन्द्र कुडें ने निरीक्षण भवन में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की और सभी अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए आयोग सदस्य ने कहा कि सरकार द्वारा दलित समाज को मुख्य धारा से जोडने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है, साथ ही हम यह भी निंरतर प्रयास कर रहे है कि दलित समुदाय के लिए जो योजनाएं सरकार द्वारा संचालित है, उनका क्रियान्वयन सही तरीके से हो, उन्होने कहा हमारी सरकार की मजबूत कानून व्यवस्था से दलितों पर अत्याचार बंद हुए है, आयोग सदस्य को अवगत कराया गया कि अबकी बार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 136 अनुसूचित जाति के विवाहित जोडों को प्रणय सूत्र में बांधा गया, इसी तरह उन्हे अवगत कराया गया कि विभिन्न प्रकार के अत्याचारों से पीडित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के 81 व्यक्तियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गयी, जिससे उन्हे जीवन जीने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो। इसी तरह पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत कुल 2206 छात्रों की संख्या थी, जिसमें अधिकांश छात्रों को छात्रवृत्ति स्थानांतरित कर दी गयी है, उन्होने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से कहा कि थानों में जहां भी एससी, एसटी से सम्बन्धित प्रकरण लम्बित है, उनके साथ शीघ्र न्याय किया जाए, साथ ही साथ एससी या एसटी वर्ग के उपर कोई भी अत्याचार होता है, उस पर त्वरित कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होने सभी अत्याचार के मामलों में 60 दिन में चार्जशीट दाखिल करने की बात कहीं, उन्होने कहा अनुसूचित जाति समुदाय का उत्थान राष्ट्र निर्माण का आधार है, हम सभी मिलकर इनकी समस्याओं का समाधान करेंगे, ताकि संवैधानिक अधिकारों का पूर्ण लाभ इन्हे मिल सके, उपस्थित अधिकारियों ने आयोग के सदस्य को आश्वासन दिया कि निदर्शों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। आयोग के सदस्य इस बात पर बेहद खुश नजर आए जनपद में एससी एसटी के लिए क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं का लाभ उन्हे मिल रहा है, इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी राजमती, एसपी ग्रामीण, सभी अधिशासी अभियंता व अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था, मनरेगा और महिला अत्याचार पर सीपीआई ने किया प्रदर्शन

मथुरा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने भाजपा सरकार की नीतियों और प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। सीपीआई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ रोजाना हो रही घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग गया है। पार्टी पदाधिकारी राधा चौधरी ने बताया कि यह ज्ञापन देशभर में चल रहे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा है, जिसके तहत भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने मथुरा के नगला जंगली मामले का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ित लड़की को अब तक न्याय नहीं मिला है, जो कानून-व्यवस्था की बदहाली को दशार्ता है। चैधरी ने मनरेगा योजना में भुगतान में देरी, काम की कमी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के कारण गरीब लोग परेशान हो रहे हैं। सीपीआई ने ज्ञापन में स्मार्ट मीटर की अनियमितताओं और बिजली बिलों में बढ़ोतरी पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। पार्टी का कहना है कि इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, पार्टी ने बीएलओ द्वारा हर घर तक एसआईआर फॉर्म और वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट पहुंचाने की भी मांग की। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में भ्रम और गड़बड़ी को दूर करना है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि भाजपा सरकार ने किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों से किए गए वादे पूरे नहीं किए हैं। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), आवारा पशुओं की समस्या और महंगे खेती खर्च से कोई राहत नहीं मिल रही है। सीपीआई ने राष्ट्रपति से इन जनहित मुद्दों पर हस्तक्षेप करने और सरकार को जवाबदेह बनाने की मांग की।

अपर पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति 0.5 अभियान की मासिक समीक्षा की

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मिशन शक्ति? फेज-05 के अन्तर्गत मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं महिला बीट कर्मियों की मासिक समीक्षा बैठक रिजर्व पुलिस लाइन फिरोजाबाद में आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद द्वारा मुख्यालय से प्राप्त एसओपी के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रत्येक अधिकारी को स्पष्ट समयबद्ध तथा पारदर्शी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि महिला बीट कर्मचारी अपने क्षेत्र में घरेलू हिंसा, नारी उत्पीड़न, छेड़खानी, साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें तथा पीड़ितों को उचित कानूनी सहायता प्रदान करें। मिशन शक्ति केवल अभियान नहीं बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने का सामूहिक प्रयास है, जिसमें फिरोजाबाद पुलिस जनसहभागिता बढ़ाकर काम कर रही है।

महिला ने किया ज्वलनशील पदार्थ डालकर स्वयं को जलाने का प्रयास

मथुरा। जिलाधिकारी कार्यालय पर मंगलवार सुबह जमीन के मामले में न्याय न मिलने से आहत पीड़िता ने ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालने का प्रयास करने लगी तो सुरक्षा में तैनात पुलिस कार्मियों ने उसे पकड़ लिया। पीड़िता की फरियाद सुनकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करने का भरोसा दिया। उक्त घटनाक्रम के दौरान जिलाधिकारी ऑफिस में मौजूद नहीं थे वह आगरा बैठक में भाग लेने गए हुए बताया जाता है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि उसके कुछ परिजन और गाँव वालो ने खेत पर कब्जा कर लिया है। बताया जाता है कि वृन्दावन के धौरेरा अहिल्यागंज की रहने वाली राजकुमारी मंगलवार को अपने 2 बच्चों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां उसने हंगामा किया और अपने साथ लाए ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालने का प्रयास करने लगी। महिला वहां रोने बिलखने लगी और कहने लगी उसके साथ अन्याय हो रहा है। महिला का आरोप है कि उसके परिवार के और गांव के लोगों नें उसके खेत की जमीन पर कब्जा कर लिया है जिसको लेकर वह 8 महीने से अधिकारियों के चक्कर लगा रही है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही। पीड़िता के हंगामे को देख पुलिस वहां पहुंच गई और उसे समझा बुझाकर शांत किया। बच्चों के साथ पहुंची महिला के द्वारा हंगामा करते देख वहां मौजूद पुलिस कर्मियों के हड़कंप मच गया। पुलिस कर्मी राजकुमारी को समझाने बुझाने में जुट गए। पुलिस कर्मियों ने उसके पास मौजूद ज्वलनशील पदार्थ को उससे छीन लिया। जिलाधिकारी के ऑफिस पहुंची राजकुमारी ने कहा उसके खेत को परिजन और गांव के लोग उसे नहीं करने दे रहे। वह पिछले 8 महीने से पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से गुहार लगा रही है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

50वीं ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा संपन्न

राधा नाम संकीर्तन के साथ भक्तों ने की वृन्दावन की परिक्रमा

मथुरा। अखिल भारतीय श्रीपंच राधावल्लभीय निमोर्ही अखाड़ा बड़ा रासमण्डल के श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में चल रही अष्ट दिवसीय ब्रज चैरासी कोस दर्शन यात्रा सोमवार दुग्ध की धार के साथ वृन्दावन धाम की पंचकोसीय परिक्रमा लगाकर संपन्न हुई। ब्रज चैरासी कोस दर्शन यात्रा का गोविन्द घाट पर यमुना पूजन एवं चुनरी मनोरथ कर शुभारंभ हुआ, जो ब्रज की प्रमुख लीला स्थली व कुंजों के दर्शन करते हुए सोमवार के दिन राधा नाम संकीर्तन के साथ ठाकुरजी का डोला निकालकर भक्तों ने वृंदावन धाम की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई।

बड़ा रासमण्डल के श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज ने बताया अष्ट दिवसीय ब्रज चैरासी कोस दर्शन यात्रा करते हुए इस बार 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, जिसमें पच्चीस वर्ष पदयात्रा हुईं एवं पच्चीस वर्ष वाहनों के माध्यम से यात्राएं की गई हैं। भक्तों ने ब्रज चैरासी कोस में राधा-कृष्ण की लीला स्थलियों के दर्शन किए, साथ ही बताया कि ब्रज चैरासी कोस दर्शन यात्रा करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट होते हैं एवं जीवन-मरण के चक्कर से मनुष्य मुक्त हो जाता है।

दुग्ध की धार एवं ठाकुरजी के डोला के साथ भक्तों ने राधा नाम संकीर्तन करते हुए वृंदावन धाम की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई, जगह-जगह पर ब्रजवासियों ने यात्रियों पर पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। इस मौके पर हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम के महंत दम्पति शरण महाराज, इन्द्र शर्मा, राधावल्लभ वशिष्ठ, दिनेश सिंह तरकर सहित सैकडों की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

संक्षेप

आइकॉनिक टाटा सिएरा का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन पेश

मुंबई। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बहुप्रतीक्षित सिएरा ब्रांड डे पर आइकॉनिक टाटा सिएरा का प्रोडक्शन-रेडी वर्जन पेश किया, जिसने भारत की सबसे प्रिय एसयूवी की विरासत में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। नई पीढ़ी के लिए पुनः कल्पित यह टाटा सिएरा अपनी मूल विरासत और विशिष्ट डिजाइन डीएनए को संरक्षित रखते हुए स्वतंत्रता, व्यक्तित्व और खोज की भावना का आधुनिक रूप प्रस्तुत करती है।1991 की ओरिजनल टाटा सिएरा से लेकर इसके नवीनतम अवतार तक। कार्यक्रम ने एसयूवी की असाधारण डिजाइन-यात्रा, नवाचार और भारत के साथ इसके गहरे भावनात्मक जुड़ाव को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। नई टाटा सिएरा उन लोगों के लिए है जो हर नए सफर में नए क्षितिज तलाशते हैं। टाटा सिएरा सिर्फ एक नाम या वाहन नहीं है; यह भारतीय होशियारी और आकांक्षा का जीवंत प्रतीक है। बहुत से लोगों के लिए, सिएरा एक अनंत चाहत जगाती है—क्षितिज पर उभरती एक सिल्हूट, एक एहसास जो सफर समाप्त होने के बाद भी बना रहता है। आज, वही स्मृति भविष्य के लिए एक साहसिक दृष्टि में बदल रही है। अपनी सदाबहार सिल्हूट और अडिग भावना के साथ, नई सिएरा अपनी जड़ों का सम्मान करती है।

बंधन म्यूचुअल फंड ने 5 लाख तक के यूपीआई निवेश की सुविधा दी

बंगलुरु। एनपीसीआई द्वारा हाल ही में यूपीआई सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख प्रति लेनदेन करने के अनुरूप, बंधन म्यूचुअल फंड ने म्यूचुअल फंड निवेश के लिए उच्च-मूल्य वाले यूपीआई लेनदेन को सक्षम किया है। इस अपग्रेड के साथ, निवेशक अब यूपीआई की तरह ही आसानी और तेजी से बड़े निवेश कर सकते हैं। बंधन म्यूचुअल फंड में, उच्च सीमा अब इसके डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत से अधिक निवेशक लेनदेन को कवर करेगी। निवेशक बंधन म्यूचुअल फंड वेबसाइट और ऐप के माध्यम से सीधे यूपीआई के माध्यम से 5 लाख तक का निवेश कर सकते हैं, बशर्ते उनका बैंक बढ़ी हुई सीमा को सक्षम करे।

ग्लोबल चैरिटी विगन्युअरी का फ्री कोर्स हिंदी में लॉन्च

बंगलुरु। ग्लोबल चैरिटी विगन्युअरी ने अपना फ्री कोर्स हिंदी में लॉन्च किया है। सुपरस्टार अमिताभ बच्चन द्वारा केबीसी सीजन 17 में एक वीगन की तारीफ करना इस बात का संकेत है कि भारत में वीगनिज्म मुख्यधारा में आ गया है। क्या आप वीगन खाने में उत्सुक हैं, लेकिन नहीं जानते कि कहां से शुरू करें? नवंबर विश्व वीगन माह है, और यह वीगन खाना आजमाने का सबसे अच्छा मौका है। यह आंदोलन भारत में लोकप्रियता पा रहा है, लोग बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण और जानवरों की सुरक्षा के लिए अधिक पौधे-आधारित भोजन चुन रहे हैं। कई अध्ययनों में पाया गया है कि सब्जियों, फलों, साबुत अनाज, दालों और नट्स से भरपूर पौधे-आधारित आहार का पालन करने वालों में गैर-पौधे-आधारित आहार का पालन करने वालों की तुलना में हृदय रोग विकसित होने का जोखिम काफी कम था।

वनप्लस 15 लॉन्च

बेंगलुरु। वनप्लस ने आज बहुप्रतीक्षित वनप्लस 15 लॉन्च किया, जो अल्टिमेट परफॉर्मेंस फ्लैगशिप की नई परिभाषा तय करता है। वनप्लस 15 में शक्तिशाली परफॉर्मेंस, प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम, स्मार्ट और पर्सनलाइज्ड एआई फीचर्स, और प्रीमियम आइकॉनिक डिजाइन का बेहतरीन संयोजन मिलता है। क्रिएटिविटी और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहद स्मूद और भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करती हैं। वनप्लस में हमारा लक्ष्य हमेशा से मोबाइल टेक्नोलॉजी की सीमाओं को आगे बढ़ाना और ऐसे प्रोडक्ट बनाना रहा है जो हमारे उपयोगकर्ताओं के जीवन को बेहतर बनाए।

केबीसी के आने वाले एपिसोड के भावी पल के साक्षी बनेंगे दर्शक

मुंबई। कौन बनेगा करोड़पति के आने वाले एपिसोड में दर्शक एक भावुक पल के साक्षी बनेंगे, जब मनोज बाजपेयी अपने दिल के बेहद करीब एक यादगार किस्सा महानायक अमिताभ बच्चन के साथ साझा करेंगे। द फैमिली मैन सीजन 3 के स्टार कास्ट के साथ केबीसी के मंच पर पहुँचे मनोज लगभग तीन दशक पुरानी उस याद को ताजा करते हैं। वह बताते हैं कि 28 साल पहले फिल्म सत्या की एडिटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन से उनकी पहली मुलाकात हुई थी—इतना भारी-भरकम पल कि शुरूआत में उन्होंने उनसे आमने-सामने होने से बचने की कोशिश की। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

सेंसेक्स में 278 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले छह दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच आईटी, धातु और पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स करीब 278 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी गिरावट के साथ 26,000 अंक के नीचे बंद हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 277.93 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,673.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 392.59 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 103.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,910.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दर घटाये जाने की संभावना कम होने से धारणा पर असर पड़ा है। डॉलर में मजबूती के बीच आईटी, धातु और रियल्टी शेयरों में गिरावट आई है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.85 प्रतिशत टूटा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.70 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बीएसई में सूचीबद्ध 2,740 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,463 शेयर लाभ में रहे। वहीं 138 के भाव अपरिवर्तित रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में बंद हुए थे। प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बढ़े हुए मूल्यांकन को लेकर चिंताओं के कारण वैश्विक शेयर बाजारों में भारी बिकवाली से घरेलू बाजार में भी व्यापक मुनाफावसूली हुई। हालांकि, भारतीय बाजार अपने नुकसान को सीमित रखने में कामयाब रहे। जापान के निक्की सूचकांक और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अपेक्षाकृत मजबूत प्रदर्शन निचले स्तरों पर घरेलू संस्थागत निवेशकों के मजबूत लिवाली समर्थन को दर्शाता है। इससे गिरावट को कम करने में मदद मिली। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 442.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 1,465.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

सोना 3900 रुपये टूटकर 125800 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी भी कमजोर

नयी दिल्ली। अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने के बीच वैश्विक कीमतों में गिरावट के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,900 रुपये टूटकर 125,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली सोने की कीमत 3,900 रुपये गिरकर 1,25,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतों पर भी दबाव रहा और यह 7,800 रुपये गिरकर 156000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की घटती उम्मीदों के बीच, निवेशक इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा के संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे सोने और चांदी में भारी बिकवाली देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले छह हफ्तों से अमेरिकी आंकड़ों की अनुपस्थिति और कई फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के कारण दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम हो गई है। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोने ने लगातार चौथे सत्र में गिरावट जारी रखी और मामूली नुकसान के साथ 4,042.32 डॉलर प्रति औंस रह गया। पिछले चार सत्रों में, कीमती धातु 12 नवंबर के 4,195.14 डॉलर प्रति औंस से 152.82 डॉलर या 3.64 प्रतिशत गिर चुकी है। फेडरल रिजर्व (फेड) के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर संदेह बना रहने से हाजिर सोने में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही। दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना घटकर 41 प्रतिशत रह गई है, जो पांच नवंबर को लगभग 63 प्रतिशत थी। हाजिर चांदी में तीन दिन की गिरावट का थम गया और यह 0.57 प्रतिशत बढ़कर 50.49 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार प्रतिभागी बुधवार को जारी होने वाली फेडरल रिजर्व की हालिया बैठक के विवरण और बृहस्पतिवार को जारी होने वाली सितंबर की नौकरियों की रिपोर्ट पर बारीकी से नज़र रखेंगे।

सरकार ने कुछ प्लैटिनम आभूषणों के आयात पर लगाया प्रतिबंध

नयी दिल्ली। सरकार ने कुछ प्रकार के प्लैटिनम आभूषणों के आयात पर अगले साल अप्रैल तक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह कदम मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के दुरुपयोग को रोकने के मकसद से उठाया गया है।

सरकार ने सितंबर में कुछ चांदी के आभूषणों के आयात पर अगले साल 31 मार्च तक प्रतिबंध लगा दिया था। इस कदम का उद्देश्य थाईलैंड से बिना जड़ाऊ आभूषणों के नाम पर चांदी के आयात पर अंकुश लगाना था। भारत का आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता है। थाईलैंड इस 10 राष्ट्र समूह का सदस्य है। भारत-आसियान वस्तुओं पर मुक्त व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किये गये थे। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने नवीनतम अधिसूचना में कहा कि प्लैटिनम आभूषणों की आयात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 अप्रैल 2026 तक मुक्त से प्रतिबंधित में संशोधित किया गया है। आयातकों को अब इन वस्तुओं के आयात के लिए डीजीएफटी से लाइसेंस लेना होगा। कुछ व्यापारी शुल्कों में अंतर का फायदा उठाकर और शुल्क को दरकिनार करके जल्दी पैसा कमाने के लिए एफटीए का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे थे।

रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 88.61 प्रति डॉलर पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को सीमित दायरे में कारोबार के दौरान रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दो पैसे की गिरावट के साथ 88.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि, कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कम कीमतों ने रुपये की गिरावट को सीमित कर दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.67 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 88.69 और 88.58 के सीमित दायरे में रहा। अंत में रुपया अपने पिछले बंद स्तर से दो पैसे की गिरावट के साथ 88.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ। निवेशक बढ़ते आयात खर्च और देश के बढ़ते व्यापार घाटे को लेकर चिंतित थे। व्यापारी प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रगति के साथ-साथ इस सप्ताह के अंत में जारी होने वाले घरेलू पीएमआई आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रख रहे थे। सोमवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.59 पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल की कमजोर कीमतों और व्यापार शुल्क को लेकर उम्मीदों के कारण रुपये को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अपनी गिरावट को रोकने में मदद मिली। अमेरिकी सरकार के कामकाज फिर से शुरू करने से आर्थिक आंकड़ों में तेज़ी आएगी, इसलिए बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट बृहस्पतिवार को जारी होने की उम्मीद है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.42 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.96 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 57 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 57 प्रतिशत बढ़कर 18,055 इकाई हो गई। टाटा मोटर्स इस खंड में शीर्ष स्थान पर बरकरार रही। उद्योग निकाय फाडा ने यह जानकारी दी।

कुल इलेक्ट्रिक यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले वर्ष इसी माह में 11,464 इकाई रही थी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अनुसार, टाटा मोटर्स ने पिछले महीने 7,239 इकाइयां बेचीं जबकि एमजी मोटर इंडिया ने 4,549 इकाइयों की बिक्री की। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले महीने 3,911 इकाइयों के पंजीकरण के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दोपहिया वाहन खंड में पिछले महीने 1,43,887 इकाइयों की बिक्री हुई जो अक्टूबर, 2024 के 1,40,225 इकाइयों की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है। बजाज ऑटो पिछले महीने 31,426 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ इस खंड में सबसे आगे रही। इसके बाद टीवीएस मोटर कंपनी 29,515 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। ओला इलेक्ट्रिक ने 16,036 इकाइयों की बिक्री की। आंकड़ों के अनुसार, इसके बाद हीरो मोटोकॉर्प और ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने क्रमशः 15,952 और 7,629 इकाइयों की बिक्री की।

चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर तिमाही आधार पर घटकर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। इससे पिछली तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत रही थी। मुख्य रूप से कम सरकारी खर्च के कारण वृद्धि दर में कमी का अनुमान लगाया गया है। दूसरी तिमाही में सेवा और कृषि क्षेत्र कुछ गिरावट आ सकती है, लेकिन विनिर्माण, निर्माण और अनुकूल तुलनात्मक आधार के कारण औद्योगिक प्रदर्शन मजबूत रहेगा। इससे तिमाही की आर्थिक गतिविधियों को बल मिलने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में जीडीपी वृद्धि दर घटकर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत थी। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी। सरकारी खर्च में सालाना आधार पर कम वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में जीडीपी और जीवीए वृद्धि की गति पर असर डाल सकती है। हालांकि, त्योहारों की शुरुआत से संबंधित माल भंडार, जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने से मात्रा में वृद्धि और शुल्क से पहले अमेरिका को निर्यात की शुरुआत से विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन को बढ़ावा मिलने और चार तिमाहियों के अंतराल के बाद उद्योग की जीवीए वृद्धि को सेवा क्षेत्र से आगे निकलने में मदद मिलने की उम्मीद है।

रैपिड चार्जिंग सॉल्यूशन लॉन्च

पुणे। काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आज रैपिड चार्जिंग टेक्नोलॉजी की अग्रणी कंपनी एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ साझेदारी की है। भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, दोनों कंपनियां एल5 और एल3 ई3डब्ल्यू कैटेगरी के लिए देश का सबसे तेज चार्जिंग सॉल्यूशन पेश कर रही हैं। यह देश का सबसे बड़ा, सबसे तेजी से बढ़ता और सबसे व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला सेगमेंट है, जिसमें ई-रिक्शा और ई-कार्गो कार्ट शामिल हैं। इससे भारत के शहरों और गांवों में लास्ट माइल मोबिलिटी ऑपरेटर्स के लिए परिचालन दक्षता और उत्पादकता को फिर से परिभाषित किया जा रहा है।

भारत की आर्थिक वृद्धि दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत या उससे अधिक रहने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण सितंबर के अंत में जीएसटी दरों में कटौती के कारण त्योहारी बिक्री में तेज वृद्धि है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया।

रिपार्ट में कहा गया है कि निवेश गतिविधियों में तेजी, ग्रामीण खपत में सुधार और सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से वृद्धि को मजबूती मिल रही है। इसे जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने जैसे संरचनात्मक सुधारों से भी मदद मिल रही है। इससे त्योहारों के दौरान मांग को गति मिली और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ा है। एसबीआई की आर्थिक शोध विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है, त्योहारों के दौरान बिक्री के अच्छे आंकड़ों के साथ कृषि, उद्योग और सेवाओं में खपत और मांग में तेजी दिखाने वाले प्रमुख संकेतकों का प्रतिशत बढ़कर दूसरी तिमाही में 83 प्रतिशत हो गया जो पहली तिमाही में 70 प्रतिशत था। अनुमानित मॉडल के आधार पर, हमें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में लगभग 7.5 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। इसमें वृद्धि की संभावना मौजूद है। सरकार इस महीने के अंत में जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़े जारी करेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने दूसरी तिमाही के लिए सात प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषण से संकेत मिलता है कि नवंबर के लिए सकल घरेलू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह लगभग 1.49 लाख करोड़ रुपये रह सकता है, जो सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके साथ 51,000 करोड़ रुपये के आईजीएसटी और आयात पर उपकर के साथ, नवंबर का जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर सकता है।

आईएसी-लाइफ ने की बीमा ग्राम एपीआई की सराहना

मुंबई। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) बीमा ग्राम एपीआई पर भरोसा कर रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा प्रसार को बदलने वाली साबित हो सकती है। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया बीमा ग्राम एपीआई, ग्रामीण भारत में बीमा कवरेज डेटा को सरल और प्रमाणित करने के लिए एक अग्रणी डिजिटल पहल है। बीमा ग्राम एपीआई का लॉन्च ग्रामीण इलाकों में बीमा को सबके लिए आसान बनाने और वहां बीमा के फैलाव को बढ़ाने व मापने में एक बड़ा कदम है। बीमा कंपनियों को उनके ग्रामीण प्रयासों की जांच करने में मदद के अलावा, यह एपीआई आने वाली नीतियों और संसाधनों के बंटवारे के लिए मजबूत बुनियादी जानकारी तैयार करने में मदद करेगा। बीमा ग्राम एपीआई भारत के जीवन बीमा के इतिहास में एक नई क्रांति लाएगी, ताकि हर ग्रामीण परिवार को देश के वित्तीय सुरक्षा कवच में शामिल और हिसाब में लिया जा सके।

पेज एक का शेष

ईडी ने अल

राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं। ऐसी जानकारी है कि ईडी इस मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निरोधक कानून के तहत कार्रवाई कर रही है। एजेंसी इस मामले में वित्तीय और कथित आतंकी वित्तपोषण संबंधों की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि तलाशी सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई और विश्वविद्यालय के न्यासियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। अब तक एनआईए ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर नबी के करीबी सहयोगी हैं। अल फलाह विश्वविद्यालय दिल्ली के निकट हरियाणा में फरीदाबाद जिले के धौज क्षेत्र में स्थित है और यह एक मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल है।

वहीं दूसरी ओर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने मंगलवार को फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय का दौरा किया और शीर्ष अधिकारियों को उन सुरक्षा खामियों की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए, जिनके कारण कुछ डॉक्टर एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा बने और विश्वविद्यालय को अपना ठिकाना बनाया।

सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के भंडाफोड़ और 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद फरीदाबाद के धौज स्थित यह विश्वविद्यालय जांच के दायरे में आ गया है। दौरे के बाद डीजीपी ने फरीदाबाद के उपायुक्त और पुलिस आयुक्त के साथ संयुक्त बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घटना के बाद से लापता संकाय सदस्यों का जल्द पता लगाया जाए और इस संबंध में केंद्रीय एजेंसियों को भी सतर्क किया जाए। डीजीपी सिंह ने कहा विश्वविद्यालय में सुरक्षा खामियों की जांच करें कि कैसे इतने शातिर लोगों ने इसे अपना ठिकाना बनाया और इतनी भारी मात्रा में गोला-बारूद एवं हथियार लिए अपना काम करते रहे। जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शाहीन सईद का विश्वविद्यालय से संबंध था, जबकि डॉ. उमर नबी वहां सहायक प्रोफेसर था। नबी ही वह व्यक्ति बताया जा रहा है जो लाल किला क्षेत्र में विस्फोट करने वाली हुंडई आई20 कार चला रहा था। डीजीपी ने एक्स पर पोस्ट कर अपने दौरे और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की जानकारी साझा की। उन्होंने अधिकारियों से छात्रों से संवाद कर उन्हें आश्वस्त करने को कहा कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है और घबराने की आवश्यकता नहीं है। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, मैंने एडीआईजीसीआईडी के साथ अल फलाह विश्वविद्यालय में सुबह चार घंटे बिताए। सुरक्षाकर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, फैकल्टी, छात्रों, आसपास के गांवों के लोगों और मस्जिद के मौलवी के परिवार से बात की। आतंकियों के ठिकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा सभी धार्मिक संस्थाओं की जांच करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की कट्टरवादी गतिविधि से लोग प्रभावित न हों।

हमलावर उमर

किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि उमर के भाई जहूर इलाही को हिरासत में लेने और उससे पूछताछ के बाद महत्वपूर्ण साक्ष्य सामने आए। उमर 10 नवंबर को लाल किले के बाहर वह कार चला रहा था, जिसमें विस्फोट के बाद 15 लोग मारे गए थे। इलाही को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (श्रीनगर) जी.वी. संदीप चक्रवर्ती द्वारा गठित एक विशेष टीम ने गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी तब हुई, जब पूरे सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल की साजिश का पर्दाफाश होना शुरू हुआ। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में अनभिज्ञता जताने वाला इलाही अंततः लगातार पूछताछ में टूट गया और उसने पूछताछकर्ताओं को बताया कि उमर 26 से 29 अक्टूबर के बीच कश्मीर घाटी में था। इलाही के मुताबिक, उमर ने उसे मोबाइल फोन इस स्पष्ट निर्देश के साथ दिया था कि अगर उसके बारे में कोई खबर सामने आए, तो इसे पानी में फेंक देना।

यूपी में

कहा कि आठ वर्ष में उत्तर प्रदेश में जितने पुलिसकर्मियों की भर्ती हुई, उतना कई राज्यों का कुल पुलिसबल नहीं है। मुख्यमंत्री ने भर्ती के साथ प्रशिक्षण क्षमता विस्तार का भी उल्लेख किया और कहा कि 2017 में पुलिस प्रशिक्षण की कुल क्षमता 6000 थी और 30,000 कर्मियों की भर्ती के लिए किराए पर प्रशिक्षण केंद्र लेने पड़ते थे लेकिन आज प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता दस गुना से अधिक बढ़ चुकी है। पुलिस महकमे में सरकार कार्य के अनुरूप सुविधाओं का विस्तार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहले असुरक्षा के कारण महिला श्रम बल की भागीदारी कम थी और 2017 से पहले यह 13 फीसदी के नीचे थी लेकिन आज 35 फीसदी से अधिक महिलाएं प्रदेश में सुरक्षा का माहौल होने के कारण कामकाजी बन चुकी हैं। हेल्पलाइन 112 के माध्यम से पुलिस, एम्बुलेंस, अग्निशमन सेवा और साइबर हेल्प लाइन को एकीकृत करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया, जिससे एक सामान्य नागरिक न्याय प्राप्त कर सकेगा।

सीएम योगी ने

सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। श्रीरामलला के दर्शन के बाद जब मुख्यमंत्री बाहर निकले तो बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने भी हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान जय श्रीराम के नारे से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चैहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी का यह नवंबर माह का पहला अयोध्या दौरा है।

केन्द्र, सीबीआई

वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। पीठ ने अब जनहित याचिका पर आगे की सुनवाई तीन सप्ताह बाद करना निर्धारित किया है। भूषण ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां इस बड़े बैंकिंग घोटाले में बैंकों और उनके अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच नहीं कर रही हैं। उन्होंने सीबीआई और ईडी को इस मामले में बैंकों और उनके अधिकारियों के खिलाफ जांच की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। भूषण ने कहा कि यह मामला 'संभवतः भारत के इतिहास में सबसे बड़ा कॉर्पोरेट धोखाधड़ी' का है। वकील ने आरोप लगाया कि प्राथमिकी 2025 में दर्ज की गई, जबकि धोखाधड़ी 2007-08 से चल रही थी। उन्होंने कहा, 'हम ईडी और सीबीआई से स्थिति रिपोर्ट चाहते हैं कि वे क्या जांच कर रहे हैं। स्पष्ट रूप से, वे बैंकों की मिलीभगत की जांच नहीं कर रहे हैं'। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'नोटिस जारी करें... तीन हफ्तों में जवाब दें। उन्हें अपना जवाब दाखिल करने दें'। जनहित याचिका में अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीएजी की कई कंपनियों में सार्वजनिक धन के व्यवस्थित तरीके से दुरुपयोग, वित्तीय विवरणों में हेराफेरी और संस्थागत मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि 21 अगस्त को सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और इससे संबंधित ईडी की कार्यवाही, कथित धोखाधड़ी के केवल एक छोटे से हिस्से पर ध्यान देती है। याचिका में दावा किया गया है कि गंभीर अनियमितताओं को चिन्हित करने वाले विस्तृत फोरेंसिक ऑडिट के बावजूद, कोई भी एजेंसी बैंक अधिकारियों, लेखा परीक्षकों या नियामकों की भूमिका की जांच नहीं कर रही है। उन्होंने इसे 'गंभीर विफलता' करार दिया है।

आंध्र में शीर्ष

सूचनाओं से आंध्र प्रदेश-छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर माओवादी गतिविधियों में वृद्धि के संकेत मिले थे, जिसके कारण तलाशी अभियान तेज कर दिया गया था।

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो एके-47 राइफल, एक पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और एक सिंगल बोर हथियार, कई इलेक्ट्रिकल और नॉन-इलेक्ट्रिकल डेटोनेटर, फ्यूज वायर, सात किट बैग और अन्य सामान जब्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया, आसपास के इलाकों में पूरी तरह से सफाए के लिए तलाशी अभियान जारी है ताकि आगे माओवादी गति

बंगाल लगातार चौथी जीत के करीब

चार विकेट पर 267 रन से आगे खेलते हुए बंगाल ने 442 रन बनाये, शाहबाज का शतक, शमी ने लिए दो विकेट

एजेंसी

कल्याणी (पश्चिम बंगाल)। ऑलराउंडर शाहबाज अहमद के शतक और मोहम्मद शमी के दो विकेट से बंगाल ने मंगलवार को यहां असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन अपनी स्थिति मजबूत करके लगातार चौथी जीत की ओर कदम बढ़ाए। कल के चार विकेट पर 267 रन से आगे खेलते हुए बंगाल ने 442 रन बनाए। शाहबाज ने अपने दूसरे प्रथम श्रेणी शतक के दौरान 122 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से 101 रन की पारी खेलने के अलावा सुमंत गुप्ता (97) के साथ पांचवे विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। असम ने पहली पारी में 200 रन बनाए थे जिससे बंगाल ने 242 रन की बढ़त हासिल की। मेहमान टीम ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 98 रन बनाए हैं।

असम की टीम अब भी 144 रन से पीछे है जबकि उसके सात विकेट शेष हैं। बंगाल की नजरें लगातार दूसरे मैच में बोनस अंक के साथ जीत दर्ज करने पर टिकी हैं। असम की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और दोनों सलामी बल्लेबाज ज्षव दास तथा प्रद्युन सैकिया खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे स्वरूपम पुरकायस्थ सिर्फ चार रन बना पाए। शमी ने पारी की दूसरी गेंद पर दास को विकेट के पीछे कैच कराने के बाद अपने अगले ओवर में पुरकायस्थ को आउट किया। सूरज सिंधू जायसवाल ने सैकिया को पगबाधा किया। आठ रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद डेनिश दास (नाबाद 63) और कप्तान सुमित घाडीगांवकर (नाबाद 30) ने दिन का खेल खत्म होने तक टीम को और झटके नहीं लगने दिए। दोनों चौथे विकेट 90 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। वलसाड में बाएं हाथ के स्पिनर राज चौधरी ने दूसरी पारी में 35 रन पर पांच विकेट चटकाए जिससे रेलवे ने त्रिपुरा को पारी और 117 रन से हराया। त्रिपुरा की टीम पहली पारी में 136 रन की बना सकी थी जिसके जवाब में रेलवे ने मोहम्मद सैफ (158) और भार्गव मेराई (160) के शतक से नौ विकेट पर 446 रन बनाकर पारी घोषित की। त्रिपुरा की टीम दूसरी पारी में भी 193 रन ही बना सकी और पारी के अंतर से हार गई। चौधरी ने मैच में 65 रन देकर नौ विकेट चटकाए। देहरादून में गुजरात के 344 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तराखंड ने बिना विकेट खोए 43 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर आरव महाजन 27 जबकि भूपेन लालवानी 16 रन बनाकर खेल रहे थे। उत्तराखंड को अब भी जीत के लिए 301 रन की दरकार है। इससे पहले गुजरात ने अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 291 रन बनाकर घोषित की। आर्य देसाई (80), जयमती पटेल (60) और उर्विल पटेल (58) ने गुजरात के लिए अर्धशतक जड़े। रोहतक में सेना की टीम हरियाणा के खिलाफ जीत की दहलीज पर है। सेना के 378 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने 136 रन तक छह विकेट गंवा दिए हैं। सेना ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 283 रन बनाकर घोषित की। रजत पालीवाल ने 61 जबकि विनीत धनखड़ ने नाबाद 57 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे (सात पर चार विकेट) ने दूसरी पारी में बड़ौदा के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन मंगलवार को यहां विदर्भ का दबदबा कायम किया। जीत के लिए 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने तीसरे दिन के समापन तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 73 रन बनाये हैं। बड़ौदा के लिए विदर्भ क्रिकेट संघ स्टेडियम की चुनौतीपूर्ण चौथे दिन की पिच पर पांच विकेट रहते हुए बाकी बचे 203 रन बनाकर जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। विदर्भ के लिए पहली पारी में नाबाद 40 रन बनाने वाले मध्यक्रम के बल्लेबाज यश राठौड़ ने दूसरी पारी में एक छोर संभाले रखा।

इस 25 साल के खिलाड़ी ने 142 गेंद में 91 रन की अहम पारी खेली। उन्होंने इस दौरान रविकुमार समर्थ (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 128 रन की अहम साझेदारी की। इससे पहले दिल्ली के पूर्व बल्लेबाज ध्रुव शौरी ने 61 और अथर्व तायडे ने 40 रन बनाकर टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। बड़ौदा के लिए कप्तान अतीत शेठ ने 47 रन पर पांच विकेट लिए जिससे विदर्भ की दूसरी पारी में 272 रन पर सिमटी। इससे पहले विदर्भ के 169 रन के जवाब में बड़ौदा की पहली पारी 166 रन पर सिमटी थी। तमिलनाडु के 455 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने कोयंबटूर में अपनी पहली पारी में रिंकू सिंह की नाबाद 98 रन की पारी से छह विकेट पर 339 रन बना लिये। उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी ने 79 रन बनाये। झारखंड की टीम पर जमशेदपुर में आंध्र के खिलाफ पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। आंध्र ने अभिषेक रेड्डी की 247 रन की पारी के बूते छह विकेट पर 567 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की। पहली पारी में 239 रन की बढ़त लेने के बाद आंध्र ने 34 रन तक झारखंड के दो विकेट चटका दिये। झारखंड को पारी की हार से बचने के लिए और 205 रन बनाने होंगे। ओडिशा को भुवनेश्वर में जीत के लिए नौ विकेट जबकि नगालैंड के सामने 424 रन बनाने की मुश्किल चुनौती है। ओडिशा ने पहली पारी में 114 रन की बढ़त के बाद अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 350 रन पर घोषित की। टीम के लिए स्वस्तिक सामल (169) और सुभ्रांशु सेनापति (137) ने शतकीय पारी खेली। नगालैंड ने जीत के लिए 465 रन का पीछा करते हुए 41 रन पर एक विकेट गंवा दिया है।

कर्नाटक और महाराष्ट्र पारी की जीत से ग्रुप बी में शीर्ष दो पर

हुबली। स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन चंडीगढ़ को पारी और 185 रनों से हरा दिया। चंडीगढ़ की टीम ने मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 72 रन से आगे खेलना शुरू किया और कप्तान मनन वोहरा के नाबाद 106 रनों के बावजूद 222 रनों पर ढेर हो गई। लेग स्पिनर श्रेयस (73 रन पर सात विकेट) ने पहली पारी में चंडीगढ़ की बल्लेबाजी को तहस-नहस करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें शेट्टी (43 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। कर्नाटक ने अपनी पहली पारी को आठ विकेट पर 547 रन पर घोषित किया था और 325 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद उसने चंडीगढ़ को फॉलोऑन देने में संकोच नहीं किया। बीस साल के बायें हाथ के स्पिनर शेट्टी ने दूसरी पारी में 61 रन देकर पांच विकेट जिससे चंडीगढ़ की टीम महज 140 रन पर आउट हो गयी। इस पारी में श्रेयस ने 45 रन पर तीन विकेट लेकर सहायक की भूमिका निभाई। श्रेयस (10 विकेट) और शेट्टी (सात विकेट) ने इस तरह चंडीगढ़ के 20 में से 17 विकेट आपस में साझा किये। इस जीत से बोनस सहित सात अंक हासिल कर कर्नाटक ग्रुप बी में 21 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। महाराष्ट्र ने ग्रुप के एक अन्य मैच में पंजाब को पारी और 92 रन से हराया और पांच मैचों से 18 अंक के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। बाएं स्पिनर विक्की ओस्तवाल दूसरी पारी में 26 रन पर छह विकेट जबकि तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर ने पहली पारी में 44 रन पर पांच विकेट लेकर महाराष्ट्र को बड़ी जीत दिलाई। मुल्लांपुर में खेले गये इस मैच में महाराष्ट्र के 350 रन के जवाब में पंजाब की टीम पहली पारी में 151 और फॉलोऑन करते हुए दूसरी पारी में 107 रन पर आउट हो गयी। सौराष्ट्र ने राजकोट में गोवा की पहली पारी को 358 रन पर समेटने के बाद फॉलोऑन दिया और दूसरी पारी में 77 रन पर दो विकेट लेकर अपना शिकंजा कस दिया।

ओलंपिक की एयर राइफल मिश्रित टीम ने भारत को दिलया स्वर्ण व कांस्य पदक

तोक्यो। भारत के निशानेबाजों ने मंगलवार को यहां 25वें बधिर ओलंपिक में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। धनुष श्रीकांत और माहित संधू की जोड़ी ने जियोन डेन और किम वूरिम की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत वर्ग के पदक विजेताओं मोहम्मद मुर्तजा वानिया और कोमल मिलिंद वाघमारे ने कांस्य पदक के मुकाबले में वायलेटा लिकोवा और ओलेक्सांद्र कोस्तिक की यूक्रेन की जोड़ी को पछाड़ा। स्वर्ण पदक के मुकाबले में घनुष और माहित ने अच्छी शुरुआती करते हुए 4-0 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से मुकाबला 17-7 से जीत लिया। धनुष का बधिर ओलंपिक में यह दूसरा स्वर्ण पदक है जबकि माहित ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था। यूक्रेन की टीम में महिला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता वायलेटा लिकोवा की मौजूदगी में कांस्य पदक का मुकाबला कड़ा रहा। चौथी सीरीज के बाद दोनों जोड़ियां 4-4 से बराबर थीं और छठी सीरीज के बाद यूक्रेन की जोड़ी 7-5 से आगे हो गई। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद स्कोर 7-7, 8-8 और 10-10 से बराबर कर दिया और फिर अंतिम चार में से दो राउंड जीते जबकि बाकी दो राउंड बराबर रहे जिससे मुर्तजा वानिया और कोमल ने 16-12 से जीत हासिल करके कांस्य पदक अपने नाम किया। भारतीय निशानेबाजों ने प्रतियोगिता में तीन दिन में कुल नौ पदक जीते हैं।

सरदार पटेल की विरासत का जश्न मनाने वाला एकता मार्च राष्ट्र की धड़कन बन गया है : मांडविया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि भारत के पहले गृह मंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता मार्च एकजुट राष्ट्र की धड़कन और युवा शक्ति का राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय माई भारत के माध्यम से देश भर में राष्ट्रीय गौरव, नागरिक जुड़ाव और युवाओं की भागीदारी को गहरा करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी सरदार150 एकता मार्च पदयात्रा का आयोजन कर रहा है। यह पहल छह अक्टूबर को मांडविया द्वारा भारत सरकार के द्विवार्षिक समारोह (2024-2026) के एक भाग के रूप में शुरू की गई थी जो भारत के लौह पुरुष के योगदान और स्थायी विरासत का सम्मान करता है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जिला स्तरीय पदयात्राओं की प्रगति और राष्ट्रीय पदयात्रा की मुख्य विशेषताओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मांडविया ने कहा, कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से कोहिमा तक लाखों लोग राष्ट्रीय एकता के लिए एक साथ चले हैं।

संक्षेप

संधू ने डिगबोई में दो शॉट की बढ़त बनायी

असम। युवराज संधू ने सात अंडर 65 के शानदार स्कोर के साथ मंगलवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली। पीजीटीआई रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे युवराज ने आठ बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर सात अंडर रहा। युवराज ने वीर अहलावत अंशुल कबटियाल, शिवेंद्र सिंह सिसोदिया, युवराज सिंह और बांग्लादेश के मोहम्मद सोमरत सिकदर पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है।

इकबाल ने स्नूकर विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में

मस्कट। तीन बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी को मंगलवार को यहां स्नूकर विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के असजद इकबाल के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। अंतिम-32 मुकाबले में एक अन्य भारतीय हुसैन खान को 3-0 हराने वाले इकबाल ने बेस्ट-ऑफ-सेवन फ्रेम में आडवाणी को कोई मौका नहीं दिया। इकबाल ने 81, 45, 68 और 49 के फ्रेम के साथ एकतरफा जीत दर्ज की। इससे पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में आदित्य मेहता को हांगकांग चीन के चांग यू किउ के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। आडवाणी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन बृजेश दमानी को 4-1 से हराया था।

भारत जीत रहा था तब स्पिन पिच का नहीं उठा सवाल : भुवनेश्वर

नयी दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए ईडन गार्डन्स में स्पिन के अनुकूल पिच तैयार करने पर बहस बेमानी है क्योंकि देश लंबे समय से ऐसे विकेट तैयार करता आ रहा है। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन दिन के अंदर 30 रन से हार का सामना करना पड़ा जब टीम 124 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रही। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका से मिली हार पिछले साल न्यूजीलैंड के हाथों 0-3 से मिली हार की याद दिलाती है।

हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं : भाकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह हर दिन नहीं जीत सकतीं। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाज़ी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है।

> मैं हमेशा भारत का समर्थन करती हूं : मनु भाकर

भाकर ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो।

ढाका हवाई अड्डे पर 10 घंटे तक फंसे रहे भारतीय तीरंदाज

कोलकाता। भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा। भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे। वे शनिवार को दिल्ली के लिए रात 9.30 बजे की उड़ान के लिए ढाका हवाई अड्डे पर पहुंचे थे, लेकिन विमान में सवार होने के बाद उन्हें बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई है और वह उड़ान नहीं भर पाएगा। यह वह समय था जब ढाका में सड़कों पर हिंसा देखी गई थी।

सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी

सिडनी। भारत के स्टार शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को यहां चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की। महिला युगल में हालांकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अपने पहले मैच में इंडोनेशिया की एफ कुसुमा और एम पुष्पितसारी की जोड़ी से 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद दोनों टीमों को गेम प्वाइंट मिले लेकिन आखिर में भारतीय जोड़ी अपने तीसरे गेम प्वाइंट को भुनाने में सफल रही। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में 7-4 की बढ़त बना ली, लेकिन नेट पर दो गलतियों और ताइवानी जोड़ी के एक ज़ोरदार स्मैश ने उन्हें बराबरी पर ला दिया। भारतीय जोड़ी इंटरवल तक एक अंक से आगे थी। इसके बाद उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखकर मैच अपने नाम किया। लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी जैसे भारतीय एकल खिलाड़ी बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

> लीजेंड्स विजन लिगेसी टूर इंडिया में आकर्षण का केंद्र होंगे साइना नेहवाल और पीटर गाडे

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और डेनमार्क के दिग्गज पीटर गाडे द लीजेंड्स विजन लिगेसी टूर इंडिया में आकर्षण का केंद्र होंगे। यह एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य सामुदायिक कार्यक्रमों, जूनियर खिलाड़ियों के साथ जुड़ने और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से खेल को बढ़ावा देना है। आठ वर्षों के बाद भारत में वापसी करने वाला लीगेसी टूर 23 और 24 नवंबर को नयी दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कहा, मुझे द लीजेंड्स विजन को फिर से अपने देश में लाने की खुशी है। बैडमिंटन ने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने वाले तरीके से कोर्ट पर वापसी करना हमेशा विशेष होता है। साइना ओलंपिक चैंपियन कैरोलिना मारिन के साथ इस मंच से जुड़ने वाले नए खिलाड़ियों में से एक हैं।

टेनिस : पायस जैन ने राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब जीता

एजेंसी

पंचकुला। दिल्ली के पायस जैन और पीएसपीबी की स्वास्तिका घोष ने यहां यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करके पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। पुरुष एकल फाइनल में पायस ने रेलवे के आकाश की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए 12-10, 10-12, 7-11, 11-9, 11-7, 11-8 से जीत हासिल की। महिला एकल फ़ाइनल में स्वास्तिका ने पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास को छह गेम के रोमांचक मुक़ाबले में 12-10, 12-14, 12-10, 11-8, 9-11, 12-10 से हराया। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने एम. बालामुरुगन को 4-1 से हराकर लड़कों के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास ने तमिलनाडु की श्रेया आनंद को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं दूसरी ओर नाओमी ओसाका ने जनवरी में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टेनिस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है और इसके बजाय वह जापान के लिए यूनाइटेड कप में खेलेंगी। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ओसाका ने सितंबर में ऑकलैंड में 2026 का अपना सत्र शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी, जहां वह इस वर्ष की शुरुआत में फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने ऑकलैंड टूर्नामेंट के निदेशक निकोलस लैम्परिन को बताया कि उन्होंने अपना मन बदल लिया है और अब वह ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगी। ओसाका दो से 11 जनवरी तक पर्थ में होने वाले यूनाइटेड कप के लिए शिंतारो मोचिज़ुकी के साथ जापान की टीम में शामिल होंगी। जापान को ग्रुप चरण में ब्रिटेन और यूनान से खेलना है। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर शीर्ष रैंकिंग वाले स्पेन के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इटली में होने वाले डेविस कप फाइनल्स से अपना नाम वापस ले लिया।

भारत में होने वाले डब्ल्यूटीएल में भाग लेंगे मेदवेदेव, रयबाकिना और बोपन्ना

बेंगलुरु। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहां 17 दिसंबर से होने वाले विश्व टेनिस लीग में भारतीय प्रशंसकों के सामने अपना जलवा दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता की शुरुआत 2022 में की गई थी और पहली बार भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जाता रहा है। मेदवेदेव और रयबाकिना के अलावा आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस, फ्रांसीसी स्टार गेल मोनफिल्स और पाउला बडोसा भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

फायरबॉल्स मास्टर्स ने क्रिकेट बड्डीज को पांच विकेट से हराया

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच अजय कुमार लाल (3 विकेट) की अगुवाई में धारदार गेंदबाजी से फायरबॉल्स मास्टर्स ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के लीग मैच में क्रिकेट बड्डीज क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराया। एलडीए स्टेडियम अलीगंज पर क्रिकेट बड्डीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज जमाल काजिम ने 48 गेंदों पर 4 चौके व 3 छक्के से 69 रन बनाते हुए अर्धशतक पूरा किया। नूर ने 23 व ग्यासुद्दीन ने 15 रन का योगदान किया। फायरबॉल्स मास्टर्स से अजय कुमार लाल ने 3 व नय्यर जमाल ने 2 विकेट की सफलता पाई। जवाब में फायरबॉल्स मास्टर्स ने 19.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज डा.अरुण ने 32 गेंदों पर 5 चौके से 42 व जसविंदर सिंह ने 23 गेंदों पर 5 चौके से 34 रन बनाकर पारी की शुरूआत की।

जर्मनी और नीदरलैंड ने विश्व कप फुटबॉल में बनायी जगह

एजेंसी

बर्लिन। जर्मनी और नीदरलैंड ने बड़ी जीत दर्ज करके अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जगह बना ली है। जर्मनी ने सोमवार को खेले गए मैच में स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर विश्व कप के लिए हमेशा क्वालीफाई करने का अपना गौरवपूर्ण रिकॉर्ड कायम रखा। चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम 23वें विश्व कप में 21वीं बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपनी चुनौती पेश करेगी।

जर्मनी ने 1930 में खेले गए पहले विश्व कप में भाग नहीं दिया था जबकि 1950 में उसे विश्व कप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। जर्मनी का पुराना प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड भी अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बनाने में सफल रहा। नीदरलैंड की टीम ने लिथुआनिया पर 4-0 की जीत के साथ अपराजित रिकॉर्ड के साथ क्वालीफाई किया और वह अपने ग्रुप में पोलैंड से आगे रही। स्लोवाकिया और पोलैंड के पास अभी विश्व कप में जगह बनाने का मौका है। इसके लिए उन्हें प्लेऑफ में खेलना होगा जिसका ड्रॉ गुरुवार को होगा। जर्मनी और नीदरलैंड के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल, क्रोएशिया और नॉर्वे यूरोप से विश्व कप में जगह बनाने वाली अन्य टीम हैं। स्लोवाकिया ने ग्रुप ए के पहले दौर के मैच में जर्मनी को 2-0 से हरा दिया था। यह विश्व कप क्वालीफाइंग में जर्मनों की केवल तीसरी हार थी।

जल को पवित्र, सीमित राष्ट्रीय संसाधन समझें : मुर्मू

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करते हुए निजी व्यक्तियों और सार्वजनिक निकायों से जल को एक पवित्र और सीमित राष्ट्रीय संसाधन मानने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि भारत को अपने मीठे पानी के सीमित भंडार पर बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है। एक बयान के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि हजारों साल पहले हमारे पूर्वजों ने ऋग्वेद में कहा था, अप्सु अन्तः अमृतम (जल में अमरता है)। जल ही जीवन है। एक व्यक्ति भोजन के बिना कुछ दिन जीवित रह सकता है लेकिन पानी के बिना नहीं। हमें याद रखना चाहिए कि हम एक बहुत ही मूल्यवान संसाधन का उपयोग कर रहे हैं। मुर्मू ने नागरिकों, संस्थाओं और सरकारों से जल को पवित्र एवं सीमित राष्ट्रीय संसाधन मानने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने 10 श्रेणियों में 46 पुरस्कार विजेताओं को संरक्षण, नवाचार और कुशल जल उपयोग में उनके योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी व्यक्तियों और संगठनों को बधाई देती हूं जिन्हें आज यह पुरस्कार मिला है। आप जल के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और आपके प्रयास हमारे राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। मुर्मू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन जल चक्र को बाधित कर रहा है, जिससे पहले से ही सीमित जल संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में सरकार और लोगों को जल की उपलब्धता और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने भूजल को संरक्षित करने, चक्रीय जल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और उद्योगों में पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुर्मू ने जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल जल कनेक्शन के विस्तार को भारत के जल परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव बताया। मुर्मू ने आजीवन जल संरक्षण का आह्वान करते हुए याद दिलाया कि भारत की जल विरासत उसकी सांस्कृतिक पहचान से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों और समुदायों को जल का उपयोग बड़े सम्मान के साथ करना चाहिए। परिवारों, समाज और सरकार की सामूहिक भागीदारी से ही सतत जल प्रबंधन संभव है। जल संरक्षण में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार महाराष्ट्र को मिला। उसके बाद गुजरात और हरियाणा का स्थान रहा। सर्वश्रेष्ठ जिले का पुरस्कार राजनांदगांव (छत्तीसगढ़), खरगोन (मध्य प्रदेश), मिर्ज़ापुर (उत्तर प्रदेश), तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) और सिपाहीजाला (त्रिपुरा) को दिया गया, जिनमें से प्रत्येक ने अपने क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया। इन पुरस्कारों की स्थापना 2018 में की गयी है। इसका उद्देश्य सर्वोत्तम तौर-तरीकों का प्रदर्शन करना और समुदायों, संस्थानों तथा उद्योगों को जल समृद्ध भारत में योगदान देने वाले उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

सरकार चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य में वृद्धि की उद्योग की मांग पर विचार करेगी: जोशी

नयी दिल्ली। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने अक्टूबर से शुरू होने वाले विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है और वह चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य को बढ़ाने की उद्योग की मांग पर विचार करेगा। फरवरी, 2019 से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य 31 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बना हुआ है।

चीनी उद्योग का शीर्ष निकाय इस्मा उत्पादन लागत में वृद्धि को देखते हुए कीमत को बढ़ाकर 40 रुपये प्रति किलोग्राम करने की मांग कर रहा है। जोशी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि पिछले 2024-25 सत्र में, 10 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने के बाद कीमतें स्थिर थीं। हमने हाल ही में वर्ष 2025-26 सत्र के लिए 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय चीनी की कीमतों पर निर्यात के प्रभाव का आकलन करेगा और फिर न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाने की मांग पर विचार करेगा। भारत ने विपणन वर्ष 2024-25 (अक्टूबर-सितंबर) में लगभग आठ लाख टन चीनी का निर्यात किया, जबकि आवंटन 10 लाख टन का था। खाद्य उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह भी कहा कि सरकार चीनी के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर उद्योग की मांग का अध्ययन करेगी। चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य में वृद्धि की मांग करते हुए, भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने तर्क दिया है कि गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 275 रुपये प्रति क्विंटल से 29 प्रतिशत बढ़कर 355 रुपये प्रति क्विंटल (2025-26) हो गया है। इससे चीनी की उत्पादन लागत में वृद्धि हुई है, जो अब 40.24 रुपये प्रति किलोग्राम अनुमानित है। इस्मा ने सरकार को विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चीनी के एमएसपी को कम से कम 40.2 रुपये प्रति किलोग्राम तक संशोधित करने का सुझाव दिया था। सरकार भविष्य में होने वाली विकृतियों को रोकने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एफआरपी-एमएसपी जुड़ाव तंत्र को संस्थागत बनाए।

संक्षेप

विस्फोट के पीछे रूस का हाथ होने का संकेत मिले

वारसॉ। साक्ष्यों से पता चलता है कि रूसी खुफिया सेवाओं ने सप्ताहांत में पोलैंड में एक रेल पटरी को उड़ाने का संभवतः आदेश दिया था। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने मंगलवार को दी। पोलिश प्रेस एजेंसी (पीएपी) के अनुसार, पोलैंड के सुरक्षा सेवा मंत्री के प्रवक्ता जेसेक डोब्रज़्न्स्की ने मंगलवार सुबह कहा, सब कुछ इस ओर इशारा करता है कि रेल दुर्घटना में रूसी गुप्त सेवाओं का हाथ था। प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने इसे तोड़फोड़ की अभूतपूर्व कार्रवाई बताया है। पोलैंड की राजधानी वारसॉ को यूक्रेन की सीमा से जोड़ने वाली रेल लाइन के एक हिस्से को सप्ताहांत में उड़ा दिया गया। दक्षिण में एक और हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है और अधिकारियों का कहना है कि यह भी संभवतः तोड़फोड़ की कार्रवाई थी। पोलैंड के अधिकारियों ने बताया कि उस रेल लाइन का इस्तेमाल यूक्रेन तक सहायता पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। डोब्रज़्स्की मंगलवार सुबह सरकारी राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे, जिसमें सैन्य कमांडर, खुफिया सेवाओं के प्रमुखों और राष्ट्रपति के एक प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। रक्षा मंत्री ने बताया कि देश के पूर्वी हिस्से में रेलवे और अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे की सुरक्षा की जांच के लिए सेना के गश्ती दल भेजे गए हैं।

चीन और जापान ने तनाव कम करने के लिए की वार्ता

बीजिंग/तोक्यो। चीन और जापान के अधिकारियों ने मंगलवार को बीजिंग में जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची की ताइवान संबंधी हालिया टिप्पणियों से उपजे तनाव को कम करने के लिए बातचीत की। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में भारी गिरावट आई है।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मीडिया को बताया कि चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक लियू जिनसोंग ने जापानी विदेश मंत्रालय के एशियाई और महासागरीय मामलों के ब्यूरो के महानिदेशक कनाई मसाकी के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान, चीन ने जापान से गलत टिप्पणियों को वापस लेने और चीन से संबंधित मुद्दों पर परेशानी पैदा करना बंद करने का आग्रह किया। माओ ने कहा कि जापानी पक्ष को तुरंत अपनी गलत टिप्पणियों को वापस लेना चाहिए, खुद पर गहराई से विचार करना चाहिए, गलतियों को सुधारना चाहिए और चीनी लोगों को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

गोयल हितधारकों के साथ करेंगे मुलाकात

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि वह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा के लिए हितधारकों के साथ बैठक करेंगे।

बैठक आज यहां वाणिज्य भवन में होगी। फिक्की की वार्षिक आम बैठक के अवसर पर उन्होंने कहा कि आज मैं निवेश समुदाय के हितधारकों के साथ बैठक कर रहा हूं, ताकि इस बात पर चर्चा की जा सके कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) तथा विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) को और अधिक तीव्र, सुचारू एवं कुशल बनाने के लिए हम और क्या कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि निवेश से रोजगार सृजन होगा, नई प्रौद्योगिकी आएंगी, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इससे रक्षा विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा, घरेलू मुद्रा में अधिक स्थिरता आएगी जिससे मुद्रास्फीति को और कम करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि हमें नीतिगत निश्चितता, स्थिर मुद्रा और पूरे निवेश परिवेश को लेकर निवेशकों में विश्वास नजर आना चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और एक ही क्षेत्र पर निर्भरता कम करने का भी सुझाव दिया।

ईसी साबित करे कि वह भाजपा की छाया में काम नहीं कर रहा: खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विषय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की और कहा कि निर्वाचन आयोग को यह साबित करना होगा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की छाया में काम नहीं कर रहा है।

उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा एसआईआर का इस्तेमाल हथियार के रूप में करने की कोशिश कर रही है और यदि आयोग इसकी उपेक्षा करता है तो उसकी भी संलिप्तता मानी जाएगी। खरगे ने उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारियों, राज्य इकाई प्रमुखों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं और सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की, जहां मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद जारी है। पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में हुई इस बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। बैठक में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुखों के साथ साथ कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता तथा सचिव भी शामिल हुए। यह बैठक ऐसे समय पर हुई जब कांग्रेस को हालिया बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है और उसने कथित वोट चोरी के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है।

बैठक के बाद खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, हमने उन राज्यों केंद्रशासित प्रदेशों के एआईसीसी महासचिवों, एआईसीसी प्रभारियों, पीसीसी, सीएलपी और एआईसीसी सचिवों के साथ एक व्यापक रणनीतिक समीक्षा की, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया जारी है। उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची की शुचिता की रक्षा के लिए स्पष्ट रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास पहले से ही कम हो रहा है, एसआईआर प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग का आचरण बेहद निराशाजनक रहा है। आयोग को साबित करना होगा कि वह भाजपा की छाया में काम नहीं कर रहा है और उसे अपनी संवैधानिक शपथ और भारत के लोगों के प्रति निष्ठा याद है, किसी सत्तारूढ़ दल के प्रति नहीं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि भाजपा वोट चोरी के लिए एसआईआर प्रक्रिया को हथियार बनाने का प्रयास कर रही है।

बिहार में कैबिनेट गठन को लेकर लामबंदी जारी

पटना। बिहार में नई सरकार के 20 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों और विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर जोरदार खींचतान जारी है।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को भी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर सहमति बनाने की कोशिशें जारी है तथा दोनों ही दल पद पर अपना-अपना दावा ठोंक रहे हैं। पिछली विधानसभा में भाजपा के नंद किशोर यादव विधानसभा अध्यक्ष थे जबकि जदयू के नरेंद्र नारायण यादव उपाध्यक्ष थे। सूत्रों ने बताया कि जदयू के वरिष्ठ नेता और भाजपा के शीर्ष पदाधिकारी इसके लिए नयी दिल्ली में लगातार बैठकें कर रहे हैं, जहां विधानसभा अध्यक्ष पद के साथ-साथ महत्वपूर्ण विभागों के बंटवारे पर भी चर्चा हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों में जदयू के विजय चौधरी और भाजपा के प्रेम कुमार के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं। सूत्रों के अनुसार, नए मंत्रिमंडल में राजग के प्रमुख घटक दल भाजपा और जदयू के पांच से छह नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। महनार विधानसभा सीट से जीत हासिल करने वाले जदयू की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के मंत्री बनाए जाने की प्रबल संभावना है। नीतीश कुमार 20 नवंबर को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कुमार, 19 नवंबर को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंपेंगे और उसी दिन मौजूदा विधानसभा भंग हो जाएगी। भाजपा और जदयू 19 नवंबर को अपने-अपने विधायक दल के नेता का चुनाव भी करेंगे। बिहार में हाल ही हुए विधानसभा चुनाव में राजग ने 243 सीट में से 202 पर जीत हासिल की, जिनमें भाजपा के 89, जदयू के 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 19, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालेमा) के चार विधायक शामिल हैं।

कांग्रेस ने 43 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया

पटना। कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के लिए मंगलवार को पूर्व मंत्री सहित 43 नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

एक विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी की अनुशासन समिति ने आधिकारिक लाइन से हटकर बयान देने के आरोप में इन नेताओं को नोटिस भेजा है। जिन नेताओं को नोटिस दिया गया उनमें पूर्व मंत्री वीणा शाही, कांग्रेस सदस्य मधुरेन्द्र कुमार सिंह, प्रदेश के पूर्व महासचिव कैसर खान, पूर्व विधायक सुधीर कुमार और विधान परिषद के पूर्व सदस्य अजय कुमार सिंह शामिल हैं। कांग्रेस की प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद यादव ने कहा कि सभी नेताओं को 21 नवंबर दोपहर तक समिति के समक्ष अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के भीतर जवाब नहीं मिलने पर समिति सख्त कार्वाई करने के लिए बाध्य होगी, जिसमें छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासन भी शामिल है। अनुशासन व एकता पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं और इनसे संबंधित किसी भी प्रकार की क्षति को गंभीरता से लिया जाएगा।

इंटरटेनमेंट...

रणवीर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर हुआ रिलीज

मुंबई। रणवीर सिहं की फिल्म धुरंधर का ट्रेलर आज जारी हो चुका है। 4 मिनट 7 सेकेंड का ये ट्रेलर एक्शन सीन, बेहतरीन डायलॉग्स और खून-खराबे से भरपूर है। ट्रेलर में अर्जुन रामपाल का इंटेंस लुक नजर आया है। ट्रेलर की

- लॉन्च इवेंट में भावुक हुए रणवीर सिंह, 5 दिसंबर को रिलीज होगी ये मल्टीस्टारर फिल्म डायरेक्ट

शुरूआत करक के मेजर इकबाल बने अर्जुन रामपाल के डायलॉग, 'मेजर इकबाल जिन पर मेहरबान हो जाएं, उनका मुस्तकबिल बदल जाता है' से होती है। ट्रेलर में अगला परिचय रणवीर सिंह के किरदार का होता है, जो फिल्म में फअह के खुफिया एजेंट की भूमिका में हैं। आर.माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल की भूमिका निभाई है। उनके किरदार का परिचय डायलॉग- 'मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है' से होता है। इसी तरह ट्रेलर सभी किरदारों के बेहतरीन डायलॉग्स से भरपूर है। रहमत डकैत का किरदार निभा रहे अक्षय खन्ना का लुक बेहद इंटेंस है। वो फिल्म में नेगेटिव किरदार निभा रहे हैं।

ट्रेलर में उनका डायलॉग है- 'जो वादा किया गया, उसे भूलने की गुस्ताखी मत करना, रहमान डकैत की दी हुई मौत बड़ी कसाई-नुमा होती है'। संजय दत्त की ट्रेलर में बेहतरीन एंट्री दिखाई गई है, जिसका बैकग्राउंड म्यूजिक स्कोर भी काफी शानदार है। मंगलवार को फिल्म धुरंधर का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था, जिसमें फिल्म की स्टारकास्ट मौजूद रही। इस दौरान रणवीर सिंह मीडिया से बातचीत में काफी भावुक हो गए। नम आंखों के साथ एक्टर पसीना पोछते दिखे। फिल्म धुरंधर को निर्देशन आदित्य धर ने किया है, जो इससे पहले फिल्म ऊरीः द सर्जिकल स्ट्राइक बना चुके हैं। जियो स्टूडियो के बैनर तले बनी ये फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का कंपोजिशन शाश्वत ने किया है, जिसमें सिंगर जैस्मिन और हनुमानकाइंड ने आवाज दी है। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ सारा अर्जुन फीमेल लीड हैं।

धनुष के मैनेजर पर तमिल एक्ट्रेस ने लगाया गंभीर आरोप

मुंबई। तमिल टीवी एक्ट्रेस मान्या आनंद ने दावा किया है कि श्रेयस नाम के एक शख्स ने उनके साथ कास्टिंग काउच की कोशिश की, जो खुद को साउथ सुपरस्टार धनुष का मैनेजर बताता है। मान्या ने हालिया इंटरव्यू में कहा कि श्रेयस लंबे समय से उनके साथ एडजस्टमेंट को लेकर बात कर रहा था। साथ ही काम दिलाने के नाम पर गलत तरीके की डिमांड कर रहा था। तमिल को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने डिटेल में बताया कि कैसे श्रेयस ने उनसे और बाकी आर्टिस्ट से कांटेक्ट किया और उन्हें धनुष से जुड़ी एक नई फिल्म प्रोजेक्ट में शामिल होने का ऑफर दिया। इस दौरान उनसे श्रेयस ने ऐसी डिमांड की, जो उन्हें आपत्तिजनक लगे। मान्या याद करते हुए बताती हैं कि श्रेयस उनसे कहा कि ये एक एडजस्टमेंट और कमिटमेंट हैं।

उडिया सिंगर हुमाने सागर का निधन, ओड़िशा ने दी श्रद्धांजलि

मुंबई। पॉपुलर उड़िया सिंगर हुमाने सागर का 17 नवंबर को निधन हो गया है। सिंगर महज 34 साल के थे। उनकी मौत का कारण मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन बताया जा रहा है। हुमाने सागर को अचानक तबीयत बिगड़ने पर 14 नवंबर की दोपहर करीब 1 बजे

- मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन से 34 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

भुवनेश्वर के अककटर में भर्ती करवाया गया था। जांच में सामने आया कि उनके शरीर के कई ऑर्गन काम नहीं कर रहे हैं। वो एक्यूट ऑन क्रोनिक लीवर फेल्योर, डायलेटेड कार्डियोमियोपैथी, बाइलेटरल न्यूमोनिया से जूझ रहे थे। 2 दिन तक चले इलाज के बाद सिंगर का 17 नवंबर की रात 9 बजकर 8 मिनट पर निधन हो गया। हुमाने सागर के निधन की खबर सामने आने के बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सिंगर को भावुक श्रद्धांजलि दी है।

स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर में टाइगर श्रॉफ लीड रोल में

मुंबई। टाइगर श्रॉफ फिल्म नीरजा के निर्देशक राम माधवानी और निमार्ता महावीर जैन की स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर में लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को ग्लोबल ऑडियंस के हिसाब से बनाया जाएगा। मेगा एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ इसमें बिल्कुल नए, कभी न देखे गए अवतार में दिखाई देंगे। राम माधवानी द्वारा निर्देशित और महावीर जैन फिल्म्स व राम माधवानी फिल्म्स द्वारा

- ग्लोबल ऑडियंस के हिसाब से बनाई जाएगी फिल्म, नीरजा फेम डायरेक्टर राम माधवानी करेंगे डायरेक्ट

निर्मित यह एक स्पिरिचुअल एक्शन थ्रिलर है, जो भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं देखा गया। सूत्रों का कहना है कि इसमें फिल्म में सिर्फ भारतीय डायस्पोरा तक ही नहीं बल्कि ग्लोबल ऑडियंस तक पहुंचने का पोटेंशियल है। सूत्र ने आगे कहा 'टाइगर श्रॉफ इस महत्त्वाकांक्षी फिल्म के लिए व्यापक तैयारी करेंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 की दूसरी तिमाही में शुरू होगी। फिल्म का एक बड़ा हिस्सा जापान में शूट किया जाएगा। फिलहाल मेकर्स लीड एक्ट्रेस और एक दमदार विलेन की कास्टिंग को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं।

सूत्र ने यह भी बताया, 'टाइगर श्रॉफ इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह उन्हें एक नई रोशनी में पेश करेगी। राम माधवानी और महावीर जैन भी इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत रोमांचित हैं; वे और उनकी टीम इस समय फिल्म के फर्स्ट लुक पर काम कर रहे हैं। जल्द ही इसका अनावरण और आधिकारिक घोषणा की उम्मीद है। फिल्ममेकर राम माधवानी को साल 2016 में आई उनकी फिल्म नीरजा के लिए नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com